सुप्रभात
रांची, गुरुवार
06.04.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | चैत्र, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 261



12 रवीना टंडन, आनंद कुमार समेत 91 हस्तियों को पद्मश्री पुरस्कार

06 अप्रैल का इफ्तार शाम 6:07 बजे
07 अप्रैल का सेहरी भोर 4:13 बजे




## न्यूज डायरी

### पूजा सिंघल के आरोप गठन पर सुनवाई टली

रांची। मनी लाउंड्रिंग मामले की आरोपी निलंबित आईएएस पूजा सिंघल समेत अन्य दो आरोपियों के आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई अब 10 अप्रैल को होगी। बुधवार को आरोप गठन के बिंदु पर सुनवाई की तारीख निर्धारित थी।

### ममता देवी और राजीव को मिली जमानत

रांची। झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस नवनीत कुमार की कोर्ट ने बुधवार को गोला गोलीकांड के एक मामले में रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी और भाजपा नेता राजीव जायसवाल को सजा को चुनौती देने वाली क्रिमिनल अपील की सुनवाई की। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद इन्हें जमानत दे दी है।

### केंद्रीय बलों की तैनाती का बंगाल सरकार को निर्देश

नयी दिल्ली/कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को हनुमान जयंती समारोहों के दौरान शांति बनाये रखने में राज्य पुलिस की मदद के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती की अपील का बुधवार को निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि हाल के दिनों में हुई घटनाओं को देख जनता को यह आश्वासन देने के लिए आदेश दिया जा रहा है कि वे सुरक्षित हैं।

### भाजपा ने की लोकतंत्र की हत्या : कांग्रेस

लोहरदगा। जिले के समाहरणालय मैदान से बुधवार को कांग्रेस पार्टी ने जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम की शुरुआत की। इसमें प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय समेत पार्टी के दिग्गज नेताओं ने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में आपातकाल की स्थिति है।

### आदिवासी किसान को हथियार से काट डाला

खूंटी। जिले के रनिया में एक आदिवासी किसान की अज्ञात अपराधियों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी। किसान मंगलवार से लापता था। उसका शव गोपला गांव स्थित एक नदी पर बने पुल के ऊपर मिला। पुलिस ने कागजी कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही परिजनों के बयान पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गयी है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 57,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 78,000 रु./प्रति किलो |

## सीएम ने एमओ, सीएचओ को सौंपा नियुक्ति पत्र, कहा

# स्वास्थ्य सेवा सुदृढ़ करना सरकार की प्राथमिकता

- गरीबों के स्वास्थ्य रक्षा की जिम्मेदारी आपके कंधों पर
- रिम्स में कई अत्याधुनिक मशीन का भी किया शुभारंभ
- कल्याणकारी योजनाओं के साथ बढ़ रही राज्य सरकार
- सीएम ने किया एनीमिया किट का भी लोकार्पण

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने बुधवार को रिम्स में अत्याधुनिक बी 1 कैथ लैब, सिंगल प्लेन कैथ लैब, दो 4डी इको कार्डियोग्राफी मशीन, 128 स्लाइस सीटी स्कैन मशीन का लोकार्पण किया। साथ ही आयुष के 173 चिकित्सा पदाधिकारियों और 297 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को भी नियुक्ति पत्र सौंपा। सीएम रिम्स ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में एनीमियामुक्त भारत और झारखंड बनाने के लिए एनीमिया किट का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार इस दिशा में लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने सभी नव नियुक्त चिकित्सा पदाधिकारियों से कहा कि आज से सरकार आपकी जिम्मेदारी ले रही है और आज से ही इस राज्य के गरीबों के स्वास्थ्य की रक्षा की जिम्मेदारी आपको लेनी है। अपने कर्तव्यों का निर्वहन कैसे करना है, ये आप भली भांति समझते हैं। आपके सामने स्वास्थ्य के क्षेत्र में हर दिन हर पल कई चुनौती आयेंगी। इस चुनौती से आप कैसे सामना करते हैं, ये आपलोगों पर निर्भर करेगा। अब आप राज्य के गांव-गरीब जनता की जिम्मेदारी लीजिये। (शेष पेज 11 पर)



### गरीबों को स्वास्थ्य सुविधा देना सरकार का लक्ष्य : बन्ना गुप्ता

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सभी नवनियुक्त कर्मियों का स्वागत करता हूं। कोरोनाकाल में धैर्य के साथ राज्य सरकार ने काम किया। सीएम ने कप्तान की भूमिका में अपने राज्य के कर्मचारियों और मंत्रिमंडल के सदस्यों का हौसला बढ़ाया। राज्य को कोरोना से बचाया। हमारी सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। इसकी बानगी है कि रिम्स में कई अत्याधुनिक उपकरणों का शुभारंभ किया गया है। राज्य के अंतिम पायदान तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना है।

### निःस्वार्थ भाव से करें जनसेवा : एके सिंह

अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में राज्य को बेहतर बनाया जा रहा है। नियुक्त हुए लोगों से अपील है कि जनता की सेवा निःस्वार्थ भाव से करेंगे। 10-10 बेड का अस्पताल देवघर, दुमका, पलामू, गढ़वा में बनाया जायेगा। इस अवसर पर नगर विकास सचिव विनय कुमार चौबे, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, विधायक समरी लाल, रिम्स निदेशक डॉ कामेश्वर प्रसाद, चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुआ, चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी समेत अन्य मौजूद थे।

# नेताओं के लिए अलग नियम नहीं : सुप्रीम कोर्ट

- इडी–सीबीआइ के दुरुपयोग वाली याचिका सुनने से किया इनकार, विपक्ष ने याचिका वापस ली

एजेंसी

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट से विपक्षी दलों को जबरदस्त झटका लगा है। शीर्ष कोर्ट ने उनकी उस याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने इडी और सीबीआई के दुरुपयोग का आरोप लगाया था। कोर्ट ने कहा कि कानून सबके लिए बराबर होता है। शीर्ष अदालत के इनकार के बाद 14 विपक्षी दलों ने अपनी उस याचिका को वापस ले लिया। कोर्ट ने कहा कि नेताओं के लिए अलग से नियम नहीं हो सकते हैं।

विपक्षी दलों ने अपनी याचिका में इडी और सीबीआइ जैसी जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा था कि केंद्र सरकार विपक्षी दलों के नेताओं को परेशान कर रही है। याचिका में मांग की गई थी कि केंद्र सरकार को आदेश दिया जाये कि वे इसका दुरुपयोग रोकें। विपक्षी दलों की ओर से पेश होते हुए वरिष्ठ वकील और कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि



आंकड़ों के आधार पर वह बता सकते हैं कि केंद्र सरकार किस तरह से इन जांच एजेंसियों का विपक्षी दलों के नेताओं के खिलाफ इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि 885 शिकायतें प्रोसेक्यूशन द्वारा की गयी हैं, लेकिन सजा मात्र 23 मामलों में हुई। (शेष पेज 11 पर)

### झारखंड के डॉ जनम सिंह सोय को पद्मश्री सम्मान



नयी दिल्ली। झारखंड के डॉ जनम सिंह सोय को शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया। 72 वर्षीय प्रो सोय पिछले चार दशक से हो भाषा के संरक्षण और प्रचार-प्रसार में जुटे हैं। उन्होंने हो जनजाति की संस्कृति पर कई पुस्तकें लिखी हैं। प्रो सोय कोल्हान विवि से रिटायर करने के बाद हो भाषा को पीजी के औपचारिक पाठ्यक्रम में शामिल करने में लगे रहे। 72 वर्षीय प्रे सोय की पुस्तकों में आधुनिक हो शिष्ट काव्य समेत छह पुस्तकें हैं। डॉ जनम सिंह सोय को पद्मश्री सम्मान देने की घोषणा के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने उन्हें बधाई दी। श्री मुंडा ने ट्वीट करके लिखा, प्रो जनम सिंह सोय को हो भाषा के लिए मिला पद्मश्री पुरस्कार मिलने पर उन्हें बहुत बधाई और शुभकामनाएं।

**बिहार से तीन विभूतियों को सम्मान:** इसके साथ ही बिहार की तीन विभूतियां मशहूर कोचिंग संचालक व गणित के विशेषज्ञ आनंद कुमार कला के क्षेत्र में सुभद्रा और नालंदा के कपिल देव प्रसाद को भी पद्मश्री से सम्मानित किया जायेगा।

# पांच करोड़ कैश के साथ गुमला में एक गिरफ्तार

- राउरकेला का है मो फिराद, उसके दो साथी फरार, पांच बैग में रखे थे रुपये

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची/गुमला। गुमला पुलिस ने गुप्त सूचना पर मगंलवार की आधी रात में एक यात्री बस से एक युवक के पास से पांच करोड़ रुपये बरामद किया। इसके साथ ही उस व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। एसपी डॉ एहतेशाम ने बताया कि बरामद बैग को रात में ही मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में एक कमरे में रख सील कर दिया गया था। बुधवार की दोपहर इनकम टैक्स की इन्वेस्टिगेटिव टीम गुमला पहुंची और उनकी मौजूदगी में बैग खोला गया तो उसमें पांच करोड़ रुपये थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि गुप्ता बस से कुछ लोग पांच बैग में करोड़ों रुपये के साथ गुमला के रास्ते राउरकेला जा रहे हैं। गुमला पुलिस ने मजिस्ट्रेट के साथ मंगलवार की रात को चंदाली के समीप वाहनों को रोककर जांच अभियान शुरू किया। बैग के साथ राउरकेला निवासी मो फरीद को दबोच लिया। फरीद के दो दोस्त मो कैफ व मो कादिर की पुलिस तलाश कर रही है। ये दोनों युवक गुप्ता बस से बीच रास्ते में ही उतरकर भाग गये हैं। पुलिस के अनुसार मो फरीद अपने दो साथियों के साथ दिल्ली से बाय रोड बस से निकला था। अलग-अलग जिलों में बस बदलने के बाद तीनों युवक डाल्टेनगंज पहुंचे, जहां गुप्ता नाम यात्री बस में सवार होकर गुमला के रास्ते राउरकेला जा रहे थे।



#### हाइवे पर लगी थी चेकिंग

एसपी डॉ एहतेशाम के मुताबिक सूचना मिलने के बाद हाइवे पर नाका लगाकर चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान बस में एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसके पास से चार बड़े बैग और एक छोटे बैग मिले। बैग से पांच करोड़ कैश थे। कैश मिलने के बाद रांची में इनकम टैक्स विभाग को इसकी जानकारी दी गयी। रांची से पांच सदस्यीय जांच टीम गुमला पहुंची। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभी पकड़े गये व्यक्ति से और पूछताछ की जा रही है। बताया तो ये भी जा रहा है कि बरामद बैगों में रुपये के अलावा बहुमूल्य धातु भी हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार इसे चोरी करने के बाद दिल्ली से राउरकेला ले जाया जा रहा था।

### इडी ने साहिबगंज खनन कार्यालय में की छानबीन

साहिबगंज। अवैध खनन से जुड़े 100 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच करने इडी टीम बुधवार को जिला खनन कार्यालय पहुंची। वहां खनन पदाधिकारी विभूति कुमार के कार्यालय में कागजात की जांच-पड़ताल की। देवव्रत झा के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम आधा घंटा तक कार्यालय में कागजात खंगालने के बाद महादेवगंज की तरफ रवाना हो गयी। इडी के अधिकारियों के साथ सीआरपीएफ के जवान भी थे। जांच के बाद टीम को एनजीटी में इडी को रिपोर्ट सौंपेगी। खदान व क्रशर के कागजात की जांच की गयी। इडी ने कुछ क्रशरों व पत्थर खदानों की जांच कर रही है। टीम दो दिनों तक साहिबगंज में रुकेगी।

### इनामी ननकुरिया समेत चार नक्सली गिरफ्तार

पलामू। चतरा मुठभेड़ में बच कर भागे टॉप इनामी माओवादी नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया समेत चार टॉप नक्सलियों को पुलिस ने धर दबोचा। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से पुलिस ने इंसास समेत कई आधुनिक हथियार बरामद किये हैं। नंदकिशोर को मुठभेड़ में गोली लगी थी। वह पलामू के पिपराटांड़ और पांकी थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके में अपना इलाज करवा रहा था।

## अंत्योदय से राष्ट्रोदय की संकल्पना को साकार कर रही भाजपा

# अंधेरा छटा, सूरज निकला और कमल भी खिला...

रमेश सिंह

**भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर विशेष**



आज से 4 दशक से भी अधिक समय पूर्व भाजपा के प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन में युगपुरुष और हम सबके प्रेरणास्त्रोत श्रद्धेय अटल जी ने कहा था... अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा। आज खुशी होती है कि युगपुरुष की वह बात शाश्वत सत्य साबित हुई। इस देश का अंधेरा भी छटा, नया सूरज भी निकला और कमल भी खिला। एक गहरे अंधेरे के बाद जो सूरज निकला है, वह सूरज समान रूप से सबको रोशनी दे रहा है। सबकी जिंदगी को रोशन कर रहा है। सबके प्रयास से, सबको साथ लेकर, सबका विकास कर रहा है। यह संभव हुआ है भाजपा के हर कार्यकर्ता के त्याग से, समर्पण से और संघर्ष से।

आज हम जिस भाजपा को देख रहे हैं, वह भाजपा यूं ही नहीं बनी है। भाजपा ने वह दिन भी देखे हैं, जब हम विपक्ष में रहकर, जनता के बीच सेवा का काम करते थे। उनके मुद्दों पर संघर्ष करते थे। आज हम सरकार में रहकर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सुशासन की संकल्पना को साकार कर रहे हैं। श्रद्धेय दीनदयाल उपाध्याय, श्रद्धेय श्यामा प्रसाद मुखर्जी, श्रद्धेय अटल जी, आडवाणी जी ने भाजपा की जो नींव रखी थी, वह नींव इतनी मजबूत रही कि आज पूरे देश भर में भाजपा एक वटवृक्ष की तरह खड़ा होकर, हर देशवासी को छाया दे रही है। किसी भी भाजपा कार्यकर्ता के लिए इससे अधिक खुशी का पल और कुछ नहीं हो सकता है। भाजपा के कार्यकर्ताओं के संघर्ष ने हमारे दधीचियों के त्याग ने हमें जो शक्ति प्रदान की, जो सामर्थ्य प्रदान किया, वह शक्ति और सामर्थ्य राष्ट्र की सेवा में समर्पित है।

व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चरित्र के साथ राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति समर्पित होकर भाजपा ने राजनीति की। अंत्योदय से राष्ट्रोदय की संकल्पना को साकार करने की दिशा में हर कार्यकर्ता ने संघर्ष किया। यह उसी संघर्ष का परिणाम है कि आज हम अंत्योदय से राष्ट्रोदय की संकल्पना को साकार कर पा रहे हैं। लोकसभा की 2 सीटों से शुरू हुआ भाजपा का सफर आज 300 से अधिक सीटों तक पहुंचा है। यह संभव हुआ है हर एक कार्यकर्ताओं के समर्पण से, हमारे भाजपा के पुरखों के त्याग से, उनकी तपस्या से। (अटलजी ने जो बुनियाद रखी थी, मोदी जी आगे बढ़ा रहे हैं–पेज 2) (लेखक भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य हैं।)



## धन शोधन के आरोपी राजीव कुमार व अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज अर्जी पर फैसला आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मनी लाडंड्रिंग मामले के आरोपी वकील राजीव कुमार एवं कारोबारी अमित अग्रवाल की डिस्चार्ज अर्जी पर गुरुवार को फैसला आयेगा। ईडी कोर्ट ने 27 मार्च को दोनों की डिस्चार्ज अर्जी पर सुनवाई पश्चात आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत अपना फैसला छह अप्रैल को सुनायेगी। दोनों ने आरोप गठन से पूर्व मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए अदालत में आरोप मुक्त करने की अर्जी दाखिल की है। आरोपी अमित अग्रवाल ने 22 फरवरी को एवं राजीव कुमार ने 23 फरवरी को अर्जी दाखिल की थी। जानकारी हो कि अमित अग्रवाल की शिकायत पर कोलकाता पुलिस ने राजीव कुमार को 50 लाख नकदी के साथ 31 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया था। 10 अगस्त को इस केस में रांची में ईडी ने मनी लाउंड्रिंग का केस दर्ज किया था। ईडी ने मामले में दोनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, धनबाद**

**शुद्धि पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 13/2022-23/RWD/EE/Dhanbad दिनांक 29.03.2023 जिसका पी0आर0 294033 Rural Works Department (22-23) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना के कंडिका 10 को विलोपित समझा जाय।

शेष सभी शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, धनबाद।

PR.NO.294516 Science & Technology(23-24):D



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त लालपुर थाना काण्ड सं0–238/22, दिनांक–22.11.22, धारा–341/323/376/504/506 भा0द0वि0 के प्राथमिकी 1.मो0 जावेद खान उम्र–26 वर्ष पिता–हसन खान वर्तमान पता–दिपाटोली थाना–पुन्दाग ओ0पी0 जिला–रॉंची स्थायी पता–पहाड़कड़रिया थाना–नरकोपी जिला–रॉंची एवं सी0आर0पी0एफ0 कैंप धुर्वा रॉंची के विरूद्ध माननीय न्यायालय के द्वारा इश्तेहार निर्गत किया गया है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि उक्त काण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त 1. मो0 जावेद खान के बारे कोई जानकारी प्राप्त होने पर या पता चलने पर इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक,नगर, रॉंची। –9431706139
थाना प्रभारी, लालपुर, रॉंची। –9431706159

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 294591 Police(23-24)#D



**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement very Short Notice 2nd Call**
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/01/23-24
Dated 03.04.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for assessment of Annual Potential of the Toll Plaza at-14.850 km of Aditya-Kkandra Road under Division Saraikela-Kharsawan in the State of Jharkhand from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no - 3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2 | Work completion time | 15 Days |
| 3 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 05.04.2023, 05.00 PM |
| 4 | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 13.04.2023, 12.30 PM |
| 5 | Date and Timing of Bid opening | 17.04.2023, 12.30 PM |
| 6 | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-9431591027 |
| 7 | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 8 | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 9 | PR No. | 292875 (Road) 22-23 |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Field Survey Division,A.P**
**Road Construction Department,Ranchi .**

PR294539 (Road)23-24*D



**झारखण्ड–सरकार**
Skill India
**श्रम, नियोजन, एवं प्रशिक्षण विभाग**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा प्राचार्य का कार्यालय**

**CITS COURSES में नामांकन कराने के संबंध में सूचना**

निदेशालय पत्रांक 525 दिनांक 31.03.2023 के आलोक में ITI प्रशिक्षणरत एवं वर्ष 2019 से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को CITS COURSES में नामांकन कराने का सरकार का योजना है इस योजना के अंतर्गत 30% चुनिंदा/बेहतर प्रशिक्षणार्थियों का चयन कर उन्हें CITS COURSES में नामांकन कराने हेतु Coaching Class कराया जाना है। Coaching Class के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में संपर्क कर नि:शुल्क नामांकन लेना है। Coaching Class को समाप्त होने पर उक्त प्रशिक्षणार्थियों का चयन कर झारखण्ड के चार ITI में रांची (समान्य), चाईबासा, हजारीबाग एवं महुआडॉड़ (लातेहार) में व्यवसाय Fitter] EM, Mechanic Diesel एवं Welder में CITS COURSES में प्रशिक्षण के लिए उक्त संस्थानों में भेजा जाएगा। जहाँ सरकार अपने स्तर से CITS COURSES में प्रशिक्षण देकर ITI में प्रशिक्षण अधिकारी के रूप में सेवा देने का अवसर दे सकती है। इसलिए आप सभी प्रशिक्षणर्थी इस COURSES में Coaching के लिए नामांकन ले सकते हैं।
Coaching के लिए अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता, प्रशैक्षणिक योग्यता, आधार कार्ड, जाति, निवास एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ ITI गढ़वा में आकर अपना स्थान सुनिश्चित कर सकते है।

अतः गढ़वा जिला अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक के सभी अभ्यर्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें एवं अपने भविष्य को सँवारें एवं रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में अहम कदम बढ़ायें।

इस Coaching Courses हेतु कोई भी मार्ग व्ययी भत्ता देय नहीं है, न ही आवास की व्यवस्था है।

**नोटः**–इस प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा से प्राप्त की जा सकती है।

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा।

PR.NO.294507 Labour Employment and Traning(22-23):D



**MUNICIPAL CORPORATION, HAZARIBAGH**
(Urban Development & Housing Department, Govt. of Jharkhand)
Nagar Nigam, Hazaribagh – 825301, Email :- municipality_08@rediffmail.com

**Ref : UDD/HMC/HZB/SBD/01/2023-24 Letter No. 1148 Dated : 05-04-2023**

**e-Procurement Notice**

1. Name of Tender Inviting Officer : Executive Engineer, Municipal Corporation, Hazaribagh
2. Date of Publication of Tender on Website : 06-04-2023
3. Last Date/Time for receipt of online bids : 19-04-2023 up to 05:00 PM
4. Last Date/Time for receipt of EMD (Hard Copy) : 20-04-2023 up to 02:00 PM
5. Date/Time of Opening bids : 21-04-2023 02:00 PM
6. Contact No. of Procurement officer : 9431797115

| Sl. No. | Name of Work | Value of Work (Rs.) | Earnest Money (Rs.) | Cost of Tender Document (Rs.) | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Rejuvenation/Renovation of Dhobia Talab in Ward No. 12 under Hazaribagh Municipal Corporation, Hazaribag | 3,53,28,494/- | 3,60,000/- | 25,000/- | (370 Days) |

NOTE :
- Only e-Tenders will be accepted.
- No Hard Copy will be accepted after 20-04-2023 up to 2:00 PM.
- Further details can be seen on website http:/jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer
Municipal Corporation, Hazaribagh

PR 294561 (Urban Development and Housing) 22-23 (D)


## भाजपा मनायेगी 44वां स्थापना दिवस आज

**रांची।** भाजपा का 44 वां स्थापना दिवस आज है। इसमें जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष सहित हजारों कार्यकर्ता अपने घरों पर पार्टी का ध्वज लगायेंगे। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश आज 9.30 बजे प्रदेश कार्यालय में पीएम मन की बात सुनेंगे। इसके पहले साढ़े आठ बजे श्री प्रकाश पार्टी का ध्वज फहरायेंगे। इसकी तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस अवसर पर कई प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसमें सर्वप्रथम कार्यालय एवं घरों पर पार्टी का झंडा लगाना, प्रधानमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष का टीवी, रेडियो आदि के माध्यम से संबोधन सुनना और फिर दीवारों पर कमल निशान पोतना जैसे कार्यक्रम प्रमुख हैं। श्री प्रकाश महापुरुषों के चित्र-प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद पार्टी का ध्वज लगायेंगे।

### कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने सरकार में शामिल अपनी पार्टी के मंत्रियों का किया अपमान

# मुख्यमंत्री स्पष्ट करें कि उनके कैबिनेट के मंत्री कितने विफल : दीपक प्रकाश

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने बुधवार को झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय के बयानों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रभारी ने भाजपा के आरोपों की पुष्टि कर दी है लेकिन सार्वजनिक बयान देकर अपने पार्टी के मंत्रियों को अपमानित किया है। कांग्रेस प्रभारी ने अपने व्यक्तव्य से राज्य सरकार के क्रियाकलापों पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार राज्य सरकार की विफलताओं को सदन से सड़क तक उजागर कर रही है। यह भी सच है कि गठबंधन सरकार की लूट और झूठ में कांग्रेस पार्टी बराबर की भागीदार है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को कांग्रेस प्रभारी के द्वारा मंत्रियों के संबंध में दिये गये बयानों पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। सरकार के मुखिया के नाते उन्हें पूरी तरह पता होगा कि कांग्रेस के मंत्रियों में कौन कितना और किस तरह विफल साबित हुआ है। उन्होंने कहा एक तरफ मुख्यमंत्री अपने सरकार की सफलताओं पर बोलते नहीं थकते। प्रशंसा के लिए करोड़ों रुपये विज्ञापनों पर खर्च कर रहे हैं। वहीं, कांग्रेस प्रभारी सरकार को विफल बता रहे हैं। ऐसे में जनता को एक बार फिर से दिग्भ्रमित किया गया है। जनता आखिर किनकी बातों पर भरोसा करे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में तानाशाही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास पार्टी के व्यक्ति विशेष और परिवार विशेष की तानाशाही से भरा पड़ा है। उन्होंने कहा कि यही कांग्रेस पार्टी है, जिसने सुभाष चंद्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल, नरसिम्हा राव जैसे अपनी ही पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं को अपमानित किया। मनमोहन सिंह जी को केवल नाम का प्रधानमंत्री बनाकर सुपर पीएम के माध्यम से 10 वर्षों तक अपमानित किया। पार्टी के युवराज ने कैबिनेट के फैसले को चौराहे पर फाड़ते हुए परिवार की तानाशाही को उजागर किया। श्री प्रकाश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने आपातकाल लगाकर देश में तानाशाही वीभत्स रूप प्रकट किया। प्रेस पर भी प्रतिबंध लगाये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के तानाशाही रवैये से देश की जनता भली भांति परिचित है।

## मनरेगा घोटाला : मेंटीबिलिटी पर फैसला सुरक्षित

### खूंटी की तत्कालीन डीसी पूजा सिंघल की भूमिका की जांच को लेकर दायर है याचिका

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने मनरेगा घोटाले में खूंटी की तत्कालीन डीसी पूजा सिंघल की भूमिका की जांच को लेकर दायर अरुण कुमार दुबे की जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई में हाइब्रिड मोड में सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सरकार की ओर से पैरवी की। सिब्बल ने प्रार्थी अरुण दुबे के अधिवक्ता राजीव कुमार पर आरोप लगाया गया। जिस पर खंडपीठ ने कहा इस केस में प्रार्थी जिसे चाहे उसे अपना वकील बना सकता है। इसलिए प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार की बातों को सुना जाएगा। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में महाधिवक्ता राजीव रंजन, वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल का पक्ष सुनने के बाद मेंटीबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) के बिंदु पर फैसला सुरक्षित रखा है।

सुनवाई के दौरान मनरेगा के अलावा अवैध माइनिंग पर भी बहस हुई। बहस के दौरान प्रार्थी के अधिवक्ता राजीव कुमार ने महाधिवक्ता राजीव रंजन पर सवाल उठाते हुए कहा कि अवैध माइनिंग से संबंधित एफआईआर एवं दस्तावेज उनके कार्यालय में 4 माह से पड़ा है। महाधिवक्ता की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि अवैध माइनिंग मामले में महाधिवक्ता एक आरोपी पंकज मिश्रा को फेवर कर रहे हैं, उनके साथ कई वार्तालाप भी की है।

## पूर्व विधायक ममता देवी और राजीव जायसवाल को मिली जमानत

**रांची।** गोला गोलीकांड के एक मामले में रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी और भाजपा नेता राजीव जायसवाल को मिली सजा को चुनौती देनेवाली क्रिमिनल अपील की सुनवाई हाइकोर्ट में हुई। इसी क्रम में दोनों की ओर से अदालत से लगायी गयी जमानत की गुहार पर भी सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने ममता देवी, राजीव जायसवाल के अधिवक्ता एवं राज्य सरकार का पक्ष सुनने के बाद ममता देवी एवं राजीव जायसवाल को जमानत प्रदान कर दी। अब ममता देवी के जेल के बाहर जेल से बाहर निकलने का रास्ता साफ हो गया है।

**खबर एक नजर में**

## स्पीकर से मिला उत्तराखंड विस का शिष्टमंडल



**रांची।** स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो से बुधवार को उनके कार्यालय कक्ष में उत्तराखंड से आये अधिकारियों की टीम भेंट किया। इस शिष्टमंडल में उत्तराखंड वित्त विभाग एवं विधानसभा के अधिकारी शामिल थे। उपरोक्त टीम गुजरात, उत्तर प्रदेश एवं झारखंड के विधानसभाओं के दौरे पर हैं जो ऑनलाइन प्रश्न उत्तर प्रणाली के क्रियान्वयन एवं विधानसभा से जुड़ी अन्य कार्य प्रणाली के संबंध में जानकारी एकत्र कर रही हैं। अधिकारियों ने स्पीकर से भेंट करने के उपरांत झारखंड विधानसभा के अधिकारियों के साथ बैठक भी किये। इधर, स्पीकर के कार्यालय कक्ष में बुधवार को पंडा धर्म महासभा के महामंत्री कार्तिक नाथ ठाकुर एवं महाशिवरात्रि शिव बारात आयोजन समिति के अध्यक्ष अभिषेक आनंद झा ने भी शिष्टाचार मुलाकात की। साथ ही, पूरे पंडा समाज की ओर से मनोकामना ज्योतिर्लिंग बाबा बैजनाथ के दर्शन के लिए उन्हें आमंत्रित भी किया।

## घाघीडीह जेल के कैदी मनोज सिंह हत्याकांड के सभी दोषी बरी

**हाईकोर्ट ने पलटा जमशेदपुर कोर्ट का फैसला**

**रांची।** हाईकोर्ट ने जमशेदपुर के घाघीडीह जेल के कैदी मनोज सिंह हत्याकांड के सभी दोषियों को सजा मुक्त कर दिया है। प्रार्थियों की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सभी दोषियों को बरी कर दिया है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोंन मुखोपाध्याय और अम्बुज नाथ की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई। निचली अदालत से दोषी करार दिए गए लोगों की ओर से हाईकोर्ट के वरीय अधिवक्ता एके कश्यप, अधिवक्ता विकास कुमार और अनुराग कश्यप ने पक्ष रखा। वर्ष 2022 में जमशेदपुर कोर्ट ने वासुदेव महतो, अरूप कुमार बोस, अजय मल्लाह, गोपाल तिरिया, श्यामू जोजो, शिव शंकर पासवान, गंगा खंडैत, जानी अंसारी, पंचानंद पात्रो, पिंकू पूर्ति, संजय दिग्घी, शरद गोप, राम राय सुरीन को फांसी की सजा सुनाई थी। जेल में बंद सजायाफ्ता कैदी मृतक मनोज सिंह टेल्को का रहने वाला था और गैंगस्टर अखिलेश सिंह गिरोह से उसका संबंध था। घाघीडीह सेंट्रल जेल में 25 जून 2019 को मनोज सिंह की हत्या के बाद परसुडीह थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी।

## झारखंड में 5 माह बाद बढ़े कोरोना मरीज

**राज्य में संक्रमित मरीजों की संख्या 41 पिछले 24 घंटे में मिले 7 नए मरीज मिले**



**रांची।** झारखंड में कोरोना के मामले एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगे हैं। पिछले 24 घंटे में यहां कोरोना के 7 नये मरीज मिले हैं। पांच महीने बाद झारखंड में कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ी है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य में संक्रमित मरीजों की संख्या 41 है। बीते 24 घंटे में यहां 7 नए मरीज मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा संक्रमित मरीज राजधानी रांची में हैं। यहां मरीजों की संख्या 11 है। हालांकि राज्यभर में 3 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं।

रिम्स माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ मनोज कुमार ने कहा कि 10 से 12 आउटब्रेक के बाद पैंडेमिक खत्म होता है। यही वजह है कि कोरोना के मामले बढ़े हैं। संक्रमण का बढ़ना सीजनल वैरिएशन है। 2020 से लेकर अब तक मार्च से मई के महीने में कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ी है। वही ट्रेंड अभी देखने को मिल रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि भीड़भाड़ वाली जगहों में बेवजह जाने से बचें। यदि किसी व्यक्ति में सर्दी, खांसी और जुकाम के लक्षण हैं, तो अपना कोरोना जांच कराएं। रिम्स में जांच की सुविधा उपलब्ध है। हालांकि लोग जांच करवाने से बच रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए।

# जेवीएनएल ने बिजली बिल के बकायेदारों को राहत देने के लिए लांच किया ओटीएस स्कीम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिजली उपभोक्ताओं को बकाया बिल भुगातन करने के लिये जेबीवीएनएल ने वन टाइम सेटलमेंट स्कीम (ओटीएस) लांच किया है। इस स्कीम के तहत अधिक से अधिक बकायेदारों को इसका लाभ मिलेगा। उपभोक्ता जहां, ओटीएस के तहत पांच किस्तों में बिजली बिल भुगतान तो कर ही सकते हैं। वहीं, डिले पेमेंट सरचार्ज (डीपीएस) माफी का भी लाभ उठा सकते हैं। इसके तहत दिसंबर 2012 तक के बिजली बिल बकाया होने पर उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। इसका सरल अर्थ है कि जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल दिसंबर 2012 से बकाया है, वो इसका लाभ उठा सकते हैं। इसकी वैधता 31 दिसंबर 2022 तक है। ऐसे में जनवरी 2023 के बाद से बिजली उपभोक्ताओं का बिल बकाया होने पर इसका लाभ नहीं ले सकते हैं। डीपीएस माफ होने से बिजली बिल की रकम कम हो जायेगी। वहीं पांच किस्तों में भुगतान संभव होगा। ऐसे में बिजली काटने की संभावना भी नहीं रहेगी। स्कीम अधिक बकायेदारों के लिए है, जो एक अप्रैल से शुरू की गयी है और 30 जून तक स्कीम चलेगी।

**ग्रामीण और शहरी स्कीम :** जेबीवीएनएल के पास वर्तमान में लगभग 50 लाख उपभोक्ता हैं। इनमें से 42 लाख घरेलू ग्रामीण और शहरी उपभोक्ता शामिल हैं, जिनका लोड एक से पांच किलोवाट तक है। ऐसे उपभोक्ता इस स्कीम का लाभ उठा सकते हैं। जिन उपभोक्ताओं का बिल बकाया होने के कारण कनेक्शन काट दिया गया है, वह भी इस स्कीम का लाभ ले सकते हैं।

**क्या है डीपीएस :** डिले पेमेंट सरचार्ज या डीपीएस, बिजली बिल में लगाया गया विलंब भुगतान शुल्क है। चार महीने से अधिक बिजली बिल बकाया होने पर बिजली बोर्ड बिजली बिल में डीपीएस जोड़ती है। बकाया बढ़ने पर डीपीएस की राशि भी बढ़ती है। इससे उपभोक्ताओं को बिल का भार बढ़ता है। कोविड महामारी के बाद से राज्य सरकार ने वन टाइम सेटलमेंट स्कीम लांच किया है,ताकि ग्रामीण उपभोक्ताओं को लाभ मिल सके।

**कैसे मिलेगा लाभ :** निकटतम बिजली कार्यालय में सहायक विद्युत अभियंता से मिल कर योजना का लाभ ले सकते हैं। एक आवेदन प्रपत्र भरना होगा, जिसमें कंज्यूमर को अपने बिजली कनेक्शन का डिटेल, मोबाइल नंबर के साथ भर कर देना होगा।

## संगठित अपराध पर कसें नकेल: डीजीपी

**रांची।** डीजीपी अजय कुमार सिंह ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में संगठित अपराध की समीक्षा बैठक की। डीजीपी ने पुलिस पदाधिकारियों को अपराध नियंत्रण के लिए संगठित आपराधिक गिरोहों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, संगठित आपराधिक गिरोह के फरार अपराधियों को गिरफ्तार करने सहित साइबर अपराध पर पूर्णतः अंकुश लगाने के निर्देश दिए। डीजीपी ने आपराधिक गिरोहों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए फरार अभियुक्तों की सूची तैयार करने, जेल से अभियुक्तों की निगरानी, इनके आर्थिक तंत्र पर कार्रवाई, ट्रायल समेत कई निर्देश दिए। बैठक में बोकारो, रांची, हजारीबाग डीआइजी, रांची, धनबाद, जमशेदपुर, पलामू, लातेहार एवं रामगढ़ के आइपीएस के साथ वीसी भी की। बैठक में सीआइडी के आइजी असीम विक्रांत मिंज, डीआइजी एम तमिल वानन, एसपी एस कार्तिक, एटीएस एसपी सुरेंद्र झा मौजूद थे।

## हजारीबाग की एसिड पीड़िता का इलाज रिम्स में होगा, राज्य सरकार इलाज का खर्च करेगी वहन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग में दिसंबर 2019 में एक नाबालिग को उसके परिचित द्वारा एसिड पिलाए जाने के मामले पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह पीड़िता के आगे का ट्रीटमेंट रिम्स में कराएं। उसके इलाज का खर्च भी राज्य सरकार वहन करेगी। कोर्ट ने अगली सुनवाई में मामले के अनुसंधानकर्ता को कोर्ट में सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश दिया है और उन्हें मामले के अनुसंधान की वर्तमान स्थिति के बारे में बताने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 10 मई को होगी। सुनवाई के दौरान पीड़िता कोर्ट में वर्चुअल मोड में उपस्थित थी। उसने एसिड पिलाने की घटना की पुष्टि की। कोर्ट में एमिकस क्यूरी अपराजिता भारद्वाज ने पक्ष रखा। दरअसल, वर्ष 2019 में हजारीबाग में एक 13 साल की बच्ची जब वह स्कूल से लौट रही थी तो उसके परिचित ने जबरदस्ती उसे एसिड पिला दिया था। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई थी। बाद में उसका एम्स पटना और रिम्स रांची में बच्ची का इलाज हुआ था। एसिड पिलाए जाने से 2 महीने तक बच्ची कुछ बोलने में असमर्थ थी। मामले को लेकर हजारीबाग के इचाक थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले को लेकर तत्कालीन चीफ जस्टिस को एक पत्र लिखा गया था।

### 9 वर्षों में सरकार ने देश के लोगों को आत्मनिर्भर बनना सिखाया

# अटलजी ने जो बुनियाद रखी थी, मोदी जी बढ़ा रहे हैं आगे

**स्थापना दिवस पर विशेष**



**रमेश सिंह**
**( भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य )**

श्रद्धेय अटल जी ने जिस सूरज के निकलने की बात की थी, वह सूरज निकल कर कई माध्यमों से अपनी रोशनी भी बांट रहा है। अपने शासनकाल में अटल जी ने विकास की जो बुनियाद रखी थी, उस बुनियाद को लेकर भारत के आदरणीय यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी आगे बढ़ रहे हैं। जिस भय, भूख और भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाने के लिए अटल जी ने राष्ट्र से वादा किया था, आज वह वादा मूर्त रूप ले रहा है।

आदरणीय पीएम मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा ने विगत 9 वर्षों में विकास की जो नींव रखी है। आजादी के अमृत काल में जो लेकर खींची है, यह आने वाले 100 वर्षों के भारत की नींव है। 9 वर्ष के कम समय में सुदूरवर्ती गांव के लोगों तक आवास उपलब्ध कराना, पीने का शुद्ध पानी उपलब्ध कराना, बिजली उपलब्ध कराना, उनकी हर बुनियादी जरूरतों का ख्याल रखना, उनके स्वास्थ्य की चिंता करना, सस्ती दवाएं उपलब्ध कराना, अच्छी शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराना, यह सारा कार्य इन 9 वर्षों में हुआ है। इन 9 वर्षों में सरकार ने देश के नागरिकों को आत्मनिर्भर बनना सिखाया। स्वावलंबी बनना सिखाया है, यह कोई छोटी मोटी बात नहीं है। इस सरकार ने रेहड़ी, पटरी और खोमचे वालों की चिंता की। उनके लिए सस्ते लोन की व्यवस्था की ताकि उन्हें सस्ता लोन मिले। अपना व्यवसाय अच्छे से कर सकें। अंत्योदय का इससे बेहतर उदाहरण और कुछ नहीं हो सकता।

प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना ने इस देश के कितने ही गरीबों की जान बचाई। उज्जवला योजना ने महिलाओं के जीवन से धुएं को दूर किया। किसान सम्मान निधि योजना ने किसानों को कर्ज से मुक्ति दिलाई। ऐसे कई उदाहरण भरे पड़े हैं, जिससे यह साबित होता है कि भाजपा की सरकार ने देश के हर वर्ग की चिंता की। विशेष रूप से उस वर्ग की चिंता की, जो वर्षों से विकास की राह तक रहा था। जो भ्रष्टाचार के मकड़जाल में उलझा पड़ा था। जो सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाता था। यह भाजपा के सुशासन की ही देन है कि आज 300 से अधिक केंद्र प्रायोजित योजनाओं की राशि सीधे लाभुकों के खाते में जाती है। इतना बड़ा बदलाव लाना कोई सामान्य बात नहीं है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा ने देश को ऐसा सुशासन दिया कि विदेशों में भी हमारा डंका बज रहा है। इन सब के सार में जब हम देखेंगे तो एक ही बात नजर आती है कि यह सब कुछ भाजपा के 1-1 कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 16 से 18 घंटे काम कर रहे हैं। उनसे प्रेरणा लेकर भाजपा के सांसद विधायक हर कार्यकर्ता, यह कार्य कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ता समाज और राष्ट्र हित में काम कर रहे है। हम सिर्फ राजनीति करने नहीं आए हैं, हम समाज की सेवा करने आए हैं। यही वजह है कि भाजपा देश ही नहीं दुनिया में भी अपनी लोकप्रियता पा रही है। आज भाजपा के स्थापना दिवस पर करोड़ों देवतुल्य कार्यकर्ताओं को बधाई और शुभकामनाएं। भाजपा के दधीचियों को कोटि कोटि प्रणाम।

## पुलिस की बड़ी सफलता, चतरा मुठभेड़ में जख्मी हुआ था नंदकिशोर उर्फ ननकुरिया

# इनामी नक्सली नंदकिशोर समेत चार गिरफ्तार

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची/पलामू।** चतरा के लावालौंग में हुई मुठभेड़ में बच कर भागे टॉप इनामी माओवादी नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया समेत चार टॉप नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से पुलिस ने इंसास समेत कई आधुनिक हथियार बरामद किए गए हैं। नंदकिशोर यादव को सुरक्षाबलों के साथ हुए मुठभेड़ में गोली लगी थी वह पलामू के पिपराटांड़ और पांकी थाना क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके में एक प्राइवेट नर्सिंग होम में अपना इलाज करवा रहा था।

पलामू पुलिस को सूचना मिली थी कि जख्मी नक्सली इलाके में इलाज करवा रहे हैं। इसी सूचना के आलोक में पलामू पुलिस ने सर्च अभियान शुरू किया था। सर्च अभियान में पुलिस ने नंदकिशोर यादव उर्फ ननकूरिया को इंसास राइफल के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस की निगरानी में नंदकिशोर यादव का इलाज किया जा रहा है, जबकि अन्य गिरफ्तार नक्सलियों से पुलिस के टॉप अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया पलामू के पांकी थाना क्षेत्र के केकरगढ़ का रहने वाला है। नंदकिशोर यादव माओवादियों का सब-जोनल कमांडर है और झारखंड की सरकार ने उस पर पांच लाख का इनाम रखा हुआ है।

गौरतलब हो कि सोमवार को पलामू-चतरा सीमा पर लावालौंग थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस मुठभेड़ में माओवादियों के टॉप कमांडर गौतम पासवान, अजीत उर्फ चार्ली समेत पांच नक्सली मारे गए थे। इस मुठभेड़ में कई टॉप नक्सलियों को गोली भी लगी थी। नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया को भी गोली लगी थी और वह इलाज करवा रहा था।

### गिरफ्तार नक्सली नंदकिशोर यादव ने किये कई खुलासे

## जंगल में पैसे के बंटवारे के लिए जमा हुए टॉप नक्सली नेता, नंदकिशोर ने किया खुलासा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/पलामू।** चतरा और पलामू की सीमा पर 2 अप्रैल को हुई मुठभेड़ में जिन पांच नक्सली मुठभेड़ में मारे गए थे, उस मुठभेड़ का खुलासा पलामू में गिरफ्तार इनामी नक्सली नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया ने पलामू पुलिस के समक्ष किया है। ननकुरिया ने बताया कि पहले गोली नक्सलियों की तरफ से ही चलाई गई थी। नंदकिशोर ने बताया माओवादियों का दस्ता वहां पैसे के बंटवारे के लिए जमा हुआ था।

उसने पुलिस को बताया कि मौके पर गौतम पासवान, चार्लीस, रंजीत, अमर समेत सात नक्सली जमे हुए थे। अमर गंझू संतरी की ड्यूटी पर था। उसे ये जानकारी नहीं थी कि इलाके में सुरक्षाबलों का मूवमेंट है, सभी निश्चिंत थे, इसी क्रम में सुरक्षाबल पहुंच गए। सुरक्षाबलों को देखने के बाद अमर ने सबसे पहले गोली चलाई, इसके बाद जैसे ही वह फायर करने के लिए उठा उसे गोली लग गई। वह किसी तरह छिपकर मौके से भागा और झोलाछाप डॉक्टर के पास पहुंचकर इलाज करवा रहा था। एसपी चंदन सिन्हा ने बताया कि पिपराटांड़ के थाना प्रभारी हीरालाल शाह के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी की।



### मुखिया पति कर रहा था जख्मी नक्सली का इलाज

चतरा नक्सली मुठभेड़ में जख्मी नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया का इलाज जगदीश यादव नाम के झोलाछाप डॉक्टर ने किया था। जगदीश यादव चतरा के रिमी पंचायत के मुखिया का पति है, झोलाछाप डॉक्टर ने पलामू पुलिस को कई जानकारी दी है, उसने बताया है कि इलाके में कौन-कौन नक्सलियों के समर्थक हैं और इस मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों को मदद पहुंचाई है। नंदकिशोर यादव किशोर यादव पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के एक जंगल में पेड़ के नीचे इलाज करवा रहा था, इसी क्रम में पुलिस मौके पर पहुंची थी और उसे गिरफ्तार कर लिया। पलामू पुलिस ने इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

### 50 से अधिक नक्सल हमले का है आरोपी

गिरफ्तार नंद किशोर ने पलामू पुलिस को बताया है कि उसके गांव में पड़ोसी के साथ जमीन विवाद था। इसी विवाद हुआ 2005 में भाकपा माओवादी में शामिल हुआ। किशोर पर पलामू चतरा लातेहार बिहार के गया औरंगाबाद में 50 से भी अधिक नक्सल हमले में शामिल रहने का आरोप है। पुलिस ने नंदकिशोर के पास है इंसास राइफल बरामद किया है, यह राइफल पुलिस से लूटा गया था, पलामू पुलिस पता लगा रही है कि नक्सलियों ने इस राइफल को किस इलाके से लूटा था।

## हाथियों के उत्पात पर नियंत्रण के लिए कॉरिडोर का निर्माण हो: सेठ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** सांसद संजय सेठ ने झारखंड में जंगली हाथियों के उत्पात और उससे होने वाले जानमाल के नुकसान का मामला बुधवार को लोकसभा में उठाया। नियम 377 के तहत सांसद ने लोकसभा में मांग किया की हाथियों के प्रकोप और उत्पात से जान माल का नुकसान कम हो, इसके लिये प्रभावित राज्यों के साथ मिलकर हाथियों के लिए राष्ट्रीय कॉरिडोर का निर्माण किया जाये। उन्होंने कहा कि जंगली हाथियों के उत्पात ने रांची सहित पूरे राज्य में तबाही मचा रखी है। बीते 5 सालों में 462 मौत हाथियों के आतंक से हुई है। जहां इतनी बड़ी संख्या में मौतें हुई है। इसका कारण कहीं ना कहीं पर्यावरण का असंतुलन के साथ इंसान की गलतियां भी है। झारखंड में अवैध बालू खनन के कारण लोगों ने हाथियों का रास्ता रोक दिया है। उन्होंने कहा कि हाथियों का जो कॉरिडोर है। उसमें बंगाल पश्चिम बंगाल ने फेंसिंग कर दी है। परिणाम यह हुआ है कि रास्ता बंद होने से हाथी बेकाबू होते जा रहे हैं। वर्तमान में रांची और खूंटी जिले में करीब 5 दर्जन से अधिक हाथियों का झुंड फंसा हुआ है। इस साल महज 3 महीने में हाथियों से कुचलकर 20 लोगों की मौत हो चुकी है।

## पुण्य वृहस्पतिवार आज, चर्च में होंगे पाप स्वीकार कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मसीही समुदाय के बीच आज विभिन्न चर्चों में पुण्य वृहस्पतिवार मनाया जाएगा। इसमें पवित्र सक्रामेन्त अनुष्ठान के साथ प्रभु भोज स्थापना पर्व लोग अपने पापों की क्षमा के लिए मनाएंगे। इसी दिन सभी चर्चों के पुरोहित ईसा मसीह के अंतिम बयारी के दिन को स्मरण करते हुए 12 शिष्यों के पैर धोऐ जाएंगे। इसी के साथ प्रभु भोज स्थापना पर्व मनाते हुए पहले शुक्रवार के दिन क्रूस रास्ता में शामिल होंगे और सात क्रूस वाणी का चिंतन मनन किया जाएगा। इस पवित्र सप्ताह के तहत मसीही विश्वासियों के आध्यात्मिक तैयारी व अन्य कार्यों को ध्यान में रख सभी चर्च ने होली वीक के कार्यक्रमों की समय सारिणी जारी की है।



डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित संत मरिया महागिरजाघर में होने वाले कार्यक्रमों की समय सारिणी की जानकारी देते हुए रांची के पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड खलखो ने बताया 6 अप्रैल को पुण्य वृहस्पतिवार मनाया जाएगा। सुबह 6:00 बजे संत मरिया महागिरजाघर में प्रातः वंदना और पापस्वीकार होगा। शाम 6:00 बजे डॉ कामिल बुल्के पथ स्थित लोयोला ग्राउंड में पुण्य वृहस्पतिवार की धर्मविधि व पवित्र मिस्सा होगी। रात 8:30 बजे से 12 बजे तक महागिरजाघर में पवित्र सक्रामेन्त की आराधना होगी। यह आराधना अलग-अलग निर्धारित समय पर अलग अलग मुहल्ले व टोली के विश्वासियो के लिए संपन्न होगी। जिसमें रात 8:30 बजे से 9:00 बजे तक ढुमसा टोली यूनिट, कोनका सिरोम टोली, हिंदपीढ़ी, मधुकम, पुरानी रांची, बर्दमान कंपाउंड, टमटम टोली एवं दूरदराज के विश्वासियों के लिए। रात 9:00 बजे से 9:30 तक चुनवा टोली, गढ़ा टोली, कुम्हार टोली, फातिमा नगर और गुंगु टोली। 9:30 बजे से 10 बजे तक पत्थलकुदवा यूनिट, व अलबर्ट कम्पाउंड, रात 10-10:30 बजे तक बढ़ी टोली व पुराना बैंक डेरा, रात 10:30-11 बजे तक संत अन्ना कॉन्वेंट, रात 11:00-11:30 बजे तक उर्सुलाइन कॉन्वेंट तथा रात 1130-12 बजे तक मनरेसा हाउस, माइनर सेमिनरी और फ्रैंसिसकन ट्रेनिंग इंस्टीच्यूट के लिए होगा।

संत पॉल्स कैथेड्रल बहू बाजार में पवित्र सप्ताह के वृहस्पतिवार का पवित्र प्रभुभोज संध्या 5:30 बजे जिसके अनुष्ठक व उपदेशक बिशप बीबी बास्के होंगे।

ख्रीस्त गिरजाघर मेन रोड में (जीईएल चथा एनडब्ल्यू जीईएल चर्च विश्वासियों के लिए) 06 अप्रैल को प्रभुभोज स्थापन पर्व की पहली आराधना संध्या 4:00 बजे जिसका संचालन रेव्ह बी तोपनो होंगे, जबकि उपदेशक रेव्ह ए लकड़ा होंगे। प्रभुभोज अनुष्ठक रेव्ह ए टेटे होंगे। एनडब्ल्यूजीईएल चर्च विश्वासियों के लिए 06 अप्रैल को प्रभुभोज स्थापना पर्व दिन के 2:30 बजे। इसके संचालक रेव्ह यीशु नासरी मिंज होंगे जबकि उपदेशक रेव्ह पैकस खेस होंगे।

## बिरसा मुंडा कारागार में छापेमारी कैदियों के पास से मिला ब्लेड, चाकू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बुधवार की सुबह जिला प्रशासन और रांची पुलिस की टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के वक्त कैदी और बंदी अपने-अपने वार्ड में सो रहे थे। अचानक हुई इस छापेमारी में जेल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। एसडीएम के नेतृत्व में हुई छापेमारी के वक्त रांची पुलिस के लगभग तीन सौ पुलिसकर्मी थे। महिला डीएसपी, थानेदार और महिला पुलिसकर्मियों को भी लगाया गया था। साढ़े तीन घंटे तक चली इस छापेमारी में जेल में बंद हर कुख्यात अपराधियों के सेल को खंगाला गया। कैदियों के सेल से पुलिस ने खैनी, चाकू और ब्लेड बरामद किया। पुलिस को आशंका थी कि बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद अपराधी जेल से ही गुंडा राज का संचालन कर रहे हैं।

गौरतलब हो कि कुछ दिन पूर्व जेल जाने के क्रम में चंदन सोनार गिरोह और लवकुश शर्मा गिरोह के बीच वर्चस्व को लेकर मारपीट की घटना घटी थी। इसके बाद खबर मन्त्र ने चंदन सोनार गिरोह के द्वारा लवकुश शर्मा की हत्या की आशंका जाहिर करने की सूचना को प्रकाशित की थी। जिला प्रशासन ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया और बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान विशेष तौर पर चंदन सोनार और लवकुश शर्मा के सेल को खंगाला गया। अंडा सेल में बंद कैदियों की भी तलाशी ली गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ बंदी जेल को आराम गाह बनाए हुए हैं।

**अहले सुबह तीन बजे पहुंची थी पुलिस** : सिटी एसपी शुभ्रांशु जैन और एसडीएम के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की टीम सुबह तीन बजे रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार पहुंच गई थी और सुबह के ठीक 6:30 में बाहर निकल आई। छापेमारी में शहर के चार डीएसपी, दस थानेदार समेत तीन सौ से ज्यादा बल शामिल थे।

> रांची पुलिस ने एहतियात के तौर पर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी अभियान में जेल मैनुअल के तहत निषेधात्मक सामग्री बरामद हुई है।
>
> **शुभ्रांशु जैन, एसपी सिटी**

### पंचायत सचिव के पद पर नियुक्त के लिए आदेश जारी

**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने 11 जनवरी 2023 को दलपति से पंचायत सचिव के पद पर नियुक्त के लिए सम्पन्न चयन समिति की बैठक में लिये गए निर्णय के अलोक में 27 दलपतियों को पंचायत सचिव के पद पर अस्थायी रूप से नियुक्ति के लिए आदेश दिया है। पंचायती राज विभाग के जारी पत्रांक के आलोक में दलपतियों का उम्र क्षांति के साथ प्राप्त अनुमोदनोपरांत दलपतियों को पंचायत सचिव के पद पर वेतनमान 5200-20200 एवं ग्रेड पे 2000 में सरकार द्वारा समय-समय पर प्रदत्त मंहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ता पर अस्थायी रूप से नियुक्ति की जायेगी। झारखण्ड पंचायत सचिव (नियुक्ति सेवाशर्त एवं कर्तव्य) नियमावली (संशोधित) - 2014 की कंडिका - 10 (क) के आलोक में पंचायत सचिव पद पर नियुक्त व्यक्तियों को पदस्थापना के पूर्व छह माह का प्रशिक्षण अनिवार्य है। नवनियुक्त पंचायत सचिवों को दिनांक- 10 अप्रैल तक प्राचार्य, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, हेहल, रांची में योगदान देना होगा।

## रांची समेत राज्य के 8 जिलों में आज से जेईई मेन-2 की परीक्षा शुरू होगी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने जेईई मेन अप्रैल सत्र का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। वेबसाइट पर फिलहाल छह अप्रैल के परीक्षा स्लॉट का चयन करने वाले विद्यार्थियों का एडमिट कार्ड उपलब्ध कराया गया है। पहली बार एडमिट कार्ड में दिये गये बार कोड रीडर के माध्यम से सीट और लैब आवंटित किये जायेंगे। रांची में आइऑन डिजिटल जोन तुपुदाना को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। पहली पाली की परीक्षा सुबह नौ से 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर बाद तीन बजे से शाम छह बजे तक होगी। पहले दिन रांची सेंटर पर करीब 1150 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। वहीं, 08, 10, 11, 12, 13 और 15 अप्रैल को होने वाली परीक्षा का एडमिट कार्ड आने वाले दिनों में जारी किया जायेगा। जेइइ मेन अप्रैल सत्र की परीक्षा के लिए देशभर से 9.4 लाख विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले ही परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। परीक्षा शुरू होने के आधा घंटा पहले परीक्षा केंद्रों में एंट्री बंद कर दी जायेगी। परीक्षाओं में सोशल डिस्टैंसिंग का पालन किया जायेगा। स्टूडेंट्स को थ्री-लेयर मास्क भी दिया जायेगा, जिसे स्टूडेंट्स को परीक्षा देते समय उपयोग करना अनिवार्य होगा। स्टूडेंट्स को परीक्षा केंद्र पर रफ कार्य के लिए रफ शीट उपलब्ध करायी जायेगी। शारीरिक रूप से विकलांग स्टूडेंट्स को परीक्षा के लिए एक घंटा अतिरिक्त समय दिया जायेगा।

**डिजिटल उपकरण व जूता पहनने पर पाबंदी** : एडमिट कार्ड में विद्यार्थियों को सामान्य पहनावे के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचना होगा। केंद्र पर डिजिटल उपकरण की मनाही होगी। जूते की जगह चप्पल या सैंडल में आने, ज्वेलरी, पर्स, बेल्ट न पहन कर आने का निर्देश है। विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड का कलर प्रिंट आउट, फॉर्म में जमा किये गये फोटो की दो कॉपी और आधार कार्ड लेकर पहुंचना होगा।

## भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने लगाया कट्टरपंथियों को संरक्षण देने का आरोप

# बूथ-बूथ 'खेल' रही भाजपा, झामुमो उड़ा रहा राजनीति का गर्दे-गुबार

### मिशन 2024 को लेकर सत्ताधारी दलों खास कर सीएम की पुख्ता घेरेबंदी

**उदय चौहान**





**रांची।** चौबीस का चौसर अब रंग जमाने लगा है। सत्ताधारी झामुमो सहित अन्य दल राजनीति का गर्दे गुबार उड़ाने में व्यस्त हैं। वहीं, प्रमुख विपक्षी दल भाजपा अब बूथ-बूथ का खेल रही है। पिछले दिनों भाजपा कोर कमेटी की बैठक में पार्टी को जुझारू तेवर देने की रणनीति को अंतिम रूप दिया गया था। इसी के तहत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बूथ-बूथ घूमकर कार्यकर्ताओं में जोश भरने की कवायद कर रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास पिछले तीन दिनों से पलामू प्रमंडल के विभिन्न बूथों पर घूम-घूम कर सत्ताधारी दलों पर खास कर सीएम हेमंत सोरेन पर हमला कर रहे हैं। वैसे, सीएम हेमंत सोरेन के साथ उनके छत्तीस के रिश्ते जगजाहिर हैं। गौरतलब है कि रघुवर दास की खनन लीज की शिकायत पर सीएम के खिलाफ चुनाव आयोग की अनुशंसा राजभवन को भेजी गयी है। इसके बाद से ही दोनों नेताओं में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बार श्री दास सीएम पर पर्सनल अटैक करने के बजाय प्रलोभन देकर धर्मांतरण का मुद्दा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी मिशनरी अब प्रलोभन देकर चल रहा धर्मांतरण के खेल में व्यस्त है। इसके अलावा दंगा भड़काने वाले कप्तरपंथियों को भी राज्य सरकार संरक्षण दे रही है। उन्होंने महागठबंधन सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल को सिफर बताने से बाज नहीं आ रहे हैं। जबकि, झामुमो के विनोद पांडेय ने कहा कि मोमेंटम झारखंड के तहत करोड़ा का वारा-न्यारा किया गया। इस संबंध में एसीबी ने जांच कर ली है। इसके अलावा श्री दास के कैबिनेट के मंत्री रहे सरयू राय ने टॉफी, टी-शर्ट घोटाला पर सबूत एकत्र कर सौंपा है। हजारों बाहरी लोगों को नौकरी दी गयी। भाजपा के कारण ही हाइकोर्ट से 1932 आधारित स्थानीय व नियोजन नीति र्दद हुआ और यहां के युवाओं को निराशा हाथ लगी है। लेकिन, जल्द ही हेमंत सरकार नियोजन नीति पर ठोस कदम उठा कर नियुक्तियां करेगी।

**रघुवर बोले कि सरकार की उल्टी गिनती शुरू** : पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास हेमंत सोरेन सरकार पर जबरदस्त हमला बोलने से पीछे नहीं रहते हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने बीते तीन साल के अपने कार्यकाल में नौकरी देने की बजाय नौकरी छीनने का काम किया है। महागठबंधन सरकार वोट बैंक की राजनीति कर रही है। इस सरकार ने अपने घोषणा-पत्र में शामिल एक भी वादे को पूरा नहीं किया है। इससे युवाओं का धैर्य टूट चुका है और अब सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार बिल्कुल ही निष्क्रिय हो चुकी है। सभी सरकारी दफ्तरों में भ्रष्टाचार, घूसखोरी का बोलबाला है। इसके पलटवार सत्ताधारी दलों के नेताओं ने भाजपा को साम्प्रदायिक पार्टी करार दिया है। उन्होंने कहा है कि 2024 के चुनाव में भी भाजपा को धूल का गुबार ही देखने को मिलेगा। हेमंत सोरेन आने वाले 2024 में भी सीएम के पद पर सुशोभित होंगे।

बहरहाल! पक्ष-विपक्ष के आरोप-प्रत्यारोप के दौर में जनता उदासीन बनी हुई है। शायद आने वाले समय में जनता इन सबका जवाब बैलेट के माध्यम से जरूर देगी।

### आउटसोर्स कंपनी मेसर्स रायडर सिक्यूरिटी ब्लैक लिस्ट की सूची में शामिल

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग ने झारखंड में आउटसोर्स के रूप में मानव संसाधन बल की सेवा उपलब्ध कराने वाली मेसर्स रायडर सिक्यूरिटी सर्विस प्राइवेट लि. रांची को काली सूची में डाल दिया गया है। कंपनी के साथ मानव संसाधन बल उपलब्ध कराने के लिए 26 अक्टूबर 2021 को किए गये एमओयू को भी रद्द कर दिया गया है। इस संबंध में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रशांत कुमार के हस्ताक्षर से आदेश जारी कर दिया गया है। ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत सभी कार्यालयों जिसमें विभाग, मुख्यालय, मनरेगा सेल, जेएसएलपीएस, जेएसडब्लूएम, सर्ड, पीएमयू, विभागीय योजनाओं के अंतर्गत राज्य, जिला, प्रखंड स्तर के सभी कार्यालयों में बाह्य स्रोत से मानव संसाधन की सप्लाई के आदेश को भी संशोधित कर दिया गया है। रायडर कंपनी अपनी सेवाएं उपलब्ध नहीं करायेगा।

## खबर एक नजर में

### रिम्स में भर्ती मरीजों से मिले स्वास्थ्य मंत्री

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बुधवार को रिम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर आईसीयू में भर्ती मरीज पुष्पा देवी से मुलाकात की। उन्होंने मरीज का हालचाल जाना। इलाज कर रहे क्रिटिकल केयर विभाग के हेड डॉ प्रदीप भट्टाचार्य से बीमारी संबंधित जानकारी ली। मंत्री ने बेहतर इलाज का निर्देश दिया। परिजनों को इलाज में हरसंभव सहयोग का भरोसा भी दिया। बताते चलें कि पुष्पा देवी को फेफड़े में संक्रमण और सांस की परेशानी के कारण उन्हें बीते 18 मार्च को भर्ती किया गया है। मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ हिरेन बिरुआ, उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, डीन डॉ अनिल कुमार, क्रिटिकल केयर के हेड डॉ प्रदीप भट्टाचार्य समेत अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

### संजय तिवारी की हिरासत 24 अप्रैल तक बढ़ी

**रांची।** मिड डे मील के खाते से 100 करोड़ रुपये की सरकारी राशि का फर्जी हस्तांतरण से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी भानु कंस्ट्रक्शन के संचालक संजय कुमार तिवारी की न्यायिक हिरासत की अवधि 24 अप्रैल तक बढ़ा दी गई है। बुधवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में जेल से उसे वीसी के माध्यम से पेश किया गया। उसने ईडी की दबिश के बाद तीन अप्रैल को सरेंडर किया था। मामला आरोप गठन पर सुनवाई लंबित है।

### मानव तस्कर से जुड़े मामले में दर्ज हुई गवाही

**रांची।** एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में बुधवार को मानव तस्कर पन्ना लाल महतो से जुड़े मामले में गवाही दर्ज की गई। मामले में एनआईए की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किया जा रहा है। आज अरुण सिंह की गवाही दर्ज की जायेगी। गवाही पूरी होने के बाद अदालत अगली तारीख 18 अप्रैल निर्धारित की है। मामले में बीते चार फरवरी 2022 को पन्ना लाल महतो के साथ उसकी पत्नी सुनीता कुमारी, भाई शिव शंकर गंझू एवं सहयोगी गोपाल उरांव के खिलाफ आरोप गठन किया गया था। पन्ना लाल के मामले में एनआईए की ओर से गवाही कराई जा रही है।

### राज्य सरकार, सीबीआइ जवाब दाखिल करे

**चाईबासा में मनरेगा में गड़बड़ी मामला**

**रांची।** चाईबासा में मनरेगा घोटाला की सीबीआई जांच को लेकर मतलूब आलम की जनहित याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार समेत सभी प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 5 जुलाई को होगी। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि इससे संबंधित मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में जो प्राथमिकी दर्ज की गई थी उसकी वर्तमान में जांच की क्या स्थिति है।

### सोनाहातू के पूर्व सीओ की दो वेतनावृद्धि रोकी

**रांची।** सोनाहातू प्रखंड के तत्कालीन अंचल अधिकारी आलोक कुमार को असंचयात्मक प्रभाव से दो वेतन वृद्धि पर रोक लगाने का दंड दिया गया है। हालांकि, इसका प्रतिकूल प्रभाव उनकी पेंशन पर नहीं पड़ेगी। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। उनपर सोनाहातू अंचल में पदस्थापित रहने के दौरान जमीन की जमाबंदी होने के बावजूद तथ्य छिपा कर भूमिहीन रैयत बताने एवं आवेदिका के प्रति की आय के अन्य स्रोत को छिपा कर भूमि की बंदोबस्ती की अनुशंसा करने का आरोप है। आलोक कुमार वर्तमान में डीआरडीए गिरिडीह के निदेशक पद पर कार्यरत हैं।

### रमेश सिंह ने किया भंडारे का उद्घाटन



**रांची।** नव शक्ति क्लब, रामनवमी पूजा समिति, ग्वाला टोली, रातू रोड में रामनवमी के उपरांत अध्यक्ष सिट्टू यादव के अध्यक्षता में आज भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसका विधिवत उद्घाटन संस्था के मुख्य संरक्षक भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रमेश सिंह ने किया। इनके साथ भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ मिंटू चौबे, भाजपा नेता विनय सिंह, बंटी शर्मा, सोनू दुबे, विवेक सिंह, धर्मेन्द्र शर्मा, अमित वर्मा, अंकित दुबे आदि उपस्थित हुए।

### हिमानी पांडे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए विरमित

**रांची।** झारखंड से एक-एक कर अधिकारी केंद्रीय प्रतियुक्ति पर जा रहे हैं। केके सोन और आराधना पटनायक के बाद हिमानी पांडेय को भी झारखंड से विरमित कर दिया गया है। कार्मिक मंत्रालय भारत सरकार के पत्रांक के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी प्रधान सचिव खाद्य सार्वजनिक वितरण उपभोता मामले विभाग झारखंड रांची के पद पर पदस्थापित हिमानी पांडे को संयुक्त सचिव उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग भारत सरकार नयी दिल्ली के पद पर योगदान करने के लिए विरमित कर दिया गया है।

### हर माह 5000 लीटर तक पानी फ्री

**रांची।** शहरी जलापूर्ति योजना के तहत रांची नगर निगम क्षेत्र में जुडको द्वारा पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। सभी घरों में निःशुल्क जल कनेक्शन के साथ मीटर भी लगाया जा रहा है। बताया गया कि इस योजना के तहत जलापूर्ति शुरू होने पर उपभोक्ता को प्रत्येक माह 5000 लीटर तक पानी निःशुल्क मिलेगा। वहीं 5000 लीटर से लेकर 49 हजार लीटर तक पानी का उपयोग करने पर नौ रुपये प्रति हजार लीटर की दर से बिल का भुगतान करना होगा। 50 हजार से लेकर 4.99 लाख लीटर तक पानी का उपयोग करने पर 10.80 रुपये प्रति हजार लीटर की दर से बिल चुकाना होगा। इससे अधिक पानी का उपयोग करने पर 13.50 रुपये प्रति हजार लीटर की दर से बिल का भुगतान करना होगा।

### बदलेगी सरकारी स्कूलों की टाइमिंग

**रांची।** झारखंड के सरकारी स्कूलों की टाइमिंग जल्द बदलेगी। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। फाइल पर शिक्षा सचिव की मंजूरी मिलते ही आदेश जारी कर दिया जाएगा। टाइमिंग को लेकर विभिन्न शिक्षक संगठनों ने आपत्ति जताई है। इसमें संशोधन की मांग की है।

### डीसी ने ईवीएम वेयर हाउस का लिया जायजा

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयर हाउस के आंतरिक व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयर हाउस खोल आंतरिक व्यवस्था, ईवीएम के रख-रखाव समेत अन्य मानकों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीसी ने ईवीएम के रख-रखाव से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस की ड्यूटी पर लगे पदाधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### जिमखाना क्लब के पास न्यूक्लियस मॉल बनने का रास्ता साफ, सेना की याचिका खारिज

**रांची।** जिमखाना क्लब की जमीन पर बन रहे न्यूक्लियस मॉल को लेकर यूनियन ऑफ इंडिया मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस की याचिका झारखंड हाई कोर्ट ने बुधवार को फैसला सुनाया है। मामले में हाइकोर्ट ने प्रार्थी सेना के अधिकारियों की याचिका को खारिज कर दी है। पूर्व में कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। मामले में सेना के अधिकारियों की ओर से कहा गया था कि जिमखाना की जमीन पर जो मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बन रही है वह सेना की जमीन के बगल में है। वहीं खेलगांव में सेना की जमीन के निकट एनसीसी अर्बन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बहुमंजिली इमारत बनायी जा रही है। नियम के अनुसार सुरक्षा के दृष्टिकोण से सेना की जमीन से 50 मीटर की दूरी पर बिल्डिंग का निर्माण कार्य होना चाहिए था। वहीं प्रतिवादियों की ओर से कहा गया कि सेना की ओर से जिस गाइडलाइन का हवाला दिया जा रहा है वह वर्ष 2022 का है, जो इसमें अप्लाई नहीं होता है। वर्ष 2016 का गाइडलाइन इसमें अप्लाई होता है, जिसमें कहा गया है कि सेना की जमीन से 10 मीटर की दूरी पर किसी भी बिल्डिंग का निर्माण कार्य हो सकता है।

# सभी पुरोहित येसु की तरह पवित्र, कर्मठ और आदर्श बनकर जीएं : आर्चबिशप फेलिक्स

## आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने शांति की महारानी गिरजाघर में पवित्र क्रिस्मा मिस्सा अनुष्ठान संपन्न किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आर्चडायसिस रांची के आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो एसजे ने बुधवार को डालटेनगंज स्थित शांति की महारानी गिरजाघर में डालटेनगंज के बिशप थियोडोर मसकरेन्हस एसएफएक्स के साथ मिलकर पवित्र क्रिस्मा मिस्सा संपन्न किया। यह पवित्र मिस्सा वर्ष में मात्र एक दिन ही होती है। इसमें स्थानीय धर्मप्रांत के सभी 23 पेरिशों और ईसाई स्कूलों मे कार्यारत सभी पुरोहितों और धर्मबहनों ने धर्माध्यक्ष के साथ मिस्सा बलिदान में हिस्सा लिया। समारोह में सभी पुरोहितों ने अपने पुरोहिताई समर्पण का नवीनीकरण आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो व बिशप थियोडोर के समक्ष किया। आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने सभी पुरोहितों को पुरोहिताई गरिमा के बारे में बताया। साथ ही उन्हें एक पवित्र, कर्मठ और येसु जैसा सही धार्मिक नेता बन कर जीने की सलाह दी। तदुपरांत पवित्र मिस्सा बलिदान किया गया। जिसके मुख्य अनुष्ठाता महाधर्माध्यक्ष फेलिक्स टोप्पो एसजे व बिशप थियोडोर मसकरेन्हस रहे। मिस्सा के दौरान तीन पवित्र तेलों की भी आशीष की गई जिसका प्रयोग विभिन्न कैथोलिक पवित्र संस्कारों में किया जाएगा। जिसमें पहला दीक्षार्थियों का तेल, दूसरा बीमारों का तेल और तीसरा पवित्र विलेपन का तेल शामिल है।

इस समारोह में मुख्य अनुष्ठाता व बिशप मसकरेन्हस के अलावा डाल्टनगंज धर्मप्रांत के चांसलर फा. विजय टोप्पो, तीनो डीन फा. जार्ज तिग्गा, फा. अगस्टीन खेस्स, फा. एमानुवेल केरकेटा, बिशप सेक्रेटरी फा. प्रदीप बखला तथा डाल्टनगंज धर्मप्रांत के सभी पल्ली पुरोहित, पल्लियों और संस्थानों में कार्यरत पुरोहित, धर्म बहनें व विश्वासी शामिल थे।

## पुण्य बृहस्पतिवार में आनंद व दुख दोनों समाहित : फादर सुशील

खबर मन्त्र संवाददाता



**पुण्य बृहस्पतिवार पर विशेष**

पुण्य वृहस्पतिवार को येसु ने चेलों के पैर धोकर एक सच्चे गुरु, भ्रातृत्व प्रेम, नम्रता तथा मानव सेवा की शिक्षा दी

अपना शरीर व रक्त रोटी व दाखरस के रुप में देते हुए पवित्र यूखरिस्त की स्थापना की

**रांची।** चालीसा पुण्यकाल में पाम संडे से आरंभ होली वीक के पुण्य वृहस्पतिवार को ख्रीस्तीय विश्वासी प्रभु के अंतिम ब्यालू का स्मरण समारोह के रुप में मनाते हैं। पुण्य वृहस्पतिवार की इस धर्मविधि में मुख्य रुप से तीन महान घटनाओं को याद किया जाता है। रोम में स्थित संत थॉमस पोंतिफिकल यूनिवर्सिटी के फादर सुशील टोप्पो ने प्रतिष्ठित दैनिक खबर मन्त्र को रोम से यह जानकारी प्रेषित कर बताया कि वे तीनों घटनाएं समस्त मानवजाति के उद्धारकर्ता येसु ख्रीस्त के जीवन से संबंधित है। जिसका जिक्र प्रभु येसु ने अपनी मृत्यु के एक दिन पूर्व अपनी अंतिम ब्यारी में किया था। फादर ने बताया कि आज की प्रार्थनाएं और धर्मविधियां भी इन्हीं घटनाओं पर केंद्रित हैं जो हृदय को गहराई से छूती हैं। इसकी पहली घटना में येसु ने अपने शिष्यों के पैर धोकर एक सच्चे गुरु का उदहारण दिया। इस घटना के माध्यम से येसु ने भ्रातृप्रेम, नम्रता और सेवा-भाव अर्थात मानव की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है की शिक्षा दी।

# हजारीबाग केरेडारी के ग्रामीणों ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रांची का किया घेराव

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग स्थित केरेडारी प्रखंड के पचड़ा गांव के लोगों ने पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर जेएसपीसीबी दफ्तर पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। जेएसपीसीबी के सदस्य सचिव वाईके दास को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि 21 फरवरी को सीसीएल के चंद्रगुप्त कोल परियोजना के तहत हजारीबाग जिले के केरेडारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पगार चप्ती बारियातू में पर्यावरणीय लोक सुनवाई आयोजित की गई थी।

सीसीएल के चंद्रगुप्त परियोजना के तहत पचड़ा के अनेकों हिस्सों में जमीन अधिग्रहण किया जाना है, लेकिन पर्यावरणीय लोक सुनवाई का आयोजन संबंधित क्षेत्र में नहीं करके ग्राम पगार में आयोजित किया गया। आरोप है कि सीसीएल प्रबंधन की ओर से इस संदर्भ में प्रचार प्रसार भी नहीं किया गया। जानकारी के अभाव में लोग पर्यावरणीय लोक सुनवाई में शामिल नहीं हो पाए। उनकी मांगों को दरकिनार किया गया है। ग्रामीणों ने 15 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपते हुए एक सप्ताह में पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन आमरण अनसन पर बैठने पर बाध्य होंगे।



**अधिकारी ने क्या कहा**

पर्यावरणीय लोक सुनवाई जिला प्रशासन की ओर से आयोजित किया जाता है। ग्रामीणों की मांग पर यथोचित कार्रवाई की जाएगी।

**वाईके दास, सदस्य सचिव जेएसपीसीबी**

**क्या है प्रमुख मांगें**

- वनाधिकार अधिनियम 2006 का पालन हो।
- भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के बाजार भाव के तहत मुआवजा भुगतान।
- पहले सीसीएल मुआवजा भुगतान करे उसके बाद काम करे।
- मुआवजा के लिए शिकायत कक्ष निर्धारित करें।
- सभी विभागीय सूचना को सर्वजन विधित करने के लिए सूचना अधिकार अधिनियम के तहत स्थानीय जन सुचना पदाधिकारी सीसीएल को नोटिफाई करें।
- भूमि अधिग्रहण के पूर्व घर, मकान, दुकान में बसे लोगों के पुनर्वास का व्यवस्था करें।
- ट्रेड यूनियन को हर प्रोजेक्ट में मान्यता दें।

# झारखंड मत्स्य महासंघ का दल सीसीएल के सीएमडी से मिलकर ज्ञापन सौंपा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** सीसीएल कर्मी सह मजदूर समाजसेवी रमेश विश्वकर्मा की निर्मम हत्या की जांच में कोताही बरतने और सीसीएल कर्मियों के उपेक्षा पूर्ण रवैये लेकर बुधवार को झारखंड मत्स्य जीवी सहयोग समिति महासंघ झारखंड प्रदेश का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल दरभंगा हाउस में सीसीएल के सीएमडी से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। महासंघ के अध्यक्ष चरण केवट ने बताया कि ज्ञापन सौंपे जाने के बाद सीसीएल के सीएमडी ने उन्हें आगामी 10 अप्रैल तक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। चरण केवट ने आरोप लगाया है कि पुलिस द्वारा अनुसंधान कार्य में शिथिलता बरती जा रही है। उन्होंने बताया कि 7 जनवरी 2023 को रमेश विश्वकर्मा की हत्या उनके कार्यालय क्षेत्र में कर दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें सीसीएल के कर्मियों और पदाधिकारियों की भी संलिप्तता हो सकती है। महासंघ के अध्यक्ष चरण केवट ने बताया कि यदि शीघ्र ही इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जाती है तो महासंघ सीसीएल कार्यालय दरभंगा हाउस के समक्ष धरना पर बैठेगा। सीसीएल सीएमडी से मिलने जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में महासंघ अध्यक्ष चरण केवट के साथ छोटे लाल महतो, मनीष चौधरी और वीरेंद्र कुमार शामिल थे।

### सुदेश महतो ने मनाया रघुनाथ महतो का शहादत दिवस

# शहीदों की शौर्य गाथा को हृदय में बसाकर इंकलाब जगाना ही श्रद्धांजलि : सुदेश महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिल्ली/रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि क्रांतिवीर शहीद रघुनाथ महतो की शौर्य गाथा और वीरता को हृदय में बसाकर इंकलाब जगाना और ललकार की लकीर को बड़ा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। चुआड़ विद्रोह के महानायक रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर लोटा किता (सिल्ली) में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने यह बातें कही। शहीद रघुनाथ महतो स्मारक समिति द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी। गौरतलब है कि सामाजिक न्याय कार्यक्रम के तहत आजसू पार्टी ने आज पूरे राज्य में शहीद रघुनाथ महतो की याद में श्रद्धांजलि सभा की। उन्होंने कहा कि क्रांतिवीर रघुनाथ महतो का शहादत माटी और अस्मिता की रक्षा के लिए एवं धरती पुत्रों को एकजुट करने का एक शानदार उदाहरण भी है। यही वजह है कि पहली दफा आज आजसू पार्टी ने पूरे राज्य में रघुनाथ महतो के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है। हमारा इरादा और प्रतिबद्धता उनकी वीरता को देश-दुनिया में स्थापित करना है।

# जागरूकता से ही ऑटिज्म पर काबू संभव : निःशक्तता आयुक्त

## विश्व ऑटिज्म दिवस पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** ऑटिज्म एक चुनौती है। शुरूआती दौर में इसे पहचानना मुश्किल है, लेकिन हम सब मिल कर इसे हरा सकते हैं। इसके लिए हमें लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। ऑटिज्म से पीड़ित बच्चे के माता-पिता कैसी परिस्थिति से गुजरते हैं, इसकी कल्पना करना बेहद मुश्किल है लेकिन, परिवार के सहयोग से ये बच्चे समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकते हैं। यह कहना है राज्य निःशक्तता आयुक्त छवि रंजन सिंह का। वह बुधवार को श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान में विश्व ऑटिज्म दिवस पर महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। निःशक्तता आयुक्त ने कहा कि राज्य में ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों का डेटाबेस हमारे पास नहीं है, क्योंकि लोग या परिवार वाले इसे खुलकर स्वीकार नहीं कर पाते। इसके लिए हमें समाज में जागरूकता लानी होगी। जन-जन जागरूकता की बनाए ऐसी सीढ़ी, ऑटिज्म से पीड़ित ना हो आने वाली पीढ़ी के नारे के साथ हमे ऑटिज्म को हराना है। सरकार द्वारा ऐसे परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाएगी। जल्द ही इसके लिए एक टोल फ्री नंबर और डे केयर की शुरूआत करने की योजना है।

विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस 2 अप्रैल को मनाया जाता है। राज्य में यह एक पूरे सप्ताह का कार्यक्रम है, जिसके तहत राज्य सरकार की यह एक बहुत ही अच्छी पहल है। डॉ. राजीव कुमार ने ऑटिज्म के बारे में बताया कि कोविड के बाद ऑटिज्म के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। कभी-कभी एकल परिवार, गर्भावस्था के दौरान सही से देखभाल न होना, गर्भावस्था में ज्यादा तनाव लेना भी बच्चे में ऑटिज्म होने के प्रमुख कारणों में से एक है।

## स्पीड न्यूज

### स्कूटर में लगी आग

**खूंटी।** इलेक्ट्रिक स्कूटर को चार्ज करने के दौरान आग लग गई, जिससे स्कूटर पूरी तरह जल गयी। घटना मंगलवार की देर रात स्थानीय पिपराटोली की है। इस संबंध में भुक्तभोगी पिपराटोली निवासी कार्तिक केरकेट्टा ने थाने में मामला दर्ज कराया है। कार्तिक ने पुलिस को बताया है कि वह घर में इलेक्ट्रिक स्कूटर को चार्ज कर रहा था। उसी समय उसमें आग लग गई।

### आदिवासी नेता की हत्या

**खूंटी।** खूंटी जिले के रनिया में एक आदिवासी किसान की अज्ञात अपराधियों ने धारधार हथियार से हत्या कर दी। किसान मंगलवार की रात से लापता था। पुलिस ने उसके शव को गोपला गांव स्थित एक नदी पर बने पुल के ऊपर से बरामद किया। परिजनों के बयान पर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। रनिया पुलिस ने बताया कि 45 वर्षीय किसान बासिल सुरीन के चेहरे पर गंभीर चोट और सिर पर हथियार से मारने का निशान है। पुलिस ने बताया कि बासिल सुरीन नशे का आदी था। रनिया थाना प्रभारी सत्यजीत कुमार ने बताया कि कागजी कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।

### डीएवी में अभिभावक और बच्चों का स्वागत

**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी में बुधवार को नन्हे बच्चों का इस्तकबाल पूरे जोश एवं स्नेह से किया गया। विद्यालय के ईईडीपी संभाग के शिक्षकों ने पूरे रंगारंग कार्यक्रम में बच्चों एवं उनके अभिभावकों का स्वागत किया। प्राचार्या किरण यादव ने विद्यालय के सर्वोत्तम नवोन्मेषी व्यवहारों से उन्हें परिचित कराया और कहा कि आपने जिन आशाओं-आकांक्षाओं के साथ अपने जिगर के टुकड़ों को हमारे सुपुर्द किया है हम उन पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। अभिभावकों ने भी अपना हर्ष प्रकट किया तथा नव सत्र में अपेक्षित सहयोग का वादा किया। मौके पर शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी उपस्थित थे।

### श्री श्याम मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव आज

**रांची।** श्री श्याम मंडल, रांची के तत्वावधान में गुरुवार छह अप्रैल को अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री हनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया जाएगा। अंजनी पुत्र श्री हनुमान जी महाराज का विशेष श्रृंगार कर लड्डू गुड़, चना, मेवा इत्यादि का भोग लगाया जाएगा। श्री श्याम मण्डल, राँची के मंत्री धीरज बंका ने यह जानकारी दी। बताया कि मुख्य कार्यक्रम रात्रि 8.30 बजे भजन संकीर्तन के साथ प्रारम्भ। रात्रि 11.30 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### आजसू की मांडर कॉलेज इकाई का गठन

**रांची।** बुधवार को आजसू मांडर कॉलेज इकाई का गठन किया गया। यह गठन रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला एवं वरीय उपाध्यक्ष सौरव शर्मा के नेतृत्व में हुआ। मौके पर मौजूद सौरव शर्मा एवं अभिषेक शुक्ला ने आजसू के सभी नये सदस्यों का स्वागत उन्हें अंगवस्त्र देकर किया। इसके तहत प्रभारी- कुणाल कुमार महतो, अध्यक्ष- विक्की कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष- पंकज कुमार पंडित, महासचिव- सूरज महतो, उपाध्यक्ष- सुरेंद्र कुमार सिंह, सचिव- आनंद कुमार, सह सचिव- संजीत कुमार महतो चुना गया। मौके पर अजय उरांव, पवन राम, भवानी, मधु कुमारी, फुल कुमारी, कुंती कुमारी, पूनम कुमारी आदि आजसू के कई सदस्य मौजूद थे।

## खबर एक नजर में

### जेआरजी बैंक ने पांचवां स्थापना दिवस मनाया

**रांची।** जेआरजी बैंक का पांचवां स्थापना दिवस समारोह प्रधान कार्यालय रांची, सभी आठ क्षेत्रीय कार्यालयों एवं सभी 445 शाखाओं में मनाया गया। मौके पर बताया गया कि जेआरजी बैंक का इतिहास 46 साल पुराना है। विभिन्न चरणों में ग्रामीण बैंकों के विलय के बाद 1 अप्रैल 2019 को झारखंड का अपना बैंक जेआरजी बैंक की स्थापना हुई। बैंक के अध्यक्ष पीयूष भट्ट ने कहा कि आने वाले वर्षों में भी झारखंड की आर्थिक उन्नति के सफर में बैंक यूं ही कदम से कदम मिला कर आगे बढ़ता रहेगा। स्थापना दिवस पूरे महीने मनाया जायेगा, जिसमें स्वच्छता अभियान, रक्तदान, वृक्षारोपण और स्कूली बच्चों को सम्मानित करना शामिल है। इस अवसर पर बैंक के महाप्रबंधक, सहायक महाप्रबंधक, अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### पासवा का ब्लड डोनेशन कैंप आज

**रांची।** पासवा की ओर से गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आज ब्लड डोनेशन कैंप लगाया जायेगा। इसका उद्घाटन रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा करेंगे। मुख्य अतिथि के तौर पर एनएसएस स्वयंसेवक फलक फातिमा शामिल रहेंगी। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने बताया कि स्वस्थ लोगों द्वारा किए गए रक्तदान का उपयोग गरीबों व जरूरतमंदों के लिए किया जाता है। धन व अन्य दान से भी महान रक्तदान है, क्योंकि यह जीवन देता है। आलोक दूबे ने बताया कि वित्त मंत्री एवं पासवा के मुख्य संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव भी पूर्वाह्न 10.30 बजे आयोजित इस मेगा ब्लड डोनेशन कैंप में शिरकत करेंगे।

### डीएवी कपिलदेव में एलकेजी के बच्चों का स्वागत

**रांची।** डीएवी कपिल देव पब्लिक स्कूल कडरू में बुधवार को एलकेजी के बच्चों और उनके अभिभावकों का स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य एमके सिन्हा ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वह अपने बच्चों के साथ समय बिताएं और उन्हें मोबाइल से दूर रखें। प्राचार्य ने कहा कि बच्चों से हमेशा बातचीत करें और सकारात्मक बातें सिखाएं। मौके पर अदित्री सिंह ने प्रेरणादायक कविता सुनाई। समारोह में यूकेजी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।

### इनरव्हील ने नेत्रहीन विद्यालय में बांटी सामग्री

**रांची।** इनरव्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा रांची डिस्ट्रिक्ट-325 द्वारा अध्यक्ष नम्रता कुमार के नेतृत्व में ब्रजकिशोर नेत्रहीन बालिका विद्यालय बड़गाई के बच्चों को जरूरी चीजें उपलब्ध करायी गयी। इस स्कूल की संचालक नीलू वर्मा हैं। इस स्कूल की छात्राओं को उनकी आवश्यकताओं के अनुसार प्रिंटर, कपड़े ,चादर, सैनिटरी नैपकिन आदि दिये गये। इसके अलावा विद्यालय परिसर में पौधे भी लगाए गए और सभी बच्चों के बीच नाश्ते के पैकेट भी बांटे गए। इस अवसर पर आईपीपी नीता नारायण, सोमा भादुड़ी, अर्चना त्रिवेदी आदि उपस्थित थे।

### श्री श्याम मंदिर में हनुमान जयंती उत्सव आज

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज श्री हनुमान जयंती उत्सव मनाया जायेगा। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि हनुमान जी महाराज का विशेष श्रृंगार किया जायेगा। सायं 4:30 बजे से 44वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ होगा। उन्होंने बताया कि राजेश सिंघानिया, सारिका सिंघानिया, हर्ष सिंघानिया अखंड ज्योति प्रज्वलित करेंगे। भोग अर्पित किया जायेगा। भजन संकीर्तन का कार्यक्रम भी होगा। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में श्रवण ढानढनिया, गौरव अग्रवाल आदि तैयारी में लगे हुए हैं।

### पीएचडी के 62 प्रस्ताव स्वीकार, 2 रिजेक्ट

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा संकाय के पीजी रिसर्च काउंसिल की बैठक हुई। इसमें नागपुरी के 17, मुंडारी के 08, पंचपरगनिया के 10, कुड़ुख के 14, खोरठा के 08, खड़िया के 02, कुरमाली के 03, संताली के 02 पीएचडी प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इसमें नागपुरी के दो प्रस्तावों को विभाग को आवश्यक संशोधनों के लिए वापस भेज दिया गया। शेष प्रस्ताव को बैठक में ही संशोधन कर स्वीकार कर लिया गया। डी-लिट के एक प्रस्ताव को एलिजिबिलिटी रहने के कारण रिजेक्ट कर दिया गया। बैठक में प्रति कुलपति डॉ एके सिन्हा, डीन अर्चना कुमारी दुबे, कुलसचिव डॉ मुकुंद चंद मेहता आदि शामिल थे।

### अन्नपूर्णा सेवा केंद्र की प्रथम वर्षगांठ कल

**रांची।** स्व. सत्यनारायण नारसरिया तथा स्व. शारदा देवी नारसरिया की पुण्य स्मृति में एवं रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में पुरुलिया रोड स्थित स्वर्णभूमि बैंक्वेट हॉल के बगल में अन्नपूर्णा सेवा केंद्र संचालित है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं महामंत्री ललित कुमार पोद्दार ने बताया कि अप्रैल 2022 को इस अन्नपूर्णा सेवा केंद्र को आरंभ किया गया था। 7 अप्रैल 2023 को इस सेवा के एक वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर कल प्रातः 10:30 बजे एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रांची के सांसद संजय सेठ एवं विशिष्ट अतिथि उप महापौर संजीव विजयवर्गीय रहेंगे। अन्नपूर्णा सेवा के सेवादारों को भी सम्मानित किया जाएगा।

### चांद से चांद तक तरावीह पढ़ना जरूरी : मौलाना माजिद

**रांची।** इमाम मक्का मस्जिद कब्रिस्तान मोहल्ला पंडरी, रांची के मौलाना अब्दुल माजिद नवाब कासमी ने रमजान के मौके पर कहा कि तरावीह की नमाज ईद रमजान का चांद देख कर शुरु किया जाता है और ईद का चांद देखकर तरावीह की नमाज बंद कर देना होता है। इस तरह चांद से चांद तक की नमाज पढ़ना अलग सुन्नत है। मौलाना माजिद ने बताया कि रमजान की रातों में जमाअत के साथ अदा की जाने वाली बीस रकअत नमाज को तरावीह का नाम इसलिए है कि जब लोग जमाअत के साथ तरावीह की नमाज पढ़ना शुरू की तो वे हर चार रकअत के बाद जितना समय आराम करते थे उतनी देर में चार रकअत नमाज पढ़ी जाती। यानी तरावीह का मतलब आराम की नमाज है।

### निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप को लेकर किया जागरूक

**रांची।** गुरु कृपा पब्लिक स्कूल, दयाल नगर, जतरा मैदान, पिस्का मोड़ रांची में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन नौ अप्रैल को किया जाना है, जहां पर राजधानी रांची के विशेषज्ञ डॉक्टर लोगों को निःशुल्क सेवा देंगे। इस मेगा कैंप का लाभ लोगों को ज्यादा से ज्यादा मिले। इसको लेकर आज प्रोफेशनल्स कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल के नेतृत्व में जनजागरूकता अभियान जतरा मैदान, बैंक कॉलोनी, टंगरा बस्ती और दयाल नगर में चलाया गया।

### सीआइटी के 22 विद्यार्थियों का कैंपस सलेक्शन

**रांची।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआइटी) के 22 विद्यार्थियों का कैंपस सलेक्शन दिल्ली की कंपनी क्वालिटी ऑस्ट्रिया सेंट्रल एशिया प्रा. लि. ने किया है। संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ केपी दत्ता ने बताया कि सभी चयनित विद्यार्थी मैकेनिकल 2020 बैच के हैं। इनका जॉब लोकेशन हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, कर्नाटक आदि में होगा। विद्यार्थियों को जगह के मुताबिक 2.5 लाख से लेकर अलग-अलग पैकेज तय किया गया है। चयनित विद्यार्थियों में मो. राशिद जिया, बिपिन भगत, वसीम अकरम, मो. आशिफ इकबाल, मो. सोहैब अख्तर, मो. नसीम अख्तर, शादान नवाज, बादशाह खान, अमरदीप मिंज, अभिषेक टोप्पो, अमित कुमार महतो, प्रसांत वर्मा, देवजीत डाइगर, साहिल कुमार, अंजली कुमारी, संध्या कुमारी, एनोस मनीष टुडू, अरविंद कश्यप, रवि कांत, कामदेव तिर्की, अमित जोशेफ आईंद, अमन निखिल टोपनो शामिल हैं।

### रातू रोड में रहनेवाले अधिकारी की गढ़वा में मौत

**रांची।** जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुरेश कुमार सिंह 52 वर्ष की मंगलवार की देर रात संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। वे मूल रूप से बिहार राज्य के नवादा जिले के रजौली के रहने वाले थे। उनके पिताजी सीसीएल के कर्मी थे। बेरमो के जारंगडी में भी उनका मकान है, जहां भाई सहित परिवार के कई लोग रहते हैं। जबकि सुरेश सिंह की पत्नी व बच्चे रातू रोड रांची स्थित एक फ्लैट में रहते हैं। वर्ष 2021 में जेएसएलपीएस के गढ़वा जिले के डीपीएम के रूप में योगदान देने के बाद से ही सुरेश कुमार सिंह गढ़वा के अशोक विहार में प्रोफेसर एसएन उपाध्याय के मकान में किराए पर अकेले ही रहते थे।

### खड़गपुर रेलवे डिवीजन में आंदोलन का असर रांची रेलवे डिवीजन पर भी, कई ट्रेनें हुई रद्द

रांची। खड़गपुर मंडल के खड़गपुर-टाटानगर रेल खंड के अंतर्गत खेमाशुलि स्टेशन एवं आद्रा मण्डल के आद्रा-चांडिल रेल खंड के अंतर्गत कुसतौर स्टेशन पर आदिवासी कुर्मी समाज द्वारा रेल पटरी पर 05/04/2023 के सुबह 05:00 बजे से जन आंदोलन की वजह से रांची रेल मंडल से परिचालित निम्नांकित ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

### हनुमान जन्मोत्सव पर एकता का परिचय दे समाज : स्वामी दिव्यानंद

**रांची।** हिंद सेना के राष्ट्रीय धर्माध्यक्ष एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संत सुरक्षा मिशन ने कहा कि जैसे रामनवमी शोभा यात्रा के द्वारा हिंदू समाज अपने शौर्य एवं पराक्रम का प्रदर्शन किया, ठीक उसी प्रकार श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भी अपनी एकता, वीरता और अपने पराक्रम का परिचय दें। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में शोभायात्रा के दौरान हमले का घृणित कार्य हुआ है। ऐसे समय पर हिंदू समाज को केवल प्रदर्शन ही नहीं, अपितु अपने प्रतिरक्षार्थ शस्त्र को अपने हाथों में लेकर प्रदर्शन मात्र ही नहीं, अपितु अपने शौर्य पराक्रम को बनाये रखने हेतु संचालन का अभ्यास भी आवश्यक है।

# विज्ञान, जादू-टोना और संस्कृति की कसौटी पर डायन

**लैंगिक असमानता : रूढ़िवादी सोच में बदलाव के लिए संघर्ष पार्ट 7**



डायनकारी को विज्ञान के दृष्टिकोण से एक ऐसे बीमार समाज की मनोदशा को पढ़कर ठोस नतीजे तक पहुंचना और तर्क के आधार पर सभी सवालों का समाधान करना मनोविज्ञान और मनोचिकित्सकों के लिए चुनौतीपूर्ण है। चिकित्सा विज्ञान इसे बाइपोलर डिसऑर्डर के नाम से परिभाषित करता है। मनोविज्ञान की मानें तो डायन प्रथा के दृष्टिकोण से पूरा समाज इस मानसिक बीमारी से ग्रस्त है। डायन संबोधन से जहां निराश्रित महिलाएं खौफ खाती हैं, वहीं इस संबोधन से पूर्वाग्रह से ग्रस्त समाज में भी अनिष्ट का डर पैदा हो जाता है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से परखें तो पूरे समाज को डायन हकीकत में नजर आती है। मनोचिकित्सा की दृष्टि से यह स्थिति ही बाइपोलर डिसऑर्डर है। इससे प्रभावित लोगों को किसी आम व्यक्ति में दो प्रकार की छवि नजर आती है। एक वह जो आम जनजीवन में सबके साथ रहता है तथा दूसरा वह जो पूर्वाग्रह से ग्रसित मानसिकता के रूप में दिखायी देती है।

बाइपोलर डिसऑर्डर एक प्रकार की मानसिक बीमारी है। इस बीमारी से ग्रसित मरीज सामान्य रूप से कार्य करने में सक्षम होता है। मनोचिकित्सकों ने इस बीमारी को लक्षणों के आधार पर कई वर्गों में बांट रखा है, लेकिन इसके स्थायी लक्षण किसी भी मरीज में नजर नहीं आते हैं। यहां तक कि मरीज को भी अपनी इस बीमारी के बारे में भान तक नहीं होता है।

आम भाषा में इसे समझें तो बाइपोलर डिसऑर्डर को उन्माद, अवसाद के रूप में परिभाषित किया जाता रहा है। उन्माद के दौरान कोई व्यक्ति असामान्य रूप से ऊर्जावान, अत्यधिक खुश अथवा चिड़चिड़ा व्यवहार करता है। ऐसे क्षणों में मरीज परिणाम के बारे में बहुत कम विचार करते हुए आवेग में निर्णय लेते हैं। ऐसे मरीज किसी दूसरे के जीवन पर नकारात्मक दृष्टिकोण रख सकता है अथवा दूसरे के साथ खराब नजर रख सकता है।

बाइपोलर डिसऑर्डर से ग्रसित मरीज पर शोध के दौरान यह पता किया जाता है कि समाज, संस्कृति, धर्म, जाति, परिवार, आस-पड़ोस आदि का इतिहास क्या रहा है। जन्म से लेकर होश संभालने के बाद उसकी परवरिश और उसका परिवेश कैसा रहा है। उसी के अनुरूप उसमें प्रतिक्रियात्मक प्रभाव परिलक्षित हो सकते हैं। क्षणिक दुर्व्यवहार से लेकर दीर्घकालीन तनाव भी इस बीमारी का कारण हो सकता है।

डायन बिसाही के मामले को बाइपोलर डिसऑर्डर के नजरिए से देखें, तो पूरा समाज ही इस बीमारी से ग्रसित नजर आता है। आम दिनों में सामान्य चल रहा है जनजीवन डायन के नाम पर अचानक उन्माद से भर जाता है तथा देखते ही देखते पूरा समाज उग्र रूप अख्तियार कर लेता है। इस दौरान लोगों को ओझा गुनी या सोसा ही एकमात्र संरक्षक नजर आता है, जो मंत्र की शक्ति के बल पर डायन पर काबू पा सकता है और इन्हें खराब नजरों से बचा सकता है। ऐसे में यदि कोई ओझा गुनी किसी स्त्री को डायन करार देता है, तो लोगों की मानसिक स्थिति इस कदर उग्र हो जाती है कि खराब आत्माओं से मुक्ति का एकमात्र मार्ग नजर आता है डायन हत्या।

इसी प्रकार, जादू दिखाने वाले जादूगर या जादूगरनियां अपने कौशल और क्षमताओं का इस्तेमाल कर ऐसा दृश्य उत्पन्न कर देते हैं कि आंखों के सामने ही अविश्वसनीय और अकल्पनीय घटनाएं साकार होने लगती हैं। ऐसी चीजों का रहस्य तब-तक उजागर नहीं होता, जब-तक उसकी सच्चाई को तथ्यपरक और वैज्ञानिक ढंग से उजागर नहीं किया जाये। ऐसे जादू के दृष्यों को अदृश्य शक्तियों के साथ जोड़कर देखा जाता है और अंधविश्वास की दृष्टि से इन तथाकथित शक्तियों को जादू-टोना का नाम दे दिया जाता है।

विज्ञान और संस्कृति के बीच झूलते डायन के अस्तित्व को समाज में स्थापित हो चुकी मान्यताओं के आधार पर देखने और महसूस करने वालों का तर्क है कि विज्ञान लाख तरक्की कर ले पर प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा और उनकी संस्कृति में उन्हें आज-तक बहुत कुछ दिया है। विज्ञान का अपने तर्कों के आधार पर सही हो सकता है। तथ्यों के आधार पर अनेक अविश्वसनीय रहस्यों पर से पर्दा हटाया जा सकता है। विज्ञान चाहे जितनी तरक्की कर ले और तकनीकी के बल पर हम अनेक चीजों को साबित भी कर दें। पर, सदियों से चली आ रही अपनी संस्कृति को संरक्षण देना ही हमारा कर्तव्य है। लोगों का तर्क है कि हमारी सांस्कृतिक विरासत भी कहीं ना कहीं सत्यता पर आधारित है। तर्क यह भी है कि खराब शक्तियां होती हैं, प्रेत आत्माओं का अस्तित्व है। विज्ञान लाख तरक्की कर ले, पर एक ना एक दिन इनके अस्तित्व को विज्ञान को भी स्वीकारना होगा। आम लोगों की यही सोच डायन के मामले में स्वस्थ मानसिकता पर हावी हो जाती है।

निष्कर्ष के तौर पर देखें तो डायन प्रथा जैसे कुकृत्य को समाज में पनपने देना एक अभिशाप है। विज्ञान जहां हमें रहस्य से पर्दा उठा कर सत्यता से परिचित कराता है, वहीं जादू टोना दिखाने वाले हमें फेंटेसी की एक अलग ही दुनिया में ले जाते हैं, जहां मनोरंजन के साथ-साथ अनजाना भय हमारे मन पर हावी हो जाता है। बावजूद इसके हम अपनी संस्कृति और आदि काल से अर्जित ज्ञान को बगैर सोचे समझे जाया नहीं होने दे सकते हैं। संस्कृति हमारे इतिहास का एक अहम हिस्सा है और यह हमें बताती है कि हमने कितनी तरक्की की है और क्या खोया है।

**- राजेश कुमार**

**- लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, इन्हें पद्मश्री बलबीर दत्त मीडिया फेलोशिप मिला है।**

**(समाप्त)**

स्पीड न्यूज

## मंडा पूजा आयोजित करने का निर्णय

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड के बंसरी गांव में ग्रामीणों की बैठक बुधवार को जनार्दन साहु की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 17 व 18 अप्रैल को मंडा पूजा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। 17 अप्रैल को फुलखुन्दी तथा 18 अप्रैल को झूलन सह मेला आयोजित करने का निर्णय हुआ। मंडा पूजा के सफल आयोजन को लेकर एक कमेटी का भी गठन किया गया। कमेटी में अध्यक्ष परिबा साहु, सचिव रामप्रवेश साहु तथा सचिव अजय कुमार बनाये गए। वहीं कमेटी में मुख्य संरक्षक पंसस भुनेश्वर साहु, संरक्षक जनार्दन साहु, संदीप साहु, विश्वनाथ मुंडा,बसंत मुंडा चुने गये। मौके पर गांव के दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## वाहन की चपेट में आकर युवक घायल

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के बक्सीडीह गैस गोदाम के समीप अज्ञात बोलेरो पिकअप वैन की चपेट में आने से बाइक सवार अनगड़ा थाना क्षेत्र के बोंगई बेड़ा निवासी नरेश लोहरा गंभीर रूप से घायल हो गया।उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई है।घटना बुधवार की दोपहर चार बजे की है। घटना की सूचना मिलने पर सिकिदिरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंच कर उसे इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।जानकारी के अनुसार नरेश लोहरा अपने बाइक जेएच- 01डी डब्लू 9468 में सवार होकर कहीं जा रहा था।इसी दौरान पिकअप वैन की चपेट में आ गया।वह हेलमेट नहीं पहने हुए था।

## विधायक ने तीन पीसीसी पथ का किया शिलान्यास

**रातू।** हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने जिला योजना अनाबद्ध निधि अंतर्गत प्रखंड में तीन पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। इसमें प्रखंड कार्यालय परिसर, मेरियाटांड़ में परमानंद साहु के घर से राजेश कुमार के घर और आमटांड़ में अशोक सिंह के घर से राजेश साहु के घर तक का पथ शामिल है। इस दौरान श्री जायसवाल ने लोगो से समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही क्षेत्र के प्रत्येक घर में पेयजल की आपूर्ति की जायेगी। मौके पर जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, प्रमुख संगीता देवी, सीओ प्रदीप कुमार, बीडीओ हरिशंकर बारिक, मुखिया सुषमा तिर्की, महेश्वरी देवी, सुनीता देवी, मुकेश बैठा, जेम्स खलखो, रुपेश गोप, परमेश्वर गोप, मनोज गुप्ता आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## पिकअप से टकरायी बाइक छात्र जख्मी

**रातू।** रांची मेदिनीनगर मार्ग स्थित पटेल चौक के समीप बुधवार की सुबह 7 बजे सड़क पार कर रही महेंद्रा कंपनी की पिकअप जेएच 01 सीयू 5264 से केटीएम बाइक जेएच 01 डीटी 5909 टकरा गयी। इससे संत जेवियर कॉलेज का छात्र 19 वर्षीय संदीप खलखो गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिका में भर्ती कराया गया है। उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गयी है। हाथ में भी चोटें हैं। मामले को लेकर रातू थाने में पिकअप चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस बाइक और पिकअप को जब्त कर थाने ले आयी है। हेलमेट की वजह से संदीप की जान बच गयी। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गये हैं।

## अंबेडकर जयंती मनाने के लिए कमिटि गठित

**खलारी।** तुमांग पंचायत सचिवालय में तुमांग पंचायत मुखिया संतोष कुमार महली की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई।संचालन पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली ने किया।बैठक में तुमांग पंचायत भवन में 14 अप्रैल 2023 दिन शुक्रवार को भारत के संविधान निमार्ता एवं भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 129 वी जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न निर्णय लिया गया की जयंती समारोह के आयोजन हेतु कमेटी बनाई गई जयंती समारोह 14 अप्रैल 2023 को तुमांग पंचायत सचिवालय में सुबह नौ बजे से मनाई जाएगी।इसको लेकर एक कमिटि का गठन किया गया।

# महिला समेत दो बच्चों को जिंदा जलाया

## रांची- रामगढ़ बॉर्डर पर मिला था अधजली अवस्था में शव, बासल थाने में दर्ज थी गुमशुदगी की रिपोर्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**ठाकुरगांव।** बुधवार को रांची, रामगढ़, चतरा बॉर्डर पर अधजली अवस्था में मिले तीनों शवों की शिनाख्त कर ली गई। पुलिस ने यह सफलता महज 10 घंटे में पाई। पुलिस ने इस मामले में महिला के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बरामद शव बासल के रहने वाले विजेंद्र राम की पत्नी और दो बच्चों का है। एक महिला और दो बच्चों की हत्या के बाद शव जलाने की सूचना मीडिया में चलने के बाद विजेंद्र रामगढ़ से भागे-भागे रांची के ठाकुर गांव पहुंचा।



**दांतो से की पत्नी की पहचान :** विजेंद्र ने अपनी पत्नी के दांतों को देखकर उसकी पहचान की। जिन तीन लोगों का शव बरामद किया गया है उनमें 25 वर्षीय ममता देवी जो विजेंद्र की पत्नी है। वहीं 8 वर्षीय आर्यन और 4 वर्षीय यशराज विजेंद्र के बेटे हैं। विजेंद्र ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया है कि वह महाराष्ट्र में नौकरी करता है। दो अप्रैल को रांची लौटा था। रांची में एक दिन रहने के बाद वह तीन अप्रैल को रामगढ़ पहुंचा। तो उसे यह पता चला कि उसकी पत्नी और बच्चे गायब हैं, जिसके बाद उसने उनके गुमशुदगी से संबंधित मामला बासल थाने में दर्ज करवाई थी।

**किसी से दुश्मनी नहीं :** पुलिस को इस मामले में विजेंद्र पर ही शक है। पुलिस उससे लगातार पूछताछ कर रही है। हालांकि विजेंद्र का कहना है कि उसका किसी से भी कोई दुश्मनी नहीं थी। वह महाराष्ट्र में रहकर काम करता है उसके पति और बच्चे रामगढ़ में ही रहा करते थे।

**दिन भर हुई थी जांच :** इससे पहले ट्रिपल मर्डर की सूचना मिलने पर राजधानी रांची में सनसनी फैल गई थी। एफएसएल सहित डॉग स्क्वायड की टीम दिनभर घटनास्थल की जांच करती रही। घटनास्थल का मुआयना करने पर यह जानकारी मिली है कि हत्या एक दिन पहले ही की गई है। फिलहाल पुलिस कई अन्य पहलुओं पर जांच कर रही है काफी कड़ाई से पूछताछ करने के बावजूद अभी तक विजेंद्र ने हत्याकांड में अपनी संलिप्तता नहीं स्वीकारी है। पुलिस मृतक ममता देवी के बारे में जानकारी ईकळा कर रही है इसके लिए रामगढ़ पुलिस की भी मदद ली जा रही है।

### कैसे गायब हुई जानकारी नहीं

मामले में विजेंद्र से पुलिस पूछताछ कर रही है पुलिस को शक है कि इस हत्याकांड में विजेंद्र का भी हाथ हो सकता है। हालांकि विजेंद्र से अब तक इस हत्याकांड में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है। विजेंद्र ने पुलिस को यह बताया है कि घर पहुंचने पर उसकी मां ने यह बताया कि उसकी पत्नी अपने दोनों बच्चों के साथ गायब है। काफी खोजबीन करने के बाद भी वह नहीं मिली। जिसके बाद उसने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी।

## सीटू व अखिल भारतीय किसान सभा का किसान मजदूर संघर्ष रैली हुआ संपंन

खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। बुधवार को दिल्ली के रामलीला मैदान मे सीटू और अखिल भारतीय किसान सभा का ऐतिहासिक किसान मजदूर संघर्ष रैली हुआ इस रैली मे पूरे हिंदुस्तान से लगभग 6 लाख किसान मजदूर पहुँचे हुए थे।रामलीला मैदान खचाखच भरा हुआ था।रामलीला मैदान के चारो तरफ रोड पर भी एक इंच जगह नही था।इस रैली मे झारखण्ड से लगभग आठ हजार किसान मजदूर शामिल थे जिसमे अकेले कोयला से चार हजार मजदू शामिल थे। इस रैली मे कोयला उद्योग मे 11वा वेतन समझौता अबिलम्ब लागू करने, मजदूरों को गुलाम बनाने वाली चार श्रम कोड रद्द करने, राष्ट्रीय मौद्रीकरण नीति(एन एम पी) के तहद कोयला रिजर्व कोयला खदानो को निजी कम्पनियो को देना बंद करने,बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने, बिजली बिल 2022 वापस लेने, मनरेगा मे 200 दिन का काम सुनिश्चित करते हुए 600 रुपये मजदूरी तय करने, विस्थापन पर रोक लगाने, विस्थापन के पूर्व बेहतर व सुरक्षित पुनर्वास की व्यवस्था करने, कोयला रेल,बीमा,सभी सरकारी उद्योगो को बेचना बंद करने,किसानो के फसलों के लिए एस एम पी कानून की गारंटी करने तथा किसानो का कर्ज माफ करने,तथा सरकार से मांग की गई की इसे अबिलम्ब लागु करें,अथवा आगामी लोक सभा चुनाव मे सजा भुगतने के लिए तैयार रहें।

# रघुनाथ महतो का शहादत दिवस मना

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** चुहाड़ विद्रोह के महानायक क्रांतिकारी शहीद रघुनाथ महतो का शहादत दिवस के अवसर पर लोवाडिह के दुर्गा सोरेन चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थय मंत्री बन्ना गुप्ता उपस्थित थे अपने संबोधन में श्री, गुप्ता ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो अंग्रेजों के खिलाफ जो विद्रोह किया था उसे चुआड़ विद्रोह के नाम से जाना जाता है। उन्होंने अपना गांव अपना राज दूर भगाओ विदेशी राज के नारा दिया था। ईस्ट इंडिया कंपनी के खिलाफ जल, जंगल, जमीन को बचाने और उनके शोषण से मुक्ति के लिए आन्दोलन की शुरूआत की थी।



शहीद रघुनाथ महतो की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते स्वास्थय मंत्री बन्ना गुप्ता,विधायक राजेश कच्छप और अन्य।

वहीं विशिष्ट अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो एक भारतीय क्रांतिकारी एवं एक महान नेता थे, जिन्होने अंग्रेजों के विरुद्ध छोटानागपुर क्षेत्र में पहला विद्रोह किया था। वहीं विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि शहीद रघुनाथ महतो एक महान सपूत थे जो जल, जंगल के लिए लड़ाई लड़ते थे। पूर्व विधायक केशव महतो कमलेश ने शहीद रघुनाथ महतो की विस्तृत जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग, बनमाली मंडल, अंतु तिर्की ,रणधीर चौधरी, सहित आयोजन समिति की अध्यक्ष कौशल्या देवी, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## महाराजा मदरा मुंडा सेवा संस्थान ट्रस्ट ने सुतियांब गढ़ बारी में चैत पूर्णिमा के अवसर पूजन शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिठौरिया ।** महाराजा मदरा मुंडा सेवा संस्थान न्यास ट्रस्ट के द्वारा सुतियांब गढ़ बारी में चैत पूर्णिमा के अवसर पर महाराजा मदरा मुंडा से संबंधित धार्मिक स्थलों पर पुरोहित अरविंद पाहन के नेतृत्व में पूजा किया गया। दो दिवसीय पूजन कार्यक्रम में बुधवार को कई स्थानों पर पूजन किया गया। वहीं गुरुवार को कई जगहों पर मुंडा आदिवासी रीति रिवाज के तहत मुर्गे, भेड़, एवं बकरे की बलि देकर पूजन किया जाएगा। बुधवार को सूरज मंडा,नकता - नकटी, मुंडा मुड़ाईन, बामण बामिन, पूतरी महादेव,नाग नागिन , दुवर्सिनि ,मड़ई ,महादेव मंडा, ढोल नगेरा हड़गड़ी,बूढ़ा महादेव में पूजन किया गया। पूजा को सफल बनाने में पहलवान प्रदीप पाहन,पुरन गोप,जयराम महली,राम लगन महली, प्रवीण मुंडा,रमेश पाहन, प्रेमकिषण मुंडा, संजय मुंडा, मधु साहू, रॉमिक मुंडा, रंजन मुंडा, विक्की मुंडा, राजेन्द्र मुंडा, राहुल मुंडा, दीपक मुंडा, सुमित मुंडा, सुनील मुंडा, नरेश मुंडा, सूरज मुंडा, शिव शंकर मुंडा,रघु ठाकुर,बलराम मुंडा, आशीष मुंडा, महेश मुंडा, प्रदीप कुमार मुंडा ,फूलचंद मुंडा,रितेश कुमार दीपक,मिंटू मुंडा,हरिचन्द्र नायक, पहलवान सिंह मुंडा,विश्व नाथ साहू,सीता राम मुंडा सहदेव राम सहित कई लोग उपस्थित हुए।



## आईएचएम रांची के छात्रों का यूएसए के एनएम हॉस्पिटैलिटी ग्रुप में अंतराष्ट्रीय प्लेसमेंट

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट राँची में बी.एससी इन हॉस्पिलेटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम के तीन छात्रों अंकित राज, नवीन निश्चल तिग्गा एवं दलाल विपुल मोरेश्वर का अमेरिका के एनएम हॉस्पिटैलिटी के स्टैबरीज सुइट्स, पिट्सबर्ग एयरपोर्ट होटल में कुल 18 लाख वार्षिक पैकेज के साथ अंतराष्ट्रीय प्लेसमेंट हुआ। यह पाठ्यक्रम एनसीएचएमसीटी, नॉएडा, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त निकाय से द्वारा संचालित की जाती है। इससे पहले संस्थान में देश- विदेश के प्रतिष्ठित होटल कंपनियों तथा सेवा क्षेत्र संबंधित संस्थाओं जैसे होटल सीलाइनबीच रिसोर्ट , कतर , रिलायंस ग्रुप , ताज ग्रुप , रोजिएट होटल्स एवम रिजॉर्ट्स , बर्मन हॉस्पिटैलिटी , द पार्क होटल्स, आदित्य बिड़ला , एमआरपीएल , लेमन ट्री , ईजीडायनर , जस्ता होटल्स , पोस्टकार्ड एवम अन्य द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में भी संस्थान के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखा कर शतप्रतिशत प्लेसमेंट प्राप्त किया है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार द्वारा तीनो सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए बताया की संस्थान छात्रों को बदलते समय के मुताबिक उत्कृष्ट शिक्षा तथा बेहतर हुनर के साथ साथ देश विदेश में रोजगार मुहाया कराया जा रहा है , जिससे छात्र देश में हीं नहीं अपितु विदेशों में भी बेहतर भविष्य का निर्माण करने में सक्षम हो रहे हैं।

## जमीन बचाओ संघर्ष समिति ने अंचल कार्यालय घेरा

**नामकुम।** बुधवार को बिरसा उलगुलान मंच और जमीन बचाओ संघर्ष समिति के द्वारा अंचल,प्रखण्ड और खाद्य आपूर्ति विभाग में व्याप्त जनसमस्या को लेकर प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। इससे पूर्व सभी लोग नामकुम बाजार टांड में जमा होकर वहां से जुलूस की शक्ल में अंचल कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी की जिसके बाद जुलूस अंचल कार्यालय समक्ष सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए आरती कुजूर ने कहा कि आज आमजन त्रस्त है,अंचल कार्यालय में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार है बिना पैसा का कोई काम नहीं होता है,दुर दुर से आने वाली जनता को पैसा के लिए परेशान किया जाता है,अगर अंचल कार्यालय का रवैयानहीं सुधरा तो फिर से उग्र आंदोलन किया जाएगा। वहीं अंजली लकड़ा ने कहा कि नामकुम अंचल कार्यालय और आपूर्ति कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है,पारंपरिक जमीन की बिक्री अंचल कार्यालय की मिलीभगत से हो रही है,परमिशन,मोटेशन,ऑनलाइन चढाने के नाम पर लूट मची है, बिना चढ़ावा के यहां कोई काम नहीं होता है,राशन कार्ड के लिए लोगों को बीएसओ कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है,जनता दरबार में लिए गए जनता की समस्या का आज तक समाधान नहीं हो पाया, लोग आज भी उन्ही समस्या को लेकर भटक रहे है। कार्यक्रम को बिरसा उलगुलान मंच के अध्यक्ष राजू तिर्की,अमीना कुला,पाको देवी सहित अन्य ने संबोधित किया।

# राहे ओपी में दो घरों में ताला तोड़कर चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे।** राहे ओपी क्षेत्र के बेला ओर दरहा गांव में ताला तोड़कर चोरी करने की घटना हुई है।घटना मंगलवार रात की बतायी जा रही है। बुधवार सुबह राहे पुलिस गांव जाकर छानबीन शुरू किया है। दरहा गांव के लखिन्द्र महतो के घर के दरवाजा में लगे ताला तोड़कर दो बक्सा में रखे नगद 45 हजार ,3 लाख के जेवरात ओर जरूरी कागजात की चोरी किया गया।घर के दूसरे कमरे में लखिन्द्र की पत्नी रोजोबाला देवी और बेटा तपन महतो सोये थे।



चोरी के बाद अस्त व्यस्त घर

इन्हें घटना की जानकारी रात के 2 बजे के आसपास हुई थी। दरहा गांव के परशुराम महतो के घर का ताला तोड़कर बक्सा तोड़कर नगद 17 हजार ओर 50 हजार के जेवरात समेत जरूरी कागजात की चोरी हुई है।

परशुराम महतो ससुराल गया हुआ था। पत्नी दूसरे कमरे में सो रही थी। घटना की जानकारी रात 3 बजे हुई थी। ग्रामीणों ने बताया कि बेला गांव और सारूगड़ी गांव के बीच रात में छऊ नृत्य हो रहा था जिस कारण अधिकतर लोग घरों में नही थे।पुलिस आवश्यक करवाई के बाद छापामारी कर रही है।

## एक नजर में

### कलियुग में भगवान का नाम लेने से ही मनुष्य भवसागर पार हो सकते है : अशोक पंड़ा

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के ऐतिहासिक महादानी मंदिर परिसर में बुधवार को हनुमान जन्मोत्सव को लेकर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ का आयोजन महादानी सेवा सत्संग समिति के नेतृत्व में किया गया। जहां सुंदरकांड पाठ में बेड़ो के दर्जनों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर सुंदरकांड पाठ का आनंद लिया। जहां सुंदरकांड पाठ करा रहे पुजारी अशोक पंडा ने कहा कि कलियुग में भगवान का नाम लेने से ही मनुष्य भवसागर पार हो सकते है। उन्होंने कहा कि प्रभु के नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते हैं। उन्होंने कहा कि सुंदरकांड बजरंगबली की अराधना है। इसके पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं। सुंदरकांड पाठ के बाद महादानी बाबा की भव्य आरती उतारी गई।जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच में प्रसाद के रूप में बने खीर महाप्रसाद का वितरण किया गया।

### भाजपा कार्यकताओं ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत की धार्मिक स्थलों की साफ सफाई।

**बेड़ो।** भाजपा के बेड़ो व नरकोपी मंडल के द्वारा बुधवार को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर के निर्देश अनुसार धार्मिक स्थल सरना, आखड़ा, मंदिर आदि स्थानों पर सफाई अभियान के तहत प्रखंड के दिघिया, मुरतो, डोरंडा, करकरी समेत जरिया पंचायत के विभिन्न गांवों में चलाया गया। कार्यक्रम में मंडल के महामंत्री बलराम सिंह, नरकोपी मंडल महामंत्री राजेश साहू, उपाध्यक्ष अरुण प्रसाद, कुमुद कुमार वर्मा, बिजय साहु, बिंदेश्वर राम, संदीप साहू, आदित्य त्रामकार, दिनेश गुप्ता, लखनदेव उरांव, प्रियंका कुमारी,अक्षय कुमार मौसमी कुमारी एवं भाजपा कार्यकर्ता ने सफाई अभियान सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में शामिल हुए।

### जेंडर एवं बाल दुर्व्यवहार के रोक थाम को लेकर स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के दिघीया गांव स्थित उच्च विद्यालय में बुधवार को होप और टीडीएच के सयुक्त प्रयास से जेंडर एवं बाल दुर्व्यवहार के रोक थाम एवं पुनर्वासन हेतु कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव से हो रहे असुरक्षित पलायन, बच्चों को मानव दुर्व्यवहार आदि से बचना और कम उम्र में बच्चों में जो मानसिक परिवर्तन हो रहा है उसपर प्रशिक्षण देना और जागरूक करना है। मौके पर संस्था के मनोरमा एक्का ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए मानव व्यपार, कबड्डी के माध्यम से सुरक्षा, चाइल्डहेल्पलाइन, बच्चों के अधिकार और उनके कानूनी अधीकारो आदि पर विस्तार से बताया।

### प्रकृति से जुड़ने का संदेश देता है सरहुल : विधायक

**सिकिदिरी।** नवागढ़ में बुधवार को सरहुल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पंचायत समिति सदस्य फाल्गुनी शाही ने किया था। मुख्य अतिथि के रुप में खिजरी के विधायक राजेश कच्छप उपस्थित थे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रुप में अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा,प्रेम शाही मुंडा, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा व सुरेन्द्र महतो उपस्थित थे। विधायक राजेश कच्छप ने कहा की सरहुल झारखंड की पहचान है। उन्होने कहा की सरहुल प्रकृति और हमारी संस्कृतिमें समाहित है। सरहुल हमें प्रकृति से जुड़े रहने का संदेश देता है। इस मौके पर बीसा मुखिया मंज्योती देवी,बुधराम बेदिया, रामसाय मुंडा, कमाख्या नारायण शाही, विवेकानंद शाही, पंचम भोगता ,सन्तोष बेदिया, शफीक अंसारी आदि उपस्थित थे।

### भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल दुर्घटना से घायल तमाड़ मंडल अध्यक्ष की पत्नी से मिले

**तमाड़।** भाजपा तमाड़ मंडल अध्यक्ष विष्णुपद महतो के धर्म पत्नी का पिछले दिनों दुर्घटना से घायल हो गए थे। उनके सिर में गंभीर चोटे आयी। बेहतर ईलाज रांची स्तिथ अस्पताल में चल रहा है। इसी बिच बुधवार को भाजपा युवा मोर्चा रांची जिला ग्रामीण जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जयसवाल, भाजपा बुंडू ग्रामीण महामंत्री गुप्तेश्वर भगत, भाजपा बुंडू नगर मंडल अध्यक्ष आलोक दास अस्पताल जाकर विष्णुपद महतो के धर्म पत्नी के स्वास्थ्य की जानकारी लिए एवं डॉक्टरों से भी उनके बेहतर ईलाज के लिए वातार्लाप किए। डॉक्टरों ने बताया की मरीज के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। वो जल्द स्वस्थ होकर अपने घर जा पाएंगे।

### गंगोत्री व रामकुमार लगाए सड़क पर झाड़ू

**ओरमांझी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अहवान पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा पांच से 16 अप्रेल तक सेवा सप्ताह मनाया जाएगा। इसी के तहत बुधवार को दुर्गा मंदिर पसिर विकास व शहीद प्रमोद महतो के प्रतिमा स्थल पर साफ-सफाई अभियान चलाया गया। प्रदेष उपध्याक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर के नेतृत्व में चालाएं गए अभियान में शामिल पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, किसान मोर्चा प्रदेष मंत्री अमरनाथ चौधरी, मंडल अध्यक्ष राजा महतो, दिलीप मेहता, महानंद महतो, नेहा सिंह, लक्ष्मण साहू, मनोज राम ने झाड़ू लेकर सड़कों पर उतरे और साफ-सफाई की। गंगोत्री कुजूर ने बताया कि पार्टी के महिला मोर्चा द्वारा सभी प्रखंडों में सफाई अभियान चलाया गया। वहीं रामकुमार पाहन ने बताया सात अप्रेल को उत्कृष्ट प्रतिभा व छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा के कई कार्यकर्ता भी शामिल थें।



झाड़ू लगतती गंगोत्री कुजूर व रामकुमार पाहान।

### आजसू पार्टी कार्यकताओं ने रक्त दान किया

**अनगड़ा ।** शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस के मौके पर आजसू पार्टी के जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह भोक्ता के नेतृत्व में अनगड़ा प्रखण्ड के चिलदाग पंचायत निवासी एव आजसू कार्यकर्ता करण सिंह भोक्ता कुन्दन महतो सतीश महतो पवन सिंह भोक्ता एव रजनीकांत महतो ने किता लोटा जाकर रक्त दान किया।



# शहनाज के गीतों पर झुमा ओरमांझी, बोलीं अख्तर- मैं श्रीराम के रंगों में रची बसी हूं

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** श्रीश्री 1008 षिव परिवार सह हनुमान मंदिर प्रथम वार्षिक महोत्सव समापन के अवसर पर मंगलवार को स्कूल मैदान पांचा में भक्ति संगीत जागरण का आयोजन हुआ। रांची के शनि मियूजिकल ग्रुप के धून में भक्ति संगीत की प्रख्यात गायिका शहनवाज अख्तर ने कई मधुर भक्ति गीत प्रस्तुत की। वहीं कार्यक्रम में वीर हनुमान की आकर्षक झांकी भी प्रस्तुत किया गया। समारोह में ओरमांझी आसपास से पहुंचे लगभग पांच हजार भक्तों ने शहनाज अख्तर के छुम छुम छना न न बाजे, मईया पांव पईजनिया व श्रीराम के दिवाने हैं भगवा लहराएगें सहित कई भक्तिमय गीतों का रसपान किए। एक ओर मंच पर शहनाज अख्तर भक्ति गीत प्रस्तुत कर रही थी। वहीं दूसरी ओर मंच के निचे पूरे मैदान में युवा युवतियां व बच्चों के अलावे उपस्थित भक्तगण झुम



ओरमांझी में कार्यक्रम भक्ति गीत गाते शहनाज अख्तर।

रहे थें। शहनाज अख्तर ने जब लोगों से जय श्रीराम के उदघोष कराए, तो पूरा मैदान श्रीराम का जयघोष से गुंजयमान हो गया। शहनाज अख्तर ने कहा मै सरेआम कहती हूं श्रीराम की पुजारी हूं। जो श्रीराम के दिवाने हैं वे देष में भगवा लहराएगें। षहनाज के साथ मुंबई से पहुंचे इंडियन आइडियल व सारेगामापा के प्रषिद्ध गायक विषाल राय, रांची के सौम्या पाठक ने भी गीत प्रस्तुत किए। वहीं कार्यक्रम का संचालन पुनित पाठक ने किया। इससे पूर्व आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम में अतिथियों को चुनरी ओढा कर सम्मानित किया गया। वहीं शहनाज अख्तर का स्वागत आयोजन समिति के अध्यक्ष विजय साहू ने अपने धर्मपत्नी आरती देवी के साथ माता की चुनरी ओढा कर किया। मंच संचालन राजधाम साहू ने किया। कार्यक्रम में भजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, जिप सदस्य सरिता देवी, समाजसेवी उमाशंकर साहू, श्याम किशोर महतो, रामकुमार महतो, विक्रांत तिवारी, राजकिशोर साहू, अमित कुमार साहू, विजय साहू, शशि मेहता, संतोष गुप्ता, अजय साहू, हरिमोहन महतो, जगदीष साहू, बालक पाहन, प्रितम साहू, हरिषचंद्र महतो, नरेष महतो, ओमप्रकाष साहू, नवीन साहू, अषेष्वर लाल गुप्ता आदि उपस्थित थें।

### मोदी फिर बनेगें प्रधानमंत्री

कार्यक्रम में जैसे ही शहनाज अख्तर पहुंची। चारो ओर से जय श्रीराम के उद्घोष होने लगे। उन्होन हांथ जोड़ कर लोगों का अभिनंदन स्वीकारी, और कहा वह किसी राजनीति पार्टी से नही है लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर देष का भला हो रहा है। उन्होने कहा उनके आने से कष्मीर व अयोध्या विवाद में विराम लगा है। न्ययालय का रामलला के पक्ष में फैसला देषवासियों के खुषियाली का प्रतिक है। शहनाज अख्तर ने यह भी कहा कि गाय में 33 कोटी के देवी देवता हत्या करने वाले नर्क में जाएगें। शहनाज अख्तर ने कटरपंथियों के खिलाफ भी बोली और कहा बहाओं खून सड़कों पर, मगर इतना तो बतलाओं वतन जब खून मांगेगा तो तुम्हारे पास क्या होगा।

# विपक्षी दलों को झटका

सर्वोच्च न्यायालय ने कांग्रेस के नेतृत्व में सीबीआई सहित जांच एजेंसियों पर अंकुश लगाने की याचिका खारिज कर दी। पिछले 18 साल में कांग्रेस और भाजपा की सरकारों में सीबीआई ने जिन 200 राजनेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है उनमें से 80 प्रतिशत से अधिक विपक्ष के थे। साल 2014 से अब तक यानी पिछले आठ सालों में नेताओं के खिलाफ ईडी का इस्तेमाल चार गुना बढ़ा है। इन वर्षों में 121 प्रमुख राजनेता जांच के दायरे में आए हैं, जिनमें से 115 विपक्ष के हैं। इस तरह एनडीए राज में ईडी की 95 प्रतिशत कार्रवाई विपक्षी नेताओं पर हुई है। पिछले 8 सालों में ईडी ने जिन 147 प्रमुख राजनेताओं के खिलाफ कार्रवाई हुई है, उनमें से 85 प्रतिशत विपक्षी दल के थे। यूपीए शासन (2004 से 2014) में ईडी की केसबुक से अलग आंकड़ा मिलता है। उस दौरान केवल 26 नेताओं की जांच की गई थी, जिनमें से 14 (54 प्रतिशत) विपक्ष के थे। सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि देश में जिस प्रकार राजनेताओं और मंत्रियों के घर से रुपये बरामद हो रहें हैं उसे देश की जनता वर्तमान सरकार से सवाल पूछ रही है कि आप तो अलग वादों और उम्मीद के साथ आये थे उसका क्या हुआ। भ्रष्टाचार के कारण देश की दुर्दशा क्या होती है यह किसी से छिपा नहीं है। ऐसे में जो भी कार्रवाई हो रही है उस पर कोई रोक न लगाकर सर्वोच्च न्यायालय ने सही कदम उठाया। लेकिन ऐसे मामलों में कांग्रेस सहित जिन दलों ने न्यायालय से अपील की थी उन्हें मुंह की खानी पड़ी। सबसे दुर्भाग्यपूर्ण है कि भ्रष्टाचार के मामलों में न्यायालय की छांव चाहने वाले सभी दलों को इसके असर का पता है। ऐसे में 2024 के चुनाव में भ्रष्टाचार मुद्दा बना तो उन्हें इस मुद्दें पर सफाई देने में बगले छांकने होंगे।

# ट्रंप दोषी?

अमेरिका के इतिहास में पहली बार किसी मौजूदा या पूर्व राष्ट्रपति पर आपराधिक मुकदमा चलने वाला है। डोनाल्ड ट्रंप आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए, जिनके खिलाफ महाभियोग चलाया जाने वाला है। अमेरिका के मैनहट्टन शहर में ग्रैंड जूरी ने गुरुवार को 2016 के चुनाव अभियान के दौरान एक एडल्ट स्टार को मुंह बंद रखने के बदले में रकम देने के लिए ट्रंप को दोषी ठहराया। इसके अलावा ग्रैंड जूरी ने उनके खिलाफ अभियोग चलाने के पक्ष में मतदान किया। न्यूयॉर्क टाइम्स में छपी खबर के मुताबिक अमेरिका में गुरुवार को ग्रैंड जूरी ने एक एडल्ट स्टार को छिपाकर रकम देने के मामले की जांच के बाद पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को दोषी पाया और उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने के पक्ष में मतदान किया। अगले साल यानी 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को लेकर तैयारियों में जुटे डोनाल्ड ट्रंप के लिए यह बड़ा झटका है। आपराधिक मुकदमे की कार्यवाही के बीच उनके लिए चुनाव अभियान जारी रख पाना बेहद मुश्किल होगा। न्यूयॉर्क जूरी के फैसले के बाद डोनाल्ड ट्रंप को अटलांटा और वाशिंगटन में भी आपराधिक जांच का सामना करना पड़ सकता है। इसके चलते रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की दौड़ में एक प्रमुख दावेदार डोनाल्ड के सामने पार्टी फोरम पर भी आगे बढ़ने के मौके खत्म हो जाएंगे। कानूनी पेंचों में उलझे डोनाल्ड ट्रंप के लिए अपनी पार्टी के दूसरे दावेदारों का मुकाबला करना भी मुश्किल हो जाएगा। ट्रंप पर आरोप है कि एडल्ट फिल्मों की एक्ट्रेस स्टॉर्मी डेनियल के साथ उनके रिश्ते थे। इस रिश्ते को छिपाने के लिये अपने वकील के माध्यम से डॉलर का भुगतान किया था।

# भाजपा : दो सीट से 303 सीट तक की यात्रा



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) आज अपना स्थापना दिवस मना रही है। 6 अप्रैल, 1980 को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की गयी। जनसंघ से भाजपा तक और आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनने तक भाजपा ने बड़ें उतार चढ़ाव देखे हैं। 1984 में दो सीट से 1998 में 182 सीटों तक ला खड़ा कर दिया था। हिंदुत्व और राम जन्मभूमि के एजेंडे पर आगे बढ़ी बीजेपी ने 2014 में अपने दम पर पूर्ण बहुमत का स्वाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चखा। 2014 में बीजेपी ने 282 सीटों पर जीत दर्ज की थी तो वहीं 2019 में उसकी सीटों का आंकड़ा 303 हो गया।

भारत को एक समर्थ राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ भाजपा का गठन 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया, जिसके प्रथम अध्यक्ष श्री अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए। आज तीन दशक बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किसी एक पार्टी को देश की जनता ने पूर्ण बहुमत दिया है तथा भारी बहुमत से भाजपा नीत राजग सरकार केन्द्र में विद्यमान है।

गांधीजी की हत्या के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगाकर देश में एक नया राजनीतिक षड्यंत्र रचा जाने लगा। सरदार पटेल के देहावसान के बाद कांग्रेस में नेहरू का अधिनायकवाद प्रबल होने लगा। गांधी और पटेल दोनों के ही नहीं रहने के कारण कांग्रेस नेहरूवाद की चपेट में आ गई तथा अल्पसंख्यक तुष्टिकरण, लाइसेंस-परमिट-कोटा राज, राष्ट्रीय सुरक्षा पर लापरवाही, राष्ट्रीय मसलों जैसे कश्मीर आदि पर घुटनाटेक नीति, अंतर्राष्ट्रीय मामलों में भारतीय हितों की अनदेखी आदि अनेक विषय देश में राष्ट्रवादी नागरिकों को उद्विग्न करने लगे। नेहरूवाद तथा पाकिस्तान एवं बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर भारत के चुप रहने से क्षुब्ध होकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नेहरु मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया। इधर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ स्वयंसेवकों ने भी प्रतिबंध के दंश को झेलते हुए महसूस किया कि संघ के राजनीतिक क्षेत्र से सिद्धांततः दूरी बनाये रखने के कारण वे अलग-थलग तो पड़े ही, साथ ही संघ को राजनीतिक तौर पर निशाना बनाया जा रहा था। ऐसी परिस्थिति में एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल की



\- शिवशंकर उरांव

> कांग्रेस नेहरूवाद की चपेट में आ गई तथा अल्पसंख्यक तुष्टिकरण, लाइसेंस-परमिट-कोटा राज, राष्ट्रीय सुरक्षा पर लापरवाही, राष्ट्रीय मसलों जैसे कश्मीर आदि पर घुटनाटेक नीति, देश में राष्ट्रवादी नागरिकों को परेशना कर दिया। नेहरूवाद पाकिस्तान एवं बांग्लादेश में हिन्दू पर हो रहे अत्याचार पर भारत के चुप रहने से क्षुब्ध होकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नेहरु मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया।

आवश्यकता देश में महसूस की जाने लगी। फलतः भारतीय जनसंघ की स्थापना 21 अक्टूबर, 1951 को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में दिल्ली के राघोमल आर्य कन्या उच्च विद्यालय में हुई।

नेहरू के अधिनायकवादी रवैये के फलस्वरूप डॉ श्यामा प्रसाद मुकर्जी को कश्मीर की जेल में डाल दिया गया, जहां उनकी रहस्यपूर्ण स्थिति में मृत्यु हो गई। एक नई पार्टी को सशक्त बनाने का कार्य पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के कंधों पर आ गया। भारत-चीन युद्ध में भी भारतीय जनसंघ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा राष्ट्रीय सुरक्षा पर नेहरू की नीतियों का डटकर विरोध किया। 1967 में पहली बार भारतीय जनसंघ एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के नेतृत्व में भारतीय राजनीति पर लम्बे समय से बरकरार कांग्रेस का एकाधिकार टूटा, जिससे कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की पराजय हुई।

सत्तर के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में निरंकुश होती जा रही कांग्रेस सरकार के विरूद्ध देश में जन-असंतोष उभरने लगा। गुजरात के नवनिर्माण आन्दोलन के साथ बिहार में छात्र आंदोलन शुरू हो गया। कांग्रेस ने इन आंदोलनों के दमन का रास्ता अपनाया। लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने आंदोलन का नेतृत्व स्वीकार किया तथा देशभर में कांग्रेस शासन के विरूद्ध जन-असंतोष मुखर हो उठा। 1971 में देश पर भारत-पाक युद्ध तथा बांग्लादेश में विद्रोह के परिप्रेक्ष्य में बाह्य आपातकाल लगाया गया था जो युद्ध समाप्ति के बाद भी लागू था। उसे हटाने की भी मांग तीव्र होने लगी। जनान्दोलनों से घबराकर इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार ने जनता की आवाज को दमनचक्र से कुचलने का प्रयास किया। परिणामतः 25 जून, 1975 को देश पर दूसरी बार आपातकाल भारतीय संविधान की धारा 352 के अंतर्गत आंतरिक आपातकाल के रूप में थोप दिया गया। देश के सभी बड़े नेता या तो नजरबंद कर दिये गए अथवा जेलों में डाल दिए गये। समाचार पत्रों पर सेंसर लगा दिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित अनेक राष्ट्रवादी संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। जयप्रकाश नारायण के आह्वान पर एक नये राष्ट्रीय दल जनता पार्टी का गठन किया गया। विपक्षी दल एक मंच से चुनाव लड़े तथा चुनाव में कम समय होने के कारण जनता पार्टी का गठन पूरी तरह से राजनीतिक दल के रूप में नहीं हो पाया। आम चुनावों में कांग्रेस की करारी हार हुई तथा जनता पार्टी एवं अन्य विपक्षी पार्टियां भारी बहुमत के साथ सत्ता में आई। पूर्व घोषणा के अनुसार 1 मई, 1977 को भारतीय जनसंघ ने करीब 5000 प्रतिनिधियों के एक अधिवेशन में अपना विलय जनता पार्टी में कर दिया।

जनता पार्टी का प्रयोग अधिक दिनों तक नहीं चल पाया। दो-ढाई वर्षों में ही अंतर्विरोध सतह पर आने लगा। भारतीय जनसंघ से जनता पार्टी में आये सदस्यों को अलग-थलग करने के लिए दोहरी-सदस्यता का मामला उठाया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबंध रखने पर आपत्तियां उठायी जानी लगीं। यह कहा गया कि जनता पार्टी के सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य नहीं बन सकते। 4 अप्रैल, 1980 को जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति ने अपने सदस्यों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य होने पर प्रतिबंध लगा दिया। पूर्व के भारतीय जनसंघ से संबद्ध सदस्यों ने इसका विरोध किया और जनता पार्टी से अलग होकर 6 अप्रैल, 1980 को एक नये संगठन भारतीय जनता पार्टी की घोषणा की। इस प्रकार भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। आज भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। विश्व में भारत को सम्मान दिला हम सब के दिलों पर राज कर रही है।

**(लेखक अनुसूचित जन जाति मोर्चा झारखंड भाजपा के अध्यक्ष हैं।)**

## खास बात

### गेंहू को 10 प्रतिशत का नुकसान

**केंद्र** ने सोमवार को कहा कि प्रमुख उत्पादक राज्यों में हाल में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं की करीब 8-10 प्रतिशत फसल खराब होने का अनुमान है, लेकिन देर से बुवाई वाले क्षेत्रों में बेहतर उपज की संभावना से उत्पादन में होने वाले नुकसान की भरपाई की उम्मीद है। कृषि आयुक्त पीके सिंह ने कहा कि हाल के खराब मौसम के बावजूद कृषि मंत्रालय के दूसरे अनुमान के अनुसार इस साल देश का कुल गेहूं उत्पादन रिकॉर्ड 11.22 करोड़ टन पर पहुंच जाएगा। भारत गेहूं के प्रमुख उत्पादक देशों में से एक है, जो यहां की एक बड़ी आबादी का मुख्य भोजन है।

पिछले कुछ सप्ताह से पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण गरज, ओलावृष्टि और तेज हवाओं के साथ बेमौसम बारिश ऐसे समय हुई है, जब फसल कटाई के लिए लगभग तैयार थी। प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ फसल क्षति की समीक्षा बैठक के बाद सिंह ने कहा, बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से कुछ स्थानों पर फसल को नुकसान हुआ है और साथ ही देर से की गई बुवाई वाले क्षेत्रों में उपज में वृद्धि हुई है।' उन्होंने कहा कि लगभग ह्य8-10 प्रतिशत गेहूं की फसल क्षति' का अनुमान उन क्षेत्रों में लगाया गया है जो ओलावृष्टि, आंधी और तेज हवाओं के कारण पौधों के जमीन पर गिरने से हुआ।' उन्होंने कहा कि इस साल देश में कुल 3.4 करोड़ हेक्टेयर गेहूं बोए जाने के मद्देनजर गेहूं को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। कृषि आयुक्त ने कहा कि अन्य स्थानों पर जहां ओलावृष्टि और तेज हवाएं नहीं थीं, बेमौसम बारिश ने मिट्टी की नमी में सुधार किया है और गेहूं की फसल की उपज की संभावनाओं को और बढ़ाया है। मध्य प्रदेश और राजस्थान में 80 प्रतिशत गेहूं की फसल कट चुकी है, इसलिए इन दोनों राज्यों में फसल को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है। उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में गेहूं का लगभग 25 प्रतिशत क्षेत्र देर से बोया गया था और इन स्थानों पर बेमौसम बारिश से फसल की वृद्धि में मदद मिल रही है।

**रचनात्मक** समाधान और चुनौतियों को अवसरों में बदलना आदरणीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के काम करने का तरीका है। आज की मोदी स्टोरी में जानिए कि कैसे उन्होंने भूमि अतिक्रमण को रोकने और भविष्य में राजमार्गों के सहज विस्तार में सहायता के लिए एक भविष्यवादी विचार की सिफारिश की।

**– अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

## आपके ट्वीट

**राज्य** में उद्योग लगेंगे तो रोजगार सृजन होगा। इसके लिए नीतियां बने ताकि अधिक से अधिक उद्योग लगे। सरकार बनने के बाद नई उद्योग नीति बनायी गयी। टाटा समूह के लोग भी उद्योग नीति की लॉन्चिंग के दौरान उपस्थित थे।

**– हेमंत सोरेन**





**सिक्किम** के नाथूला में हुए हिमस्खलन में 6 पर्यटकों की दुःखद मौत और 150 लोगों के बर्फ में फंसे होने की दुःखद सूचना प्राप्त हुई। पीड़ित परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। फंसे हुए लोगों की कुशलता की कामना करता हूं।

**– बाबूलाल मंराडी**

# राम का सरयू में प्रयाण

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**राम** ने लक्ष्मण को मना किया था इसलिये जैसे राम ने लक्ष्मण को देखा अचंभित होकर बोले यह तुमने क्या किया? जब मैंने कहा था कि बातचीत के दरम्यान जो भी आएगा वह मृत्यु को प्राप्त होगा तो तुम क्यों आए? लक्ष्मण ने कहा प्रभु मेरे पास कोई उपाय नहीं था। वह बुढ़ा ब्राह्मण आगंतुक जो बात कर रहा था उसने श्रीराम को समझा दिया कि मैं काल हूं भेष बदलकर आपसे बात करने आया हूं। आपकी लीला के संवरण का समय हो गया है। आपके द्वार धरती पर जो कुछ होना था आप कर चुके हैं। काल ऐसा कह ही रहा था कि लक्ष्मण जी आ गये और उनके आते ही काल वहां से चला गया। लक्ष्मण जी के मन में भाव उठा कि आज्ञा का पालन मैं नहीं कर सका इसलिये मेरे जीने का कोई प्रयोजन नहीं है। ऐसा सोचकर वे सरयू नदी में चले गये। नदी में जाकर उन्होंने प्राणायाम के द्वारा अपने प्राण को छोड़ दिया। जब लक्ष्मण की मृत्यु की खबर मिली राम कोमिली तो सभी भाइयों ने बारी-बारी से सरयू नदी में जाकर प्राणायाम समाधि के द्वारा आपने शरीर का अंत कर दिया। इस तरह से रामायण की कथा समाप्त हुई।

प्रसंग क अध्यात्म- सीता भक्त की प्रतीक है। धरती से ही सीता निकली और धरती में ही समा गयी।भक्ति जब होगी तो धरती पर ही होगी। भाव जरूर भू: लोक में बनता है लेकिन भाव को भूलोक में ही उतारा जाता है। यह भाव जब तक भूलोक में नहीं उतरेगा तक तक उसका नाम भक्ति नहीं हो सकता है। वह एक भाव ही रह जाएगा क्रियान्वित नहीं होगा। जो कुछ महाभारत में अर्जुन का भाव था वह भक्ति रूप में तभी परिणत हुआजब महाभारत की लड़ाई हुई। (ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

# दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है भारतीय जनता पार्टी

**एडी बाधवा**

महज 42 साल पहले बनी पार्टी कैसे दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई? भारत की अन्य पार्टियां किस नंबर पर हैं?

**संख्या के आधार पर ये हैं टॉप-10 राजनीतिक दल**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) : 1980 में शुरू हुई भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा का दावा है कि 18 करोड़ से ज्यादा लोग पार्टी के सदस्य बन चुके हैं। इस लिहाज से देश की आबादी के करीब 13% लोग भाजपा के कार्यकर्ता हैं। मौजूदा समय भाजपा के 12 राज्यों में मुख्यमंत्री हैं। ऐसा नहीं है कि भाजपा शुरू से सबसे बड़ी पार्टी रही है। 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने तक भाजपा सदस्यों की संख्या करीब छह करोड़ थी। पिछले सात सालों में 12 करोड़ से ज्यादा सदस्य बढ़े।

2. चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) : 23 जुलाई 1921 को पार्टी की स्थापना चीन में हुई। अब 100 साल में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। सीसीपी ने नौ करोड़ से ज्यादा पार्टी सदस्य होने का दावा किया है।

3. डेमोक्रेटिक पार्टी (डीईएम) : आठ जनवरी 1828 में अमेरिका में डेमोक्रेटिक पार्टी की स्थापना हुई। मतलब अब तक इस पार्टी को शुरू हुए 194 साल हो चुके हैं। पार्टी का दावा है कि उनके पास 4.80 करोड़ कार्यकर्ता हैं।

## विशेष

4. रिपब्लिकन पार्टी (आरईपी) : अमेरिका की चर्चित रिपब्लिकन पार्टी दुनिया की चौथी सबसे बड़ी पार्टी है। इसकी स्थापना 20 मार्च 1854 को हुई थी। पार्टी के पास अब 3.57 करोड़ कार्यकर्ता हैं।

5. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आईएनसी) : भारत की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस है। इसकी स्थापना 1885 में हुई थी। कांग्रेस के अभी 1.80 करोड़ कार्यकर्ता हैं। अगर आबादी के लिहाज से देखें तो देश की 1.60% लोग कांग्रेस के सदस्य हैं।

6. पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) : पाकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर रहे इमरान खान ने पीटीआई की स्थापना 25 अप्रैल 1996 को की थी। पीटीआई के अभी 1.69 करोड़ सदस्य हैं। पार्टी का चुनाव चिन्ह बल्ला (बैट) है।

7. जस्टिस एंड डेवलपमेंट पार्टी (जेडीपी) : 14 अगस्त 2001 में स्थापित हुई इस पार्टी के 1.10 करोड़ सदस्य हैं। तुर्की की ये सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी मानी जाती है। तुर्की के मौजूदा राष्ट्रपति रजब तैयब इरदुगान इसी पार्टी से हैं। इससे पहले वह प्रधानमंत्री भी थे।

8. ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) : भारत की तीसरी पार्टी जो दुनिया की दस सबसे बड़ी पार्टियों में शुमार है। एआईएडीएमके का गठन 49 साल पहले 17 अक्टूबर 1972 को हुआ था। इसके संस्थापक एमजी रामचंद्रन थे।

9. आम आदमी पार्टी (आप) : 26 नवंबर 2012 में आम आदमी पार्टी का गठन हुआ था। महज नौ साल के अंदर इस पार्टी से जुड़ने वालों की संख्या एक करोड़ हो चुकी है। पार्टी के संस्थापक अरविंद केजरीवाल हैं। अब दिल्ली और पंजाब में आप की सरकार है।

10. चामा चा मपिनदुजी (चाचाम) : तंजानिया की चामा चा मपिनदुजी दुनिया की दसवीं सबसे बड़ी पार्टी है। इसके 80 लाख सदस्य हैं। पार्टी की स्थापना पांच फरवरी 1977 को जुलीयूस और एबॉड जुबे ने की थी।

## कार्टून वर्ल्ड




कार्टून मूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### सौर ऊर्जा का विकल्प

**आज** बिजली बुनियादी जरूरत बन गई है। पल-पल इसकी जरूरत ने इसे न सिर्फ महंगा अपितु इसके विकल्प तलाशने को भी मजबूर किया है। लोगों को ऊर्जा खपत के साधनों को न सिर्फ सीमित करना पड़ेगा बल्कि परंपरागत विकल्पों की ओर भी लौटना होगा। वैसे सौर ऊर्जा को अपनाना गलत नहीं होगा। फिर समय की जरूरत भी है। क्योंकि पृथ्वी गर्म हो रही है।

**–अमृतलाल सिंह, रांची**

### संकट की आहट

**ऊर्जा** संरक्षण, संवर्धन व बचत के साथ इसके विकल्प खोजने होंगे। ऊर्जा संचालित सुविधाओं में वृद्धि के कारण ऊर्जा पर निर्भरता से तदनुरूप पूर्ति न होने से ऊर्जा महंगी होना स्वाभाविक है। जब तक ऊर्जा की बचत, संरक्षण में वृद्धि, वैकल्पिक स्रोत की खोज और उपयोग को बढ़ावा नहीं देते, तब तक महंगी ऊर्जा का संकट बना रहेगा।

**– बी.एल. शर्मा, हजारीबाग**

# परम भक्त हनुमान की जन्म स्थली गुमला का आंजन धाम

**सुधांशु कुमार**

**हनुमान** गढ़ी उत्तर प्रदेश राज्य के अयोध्या में स्थापित सबसे महत्वपूर्ण मंदिरों में से एक है, जिसे विक्रमादित्य ने 10वीं शताब्दी में बनवाया था। ऐसा माना जाता है कि भगवान हनुमान (पवनपुत्र) यहां अयोध्या की रखवाली करते थे।

अथर्ववेद के अनुसार श्री राम के कथन पर अयोध्या आने वाले सभी भक्तों को सबसे पहले सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में हनुमान जी के दर्शन करने चाहिए। यहाँ हनुमान जी सदा विराजमान रहते हैं।

हनुमान चालीसा भक्त शिरोमणि तुलसीदास जी द्वारा रचित 40 चौपाइयों का एक महाकाव्य है, जिसमें श्री राम, लक्ष्मण और हनुमान जी की कीर्ति का बखान किया गया है।

एक प्राचीन मान्यता के मुताबिक, हनुमान जी का जन्म झारखंड के गुमला में हुआ था। यहां एक गुफा को उनका जन्म स्थल माना जाता है। इसी वजह से इस जगह का नाम आंजन धाम है।

धार्मिक मान्यताओं की मानें तो भगवान शिव ने हनुमान का अवतार लिया था। हम में से बहुत कम लोग इस बात को लोग जानते हैं कि भगवान शिव ने कुल 12 अवतार लिए हैं। जिनमें से एक अवतार उनका हनुमान का भी है। देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी पवनपुत्र हनुमान जी के भक्तों की कोई कमी नहीं है।

**हनुमान जी का जन्म**

मान्यताओं की मानें तो हनुमान जी का जन्म झारखंड के गुमला

## धर्म



जिला मुख्यालय से करीब 21 किलोमीटर दूर आंजन गांव की एक गुफा में हुआ था। इसी वजह से इस जगह का नाम आंजन धाम है। इतना ही नहीं माता अंजनी का निवास स्थान होने की वजह से इस स्थान को आंजनेय के नाम से भी जाना जाता है। जानकारी के लिए बता दें कि इन पवित्र पहाड़ों में एक ऐसी भी गुफा है जिसका संबंध सीधा-सीधा रामायण काल से जुड़ा है। माता अंजनी इस स्थान पर हर रोज भगवान शिव की आराधना करने आती थीं और इसी कारण से यहां 360 शिवलिंग स्थापित हैं।

**कैथल, हरियाणा**

झारखण्ड के बाद हरियाणा के कैथल को भी हनुमान जी का जन्म स्थान बताया जाता है। अलग-अलग मान्यताओं के अनुसार कैथल का प्राचीन नाम कपिस्थल था। कुछ पुराणों में कहा गया हैं कि कैथल में वानर राज हनुमान का जन्म स्थान है। कपि के राजा होने की वजह से हनुमान जी के पिता केसरी को कपिराज के नाम से भी जाना जाता है।

**हंपी, कर्नाटक**

कर्णाटक के हम्पी में भी हनुमान जी के एक प्राचीन मंदिर स्थापित है। शास्त्रों की मानें तो यह क्षेत्र प्राचीन की किष्किंधा नगरी है और इसका उल्लेख वाल्मिकि रामायण व रामचरित मानस में मिलता है।

**नासिक जिला, महाराष्ट्र**

अलग-अलग मान्यताओं के अनुसार हनुमान जी का जनम स्थान भी अलग-अलग है। कुछ शास्त्रों की मानें तो हनुमान का जन्म अंजनेरी पर्वत पर हुआ था। यह जगह महाराष्ट्र के नासिक में स्तिथ है। बता दें कि अंजनेरी पर्वत पर माता अंजनी का मंदिर है और हनुमान जी का मंदिर उससे और अधिक ऊंचाई पर स्थित है। आजंन धाम में आज के दिन बड़ी संख्या में भक्त का जुटान होता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### चुरचू में अंबेडकर जयंती मनाने की तैयारी

**चरही।** चुरचू प्रखंड के ग्राम चुरचू शिव मंदिर प्रांगण में बुधवार को संविधान निर्मार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर सभी धर्म व समुदाय के लोगों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सुखदेव प्रसाद यादव ने किया। वहीं संचालन गणेश राम ने की।बैठक में प्रखंड के चुरचू, आंगो, चनारो सहित के पंचायत के समाजसेवी, जनप्रतिनिधि,पंचायत प्रतिनिधि तथा समाज के प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया।बैठक में वक्ताओं ने बारी-बारी से सभी ने अपने -अपने विचार को रखे।जिसमें निर्णय लिया गया कि डॉ.भीमराव अम्बेडकर जयंती प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ मनया जाएगा। इसके अलावे कार्यक्रम के अवसर पर रैली, प्रभात फेरी और जागरण का कार्य बेहतर तरीका से किया जाएगा। इसके अलावे कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न तरह का स्टॉल लगाने का भी निर्णय लिया गया। इसे लेकर कमेटी गठित की गयी। जिसमें अध्यक्ष चंद्रदेव शर्मा, उपाध्यक्ष शम्भू राम, ब्रज बिहारी महतो, बंशी सिंह, अकबर हुसैन, सुरेश विश्वकर्मा, सचिव संजय कुमार सिंह,सह सचिव धानेश्वर सिंह, रूपलाल राम, चंद्रिका राम, विशेश्वर करमाली, महामंत्री सुखदेव यादव, संगठन मंत्री प्रदीप कुमार यादव, निगरानी मंत्री धानेश्वर करमाली, संरक्षण मंत्री सहदेव किस्कू, सह संरक्षण मंत्री मोहन हेंब्रम व मीडिया प्रभारी विजय दास को बनाया गया। वहीं 21 कार्यकारिणी सदस्य बनाये गये हैं। मौके दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### पर्यावरण की सुरक्षा हमसबों का दायित्व : प्रो एनके तिवारी


कॉलेज परिसर मे पौधारोपण करते स्वयंसेवक।

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रिभर साइड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज एनएसएस ईकाई दो के तत्वावधान में बुधवार को स्वयंसवेको द्वारा कॉलेज परिवार में पौधारोपण सह स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वयंसेवको ने स्वच्छता अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। इसके बाद परिसर में दर्जनो फलदार व छायादार पौधे लगाकर पौधोरोपण के प्रति लोगों को जागरूक किया। साथ ही पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो अर्जुन कुमार मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में धर्म के रूप मे उतारें। प्राचार्य प्रो एनके तिवारी ने कहा कि अपने आसपास क्षेत्र को स्वच्छता रखना हमसबों का दायित्व है। जीवन के लिए स्वचछता बहुत जरूरी है। उन्होंने पौधोरोपण पर जोर देते हुए कहा कि इसे लगाना ही काफी नहीं इसका संरक्षण बेहद जरूरी है। श्री तिवारी ने कहा कि पर्यावरण संतुलित रहेगा तभी मानव जीवन भी सुरक्षित रह सकेगा। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ एकेएस झा ने पर्यावरण संतुलन के लिये पौधों के महत्व को बताया। वहीं डॉ एसपी पांडेय व विशेश्वर रविदास ने कहा कि पौधे ही जलवायु के सर्वोतम सुचक होते हैं। मौके पर प्राचार्य प्रो एनके तिवारी, डॉ महेंद्र पांडेय, राजेश कुमार, एसपी दांगी, बालकृष्णा, देवप्रकाश, विभा राय, सुनील कुमार, बालमुकुंद, सुशील, जागृति, अंजली, काजल, वैष्णवी, योगिता, मानसी, कुमकुम, खुशबु, दिव्या, संगीता, मौली, सोनी, मनीषा, प्रियंका, ईशा, मुस्कान, नेहा, रानी, शिवानी, साक्षी, महक, डॉली, प्रिया, वंदना सहित कई स्वयंसेवक मौजूद थे।

### पांडु : एनटीपीसी केरेडारी परियोजना के खनन कार्य का हुआ शुभारंभ


मौके पर उपस्थित लोग।

**केरेडारी।** हजारीबाग जिला के केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के पांडु ग्राम में एनटीपीसी केरेडारी परियोजना ने खनन कार्य शुभारंभ करने को लेकर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम को लेकर ग्राम, पांडु काबेद, बेंगवरी, मनातू, तरहेसा, लोचर , बलेदेवरी अन्य ग्राम के दोनों समुदाय के द्वारा एकता का मिसाल पेश करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम में पुलिश अधीक्षक हजारीबाग मनोज रत्न चौथे जी कोएनटीपीसी कार्यकारी निदेशक खनन मुख्यालय पार्थ मजूमदार ने पुष्प भेट एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में ट्राई साइकल एवं छात्रों के लिए साइकल भी वितरण किया गया। कार्यकारी निदेशक पार्थ मजूमदार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में उपास्थित ग्रामीण जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आभार प्रकट करता हूं। राज्य में केरेडारी कोयला खनन परियोजना में ऐतिहासिक खनन कार्य शुभारंभ हुआ ये कार्य बीना ग्रामीणों के सहयोग के बीना नहीं हो पाता इसके लिए भी मै आप सभी को आभार प्रकट करता हूं। केरेडारी परियोजना महाप्रबंधक फैज तैय्यब ने कहा कि जिस तरह यहां के लोग सहयोग किए है उनको में आभार प्रकट करता हूं एवं आपलोगो को अस्वस्त करता हूं कि मै विस्थापित क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं को रोजगार में जोड़ने का कार्य हर संभव प्रयास रहेगा। पुलिस अधीक्षक मनोज रत्न चौथे ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की जिस तरह यहां की ग्रामीण एनटीपीसी को सहयोग करके आज खनन कार्य शुभारंभ करवाया है उनको में आभार व्यक्त करता हूं। मौके पर एसडीदी ओ विद्या भूषण कुमार, एसडीपीओ अमित कुमार सिंह, केरेडारी थाना प्रभारी एनजी केरकेटा, सीओ राकेश तिवारी, पंचायत के मुखिया सकीबा खातून, पंसस खदीजा खातून, मुखिया बेली कुमारी, पूर्व मुखिया रब्बानी मियां, पूर्व मुखिया राकेश रंजन दुबे, राम स्वरुप ओझा, रियाज अंसारी, समीम अंसारी, बरकत अली, अनील राम, फूल देव राम, अशोक राम, इनायत अंसारी, संजर राजा समेत हजारों लोग उपस्थित थे।

### कोडरमा : 1.55 करोड़ से बनेगा पुस्तकालय

**कोडरमा।** जिले में शिक्षा विभाग ने करीब एक करोड़ 55 लाख की राशि से प्रस्तावित जिला स्तरीय पुस्तकालय के निर्माण के लिए कोडरमा प्रखंड परिसर स्थित जमीन को चिह्नित किया है। जानकारी के अनुसार पुस्तकालय के लिए जमीन चिह्नित करने के बाद इसकी सूचना उपायुक्त की ओर से विभाग के निदेशक माध्यमिक शिक्षा कोध सूचित कर दिया गया है।

# रामगढ़ : मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया कुल 14 योजनाओं का हुआ उद्घाटन-शिलान्यास

- 1940 में कांग्रेस के 53वें अधिवेशन को समर्पित नवनिर्मित मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क का उद्घाटन
- बहुप्रतीक्षित बिरसा बस स्टैंड के जीर्णोद्धार कार्य का किया शिलान्यास
- जिले के खेल प्रेमियों को समर्पित बाजारटांड़, रामगढ़ स्थित नवनिर्मित सिद्धो कान्हू स्टेडियम का उद्घाटन
- मांडू कस्तूरबा में बच्चियों की ज्यादा संख्या को देख अतिरिक्त 16 शौचालयों व 16 बाथरूम का उद्घाटन
- भव्य हुआ मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क का उद्घाटन समारोह
- पंजाब रेजीमेंट सेंटर के बैंड टीम ने देशभक्ति गीतों पर दी प्रस्तुति
- कई योजनाओं के उद्घाटन शिलान्यास की मंत्री ने रामगढ़ जिला वासियों को दी शुभकामनाएं
- बेहद कम समय में राष्ट्रीय स्तर का पार्क बनाने पर मंत्री ने की जिला प्रशासन रामगढ़ की सराहना
- मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क बनाने वाले कारीगरों की मंत्री ने की तारीफ, बढ़ाया हौसला






**खबर मन्त्र टोली**

**रामगढ़।** मंत्री श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग सह प्रभारी मंत्री रामगढ़ सत्यानंद भोक्ता ने बुधवार को रामगढ़ जिले के दौरे के क्रम में विधायक रामगढ़ सुनीता चौधरी, उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी, नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन रामगढ़ के वरीय अधिकारियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में जिले के विभिन्न विकास कार्यों/योजनाओं का उद्घाटन शिलान्यास किया।

इस दौरान सर्वप्रथम उन्होंने 1940 में स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की अध्यक्षता में रामगढ़ में हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 53 वें अधिवेशन को समर्पित मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क (मॉडल कम्युनिटी पार्क, छत्तरमांडू का उद्घाटन किया जिसके उपरांत उन्होंने रामगढ़ जिले वासियों मि लंबे समय से रही मांग एवं बहुप्रतीक्षित बिरसा बस स्टैंड, रामगढ़ के जीर्णोद्धार कार्यों का शिलान्यास किया।

दौरे के दौरान माननीय मंत्री के द्वारा रामगढ़ जिले के खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने एवं खेल प्रेमियों को समर्पित बाजारटांड़, रामगढ़ स्थित नवनिर्मित सिद्धो-कान्हू स्टेडियम का उद्घाटन किया गया। वहीं, कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय मांडू में बच्चियों की संख्या को देखते हुए न्यास परिषद के अनुमोदन के उपरांत उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर तीव्र गति कार्य कर पूर्ण हुए 16 शौचालयों एवं 16 बाथरूम का उद्घाटन किया गया। दौरे के क्रम में मंत्री द्वारा कुल 14 योजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास किया गया।

- जिला प्रशासन के प्रयास से कम्युनिटी पार्क का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पर न केवल रामगढ़ बल्कि आसपास के जिलों के लिए पार्क एक आकर्षण का केंद्र बनेगा बल्कि जिले के विकास में भी कम्युनिटी पार्क का अहम योगदान होगा। साथ ही कम्युनिटी पार्क के निर्माण के कारण कई लोगों को प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी उपलब्ध होगा।
- 1940 में रामगढ़ में स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अबुल कलाम आजाद की अध्यक्षता में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 53वें अधिवेशन को समर्पित मौलाना अबुल कलाम आजाद पार्क (मॉडल कम्युनिटी पार्क) का निर्माण रामगढ़ जिले के विकास, जिलेवासियों के लिए मनोरंजन एवं रोजगार के नये अवसर पैदा करने के उद्देश्य से छत्तरमांडू रामगढ़ में करीब 7.85 एकड़ क्षेत्र में डीएमएफटी से कराया गया है। पार्क में बच्चों व बुजुर्गों के साथ सभी वर्ग के लोगों के लिए विशेष सुविधाएं है। डीएमएफटी के न्यास परिषद से अनुमोदन के बाद उपायुक्त के निर्देश पर अधिकारियों ने नियमित निरीक्षण कर कार्य प्रगति की समीक्षा से डेढ़ वर्ष से भी कम समय में पार्क बन गया।

# इचाक : कर्नाटक में भिड़ गये दो दोस्त,एक की मौत

- इचाक के अलौंजा खुर्द का रहने वाला था मृतक
- छह दिन बाद राजकुमार का शव पहुंचा गांव
- पत्नी-परिजनों के विलाप से गमगीन हुआ माहौल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इचाक।** इचाक प्रखंड के अलौंजा खुर्द पंचायत गांव मदनपुर गांव निवासी जगदीश राम के पुत्र 26 वर्षीय राजकुमार राम की मौत कर्नाटक के बेंगलुरु शहर गुरूवार को हो गयी। मृतक राजकुमार जनवरी माह में काम की तलाश में बंगलुरु गया था। उसके साथ उसके मित्र भोला साव समेत अन्य युवक भी गए थे। राज कुमार की मौत कैसे हुई इस बारे में जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि गुरुवार को काम के दौरान राजकुमार और उसके दोस्त भोला के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इस कदर बढ़ा कि भोला ने गुस्से में अपना आपा खो दिया और वहा रखे कुदाल से राजकुमार के सिर पर प्रहार कर दिया। माथे में चोट के बाद राजकुमार बेहोश हो गया। घायलावस्था में अन्य साथी उसे अस्पताल ले गये जहां डाक्टरों ने राजकुमार को मृत घोषित कर दिया।

#### कमाऊ बेटे की मौत से सदमे में मां-बाप



घटना की जानकारी मृतक के घरवालों व बंगलुरु पुलिस को दे दी गयी। सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में किया व आरोपी भोला साव को हिरासत में ले लिया। राजकुमार अपने तीन भाई और तीन बहनों में मंझला था। कमाऊ बेटे की मौत की खबर आते ही मां मुनिया देवी, पिता जगदीश राम भाई अजय राम रोहित राम, बहन अनुराधा, संगीता और मुनिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

" आरोपी को उसके कृत्य के लिए उचित दंड मिलना चाहिए। जिला प्रशासन मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दे। मनरेगा मे मजदूरों को काम मिलता तो मजदूर बाहर काम करने नहीं जाते। अलौंजा खुर्द पंचायत में करीब 2500 लेबर कार्ड उपलब्ध है लेकिन एक भी लेबर को 100 दिन काम नहीं मिलता। डीसी मामले की जांच कर मनरेगा कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करें। - **सकेन्द्र प्रसाद मेहता, मुखिया अलौंजा खुर्द**

#### चौथा में सज गया राम दरबार, 71 वर्षों से हो रही पूजा अर्चना

# दर्शन देंगे दशरथ नंदन, मां जानकी राम भक्त हनुमान और महर्षि वशिष्ठ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के चौथा में रामराज मेले की तैयारिया पूरी हो गई है। बुधवार को अधिवास पूजा के साथ ही मंदिर का पट भक्तों के लिए खोल दिया गया। मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम, माता जानकी भाई लक्ष्मण भरत शत्रुधन के साथ रुद्रा अवतार राम भक्त हनुमान और राज्याभिषेक कराते महर्षि वशिष्ठ की प्रतिमा स्थापित की गयी है। प्रत्येक वर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष के पूर्णिमा तिथि को राम राज मेला का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर भक्ती जागरण वो आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया है। इस बार पूजा कमिटी के अध्यक्ष के जगरनाथ यादव को बनाया गया है।


चौथा के रामराज मेले में स्थापित देवी-देवताओं की आकर्षक प्रतिमा।

#### एकजुटता और आपसी प्रेम बढ़ाने के मकसद से लगता है मेला

चौथा में राम दरबार की पूजा वो मेले का इतिहास 71 वर्ष पुराना है। पूजा कमेटी के कई बार अध्यक्ष पद रहे नारायण मिश्रा ने बताया कि सन 1952 से पूजा अर्चना और मेला का आयोजन किया जा रहा है। पूजा की शुरुआत करने में बैजनाथ मिश्रा, द्वारिका मिश्रा, काली नाथ मिश्रा, महादेव मिश्रा कपीलेश्वर पाठक, नरसिंग पाठक आदि की थी। वहीं गुली महतो द्वारिका सिंह, छोटू महतो, धनपति गोप, भृगुनाथ सिंह की अहम भूमिका व ग्रामीणों का सहयोग था। उस वक्त मंदिर के पुजारी काली नाथ मिश्रा वो आचार्य कपिलेश्वर पाठक को बनाया गया था। हर वर्ष चैत्र शुक्लपक्ष के पूर्णिमा तिथि को दशरथ नंदन माता जानकी, भक्त हनुमान वो महर्षि वशिष्ठ लोगों दर्शन देते हैं। लोगों में पूजा व मेले के विषय में यह भी किवदंति है कि पंचायत के लोगों को वर्ष में एक बार एकजुट होने व आपसी प्रेम, भाईचारगी बढ़ाने के मकसद से मेला आयोजित हुआ था।

## श्री हनुमान जन्मोत्सव पर हुई बाल हनुमान रूप सज्जा प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली, हजारीबाग में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर बाल हनुमान रूप सज्जा प्रतियोगिता हुई। विद्यालय स्तर पर चयनित भैया अभियान सिंह, दिव्यांश सिंह, आरव मिश्रा, अभियान स्वराज एवं प्रभाकर आर्या कुल 5 भैया जिला स्तरीय बाल हनुमान रूप सज्जा प्रतियोगिता (जो टाउन हॉल हजारीबाग में आयोजित है) विद्यालय स्तर पर चयनित भैया जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने विद्यालय के आचार्य तारकेश्वर राय के नेतृत्व में गये हैं। विद्यालय के प्राचार्य दिनेश मिश्र ने विद्यालय स्तर पर चयनित भैया -बहन को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष श्रद्धानंद सिंह, उपाध्यक्ष प्रो अरुण मिश्रा, सचिव संजय उपाध्याय एवं कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार भी उपस्थित रहे।



## पुण्यतिथि पर आजसू कार्यकर्ताओं ने किया शहीद रघुनाथ महतो को नमन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बड़कागांव।** गुरु चट्टी स्थित आजसू कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा की अध्यक्षता में शहीद रघुनाथ महतो की पुण्यतिथि पर लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आजसू के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा ने कहा कि अमर शहीद रघुनाथ महतो ने भारत की आजादी के लिए अंग्रेजों के दांत खट्टे किए। भारतीय क्रांतिकारी एवं एक महान नेता थे। जिन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध चुआड़ विद्रोह का नेतृत्व किया था। वहीं प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा ने कहा कि शहीद रघुनाथ अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह कर समाज के लिए कुर्बानी दी। छोटानागपुर क्षेत्र में अंग्रेजों के खिलाफ पहला विद्रोह था। ऐसे महापुरुष किसी समुदाय जाति के बंधन में बंधे नहीं हुए सिर्फ भारत माता के सपूत है। अंग्रेजी हुकूमत के काला कानून व्यवस्था के खिलाफ रघुनाथ महतो ने ग्रामीणों को एकजुट कर तत्कालीन एक शस्त्र विद्रोह का शंखनाद किया था।

### बोंगावार में उज्ज्वला फाउंडेशन की मासिक बैठक



**कुजू।** उज्ज्वला फाउंडेशन की मासिक बैठक बुधवार को बोंगावार स्थित मोतीराम कॉन्प्लेक्स में हुई। बैठक की अध्यक्षता सांसद प्रतिनिधि सह अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने की। बैठक में फाउंडेशन विस्तारीकरण व महिला सशक्तिकरण के तहत रोजगार दिलाने सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। वहीं पंचायत स्तरीय तीन तीन नए सदस्यों के रूप में महिलाओं को फाउंडेशन मे जोड़ने का निर्णय लिया गया। मौके पर शांति देवी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, सुमन देवी, मीनू देवी, संगीता देवी, किरण देवी, पूनम देवी, सुनीता देवी, सरिता देवी, संजू देवी, सोनी कुमारी समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

### चोरी के दो मामले में संलिप्त को भेजा गया जेल

**कुजू।** चोरी के दो अलग-अलग मामले में संलिप्त आरोपी को कुजू पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। मामले को लेकर ओपी प्रभारी बलवंत दूबे ने बताया कि बीती रात मुरपा स्थित श्रीराम स्पंज फैक्ट्री में कर्मी के तौर पर कार्यरत बोंगावार निवासी मिथुन कुमार को सुरक्षा कर्मियों ने रंगे हाथ लोहा चोरी करते पकड़ लिया। साथ पुलिस को सूचना देते हुए हवाले कर दिया। मामले को लेकर सुरक्षा गार्ड ने कुजू ओपी में आवेदन देते हुए मामला दर्ज कराया है। गुप्त सूचना के आधार पर बरकठी निवासी सुभानी उर्फ ललका को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी के 16 महंगे मोबाइल व आईफोन की बरामदगी हुआ। पूछताछ में आरोपी सुहानी ने बताया कि सभी मोबाइल चोरी के होने की बात कही। दोनों पर मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

## पूर्व विधायक ममता देवी को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

#### गोला गोलीकांड



**रामगढ़।** गोला गोलीकांड की दोषी रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी की अपील पर 5 अप्रैल को झारखंड हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए उन्हें जमानत दे दी है। इससे पूर्व उन्हें एक और मामले में जमानत मिल चुकी है। कांड के एक अन्य आरोपी राजीव जायसवाल को भी हाईकोर्ट से जमानत मिल गयी है। कोर्ट ने दोनों को जुर्माना की राशि जमा करने की शर्त पर जमानत दी है। ममता देवी की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता भोला नाथ ओझा द्वारा पक्ष रखा गया। जबकि ममता देवी की तरफ से अधिवक्ता अनुराग कश्यप ने बहस किया।

### पांचवीं पुण्यतिथि पर स्व कार्तिक राणा को लोगों ने किया नमन

**हजारीबाग।** नव झारखंड फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोरी राणा के पिताजी स्वर्गीय कार्तिक राणा का पुण्य तिथि हजारीबाग कोर्रा में उनके निवास स्थान पर पूजा-हवन के साथ पुष्पांजलि अर्पित की गयी। मौके पर किशोरी राणा, उमेश राणा, महावीर राणा, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर, प्रेम राणा, पुनीत राणा, अशोक राणा, सुनील राणा, महादेव विश्वकर्मा, मोहन राणा,गोलू, मुकेश, अभिनाश, आकाश, सुनिल, ऋशि, देवराज एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### कारगर साबित होगा वार्ड 29 का यह सामुदायिक भवन: मनीष जायसवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** बुधवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 29 स्थित कुम्हारटोली पहुंच यहां विधायक निधि की राशि करीब 13 लाख रुपये से चल रहें सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण कर जायजा लिया और काम में संतुष्टि जतायी। स्थानीय लोगों ने संकट मोचन मंदिर के समीप विधायक मनीष जायसवाल का भव्य स्वागत किया। मौके पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की इस सामुदायिक भवन के निर्माण होने से विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य में जरूरतमंदों को सुविधा होगी और लोगों को कई तरीके से राहत मिलेगी।

#### ये रहे उपस्थित

स्वागत करने वालों में मनोज गुप्ता, नारायण गुप्ता, कन्हैया शर्मा, कौशल किशोर सिंह, बालदेव प्रजापति, सुशील सिंहा, अनिल सिन्हा, विकास केशरी, विवेक अग्रवाल, ब्रजेश साव, कुलदीप केशरी, संजय विश्वकर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे।

### सोतोकान कराटे डू फेडरेशन का लाठी प्रशिक्षण शिविर संपन्न, 30 कराटेकारों ने लिया हिस्सा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सोतोकान कराटे डू फेडरेशन ऑफ भुरकुंडा डोजो के तत्वावधान में चल रहे लाठी एवं कराटे प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। शिविर में भुरकुंडा एरिया से 30 कराटेकारों ने हिस्सा लिया। भुरकुंडा एरिया के मुख्य प्रशिक्षक एवं सोकफ के टेक्निकल डायरेक्टर कियोशी नरेंद्र सिन्हा द्वारा प्रशिक्षण लिया गया। शिविर में सफेद से ग्रीन बेल्ट एवं ब्लू से ब्राउन बेल्ट दो वर्गों में प्रतियोगिता कराया गया। इसमें बेसिक नियम लाठी घुमाना, लाठी चलाना, लाठी के ट्रिक, लाठी से लड़ने की कला, एक हाथ से लाठी चलाना, दोनों हाथों से लाठी चलाने का प्रशिक्षण दिया गया।

# बरही: राहुल की सदस्यता रद होने से टोल पर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

- विधायक समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता हुए शामिल, करीब डेढ़ घंटा सड़क जाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** बरही में संचालित टोल प्लाजा पर विधायक उमाशंकर अकेला समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता सामुहिकरुप से राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने के विरोध में युवा कांग्रेस के बैनर तले बंद करवाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व विधायक उमाशंकर अकेला ने बरही टोल प्लाजा रसोइया धमना पर धरना प्रदर्शन करते हुए जाम कर दिया। कांग्रेसियों ने करीब पौने बारह बजे जाम किया और जाम करीब डेढ़ बजे खोला गया। इस अवसर पर विधायक श्री अकेला ने टोल प्लाजा पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की सरकार लोकतंत्र की हत्या करने में जुटी है। एक ओर जहां आम लोग महंगाई से परेशान हैं, वहीं केंद्र सरकार टोल टैक्स में वृद्धि कर आम व्यक्ति के खर्च को बढ़ा रही है। उन्होंने राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने पर कहा कि कहीं न कहीं सत्ता पक्ष साजिश कर रहा है। अनुरूप संविधान में बदलाव करके उनके सांसद की सदस्यता को खत्म कर दिया गया है।


सड़क जाम में शामिल कांग्रेस नेता।

- यूथ कांग्रेस प्रभारी सह जिला महासचिव झारखंड प्रदेश मेहुल प्रसाद ने कहा कि पूरे देश में राजनीति गतिरोध जारी है। लोकतंत्र की हत्या लगातार की जा रही है। विधि व्यवस्था को संभालने के लिए एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो समेत पुलिस बल के जवान मौजूद रहे। मौके पर यूथ कांग्रेस प्रभारी सह जिला महासचिव झारखंड प्रदेश मेहुल प्रसाद, युवा जिलाध्यक्ष प्रकाश यादव, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, 20 सूत्री अध्यक्ष इक्बाल रजा, विधानसभा युवा अध्यक्ष मनोहर यादव, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

# रामगढ़: 11 के विधानसभा घेराव को सफल बनाने में जुटे भाजपाई

- भाजपा जिला कार्यालय में संगठनात्मक बैठक का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** भाजपा जिला भाजपा कार्यालय में बुधवार को जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक में भाजपा जिला पदाधिकारियों सहित सभी मंडल के अध्यक्ष भी उपस्थित हुए। जिला प्रभारी शशिभूषण भगत की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल जी थे एवं मंच संचालन छोटन सिंह ने किया। महापुरुषों की तस्वीर पर माल्यार्पण के बाद मंचासीन मुख्य अतिथि विधायक जेपी पटेल ने राष्ट्रपति के दिये अभिभाषण को इंगित करते हुए कहा कि हमें महामहिम के संसद में दिये अभिभाषण को ध्यान से पढ़ना चाहिए। इसके अंदर देश में पीएम मोदी के द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं का जिक्र और उससे नागरिकों को मिले लाभ का बिंदुवार जिक्र मिलता है।

#### मजबूत बूथ निर्माण के लिए साझा किये अनुभव

पार्टी के इस मासिक बैठक में बूथ सशक्तिकरण को लेकर जिला प्रभारी शशिभूषण भगत ने सभी मंडल अध्यक्षों से बूथ कमेटी संबंधित त्रुटियों पर चर्चा कर एक मजबूत बूथ निर्माण के लिए अपने अनुभवों को साझा किया। साथ हीं अपना शत प्रतिशत कमेटी गठन करने वाले कैंट मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो एवं गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव एवं दोनो मंडल के प्रभारी क्रमशः खुशिलाल महतो एवं राजू चतुर्वेदी को उनके उम्दा प्रदर्शन के लिए विधायक जेपी पटेल एवं प्रभारी शशिभूषण भगत ने अंगवस्त्र देकरसम्मानित किया।



बैठक में प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रकाश मिश्रा, प्रो संजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, स्नेहलता चौधरी, बलराम महतो, आनंद बेदिया, राजेंद्र कुशवाहा, मंत्री वसुध तिवारी, खुशीलाल महतो, संजीव बावला, रमेश वर्मा, मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, धीरज साहू, महेंद्र प्रजापति, विजय जयसवाल, एससी मोर्चा अध्यक्ष विनोद कुमार, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष नमेंद्र चंचल, सतीष मोहन मिश्रा, सन्नी कुशवाहा, टोकेश सिंह, गणेश प्रसाद स्वर्णकार आदि थे।

# लोकतंत्र के खतरे में आने से देश में आपातकाल की स्थिति : पांडे

## शुरू हुआ जय भारत सत्याग्रह सभा,जमकर बरसे मोदी सरकार पर नेता, नफरत के मैदान में मोहब्बत की दुकान खोला है राहुल गांधी नेः राजेश ठाकुर







सम्बोधित करते अविनाश ठाकुर, कार्यक्रम स्थल जाते अतिथिगण व कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि





उपस्थित लोग व मंचासिन नेतागण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में समाहरणालय स्थित मैदान में बुधवार को जय भारत सत्याग्रह सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर , स्थानीय विधायक सह मंत्री रामेश्वर उरांव ,कृषि मंत्री बदल पत्रलेख , राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू , पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय,पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी,पूर्व मंत्री बंधु तिर्की,पूर्व विधायक सुखदेव भगत,सहजदा अनवर, शिवकुमार भगत,गजेंद्र सिंह,शशिभूषण राय, लाल अजय शाहदेव, अशोक यादव, निशीथ जायसवाल, आलोक साहू सहित कई कांग्रेसी नेता ने शामिल हुए। इस मौके पर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे मोदी सरकार पर जमकर बरसे। मौके पर अविनाश पांडे ने कहा की देश में लोकतंत्र की आजादी आज खतरे में है। देश के आम लोगो के आवाज बनकर सरकार से सवाल करने पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी की सदस्यता को रद्द कराने की साजिश की गई। आज से पूरे देश में कांग्रेसी कार्यकर्ता लोकतंत्र बचाने के लिए सड़क पर उतर रहे है। मोदी सरकार में आम लोग अपने को अस समझ रहे है। महंगाई, बेरोजगारी, दंगा से लोगो का ध्यान हटाने के लिए सरकार राहुल गांधी की सदस्यता को रद्द कराने का काम की है ।जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्री पांडे ने कहा की लोहरदगा से आज जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम की शुरूआत को गई है जो राज्य के पूरे 24 जिले में 13 दिन तक चलेगा।

कांग्रेस के कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर वर्तमान केन्द्र सरकार की हठधर्मिता और लोकतंत्र की हत्या को लेकर जागरूक किया जायेगा ।उन्होंने कहा की राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक भारत जोड़ों यात्रा के जरिए आम लोगो को एक भरोसा दिलाया ,आम लोगो की आवाज बनकर सामने आ रहे थे।

राहुल गांधी ने मोदी सरकार से अडानी द्वारा कई शैल कंपनी बनाकर 20 हजार करोड़ रुपए पर सवाल खड़े किए तो मोदी सरकार को ये नागवार गुजरा ।राहुल गांधी ने इसे लेकर जेपीसी जांच की मांग कर दी तो मोदी सरकार को सांप सूंघ गया। अडानी को बचाने के लिए मोदी सरकार लोकतंत्र की पूरी तरह हत्या करने पर उतर आया है ।आज भारत अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हर मोर्चा पर गिरावट में है। मोदी सरकार जातीय हिंसा,दंगा और आरएसएस जैसे संगठन का उपयोग कर हिदू मुसलमान को नफरत बांट रही है। अविनाश पांडे ने कार्यकर्ताओ से इसे लेकर जन जागृति फैलने पर जोर दिया। वही प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा की नफरत के मैदान में मोहब्बत की दुकान खोला है राहुल गांधी ने। साढ़े चार हजार किलोमीटर पद यात्रा कर राहुल गांधी ने देश में नफरत की राजनीति को खत्म करने का काम किया,साथ ही आम लोगो की आवाज बनकर उभरे ।राहुल गांधी ने अडानी द्वारा आम लोगो के पैसे को लूटने के लेकर सरकार से सवाल किया गया तो सरकार ने घबराकर उनकी सदस्यता रद्द कर दी ।वही स्थानीय विधायक सह वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की गांधी जी ने सत्याग्रह आंदोलन कर देश को अंग्रेजो से आजादी दिलाई ,आज आजादी के 75 साल होने की स्थिति में देश में लोकतंत्र को बचाने के लिए एक और सत्याग्रह शुरू किया गया है।

उन्होंने कहा की 2014 के बाद इस देश में लोकतंत्र को कुचलने का काम भाजपा सरकार द्वारा किया जा रहा है। जिसे बचाने के लिए कांग्रेस द्वारा जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने मौके पर राज्य सरकार द्वारा आम लोगो के लिए किए गए कार्यों को भी बताते हुए कहा की इस सरकार ने 20 लाख लोगो को राशन कार्ड से जोड़ने का काम किया वही साढ़े चार लाख लोगो का कृषि ऋण माफ किया साथ ही 65 लाख कार्डधारियों के लिए लुंगी धोती योजना लेकर आई।

**इन्होंने भी किया कार्यक्रम को संबोधित :** कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा की आजादी के लिए सत्याग्रह आंदोलन चलाया गया था,आज आजादी के 75 वे साल में फिर से सत्याग्रह की जरूरत आन पड़ी है ।देश के लोकतंत्र को गला घोटने का कार्य किया जा रहा है ।राहुल गांधी को सच बोलने से रोकने के लिए सरकारी विभागों का दुर्पयोग किया जा रहा है। क्योंकि राहुल गांधी ने देश हित और आम लोगो की हित में सरकार के गलत कार्यों से पर्दा उठाने का काम किया ।राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा की भारत के इतिहास में पहली बार सत्ता पक्ष के लोग संसद नहीं चलने दे रहे है। महंगाई, बेरोजगारी के सवालों से सरकार भाग रही है। लोगो को सिर्फ आपस में लड़ने का काम कर रही है सरकार ।मोदी सिर्फ जुमलेबाजी करते है ।लोगो से किए गए एक भी वादा उन्होंने नही पूरा किया ।राहुल गांधी देश की आवाज बन रहे थे तो उन्हें कुचलने की का कुचक्र रचा गया। पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा की देश के लोकतंत्र को बचाने कों लेकर जय भारत सत्याग्रह किया जा रहा है ।मोदी सरकार से राहुल गांधी ने अडानी के 20 हजार करोड़ रुपए के बारे में सवाल किया तो षड्यंत्र के तहत उनकी सदस्यता को रद्द करा दिया गया।

पर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा की लोहरदगा महान स्वतंत्रता सेनानी करंतिकारियो की भूमि है ।आज इस भूमि से हमे लोकतंत्र बचाने की संकल्प लेने की जरूरत है ।उन्होंने कहा की देश के बैंको से 28 लोगो ने हजारों करोड़ रुपए लेकर फरार हो गए जिसमे से एक मात्र विजय माल्या को छोड़कर सब गुजरात के है ।उन्होंने केंद सरकार पर आदिवासी की पहचान मिटने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए इस सरकार को उखाड़ फेंकने की बात कही ।कार्यक्रम का संचालन जिला अध्यक्ष सुखैर भगत ने किया, वही धन्यवाद ज्ञापन मोहन दुबे ने दिया ।इस मौके पर नेसार अहमद,कुणाल अभिषेक,प्रभात भगत,शकील अहमद, बेलु अहमद सहित हजारों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव की तैयारी पूरी, आंजन धाम में आज उमड़ेगी भीड़

## 151 किलो सूजी का लगाया जाएगा भोग, हरि कीर्तन, हनुमान चालीसा पाठ व महाआरती का किया गया है आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** राम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव की तैयारी हनुमान की जन्मस्थली आंजन धाम में जोरशोर से चल रहा है। जन्मोत्सव के अवसर पर आंजन धाम में अखंड हकर कीर्तन, महा आरती, हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। वहीं संजीव शर्मा गोल्डी की ओर से 151 किलो सुजी का भोग लगाया जाएगा और उसे प्रसाद के रूप में आंजन धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के बीच बांटा जाएगा। हनुमान के जन्मोत्सव को लेकर



हनुमान की जन्मस्थली में स्थापित मां अंजनी व बालक हनुमान की प्रतिमा

आंजन धाम विकास समिति गुमला के द्वारा भी विशेष तैयारी किया जा रहा है। हनुमान के जन्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लेने गुमला, लोहरदगा, रांची व बाहर राज्यों के कई जिलों से लोग भारी संख्या में आते हैं। वहां आस-पास के गांव के लोग भी हनुमान के जन्मोत्सव पपर उनके विश्व प्रसिद्ध प्रतिमा के समक्ष मत्था टेकर पूजा अर्चना करते हैं और समाज व अपने परिवार के कल्याण की कामना करते हैं। आंजन धाम में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मेला जैसा माहौल रहता है। लोग नीचे आंजन से पैदल चलकर उपर आंजन पुराने मंदिर तक जाते हैं। भक्तों का उत्साह देखते ही बनता है।

# जलते अंगारों पर चलकर भोक्ताओं ने अपनी भक्ति का किया प्रदर्शन

## शिवलिंग से फुल गिरने के बाद आरंभ हुआ फुलकुंदी



जलते आग के अंगारे में चलता भोक्ता



पूजन विधि में शामिल भोक्ता व श्रद्धालु

**बीस फीट लंबा बनाया गया था आग का अंगारा**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के हापामुनि गांव में चल रहे मंडा मेला में फुलकुन्दी कार्यक्रम में बुधवार को अहले सुबह जलते आग के अंगारों पर चलकर भोक्ताओ और ग्रामीणों ने अपनी भक्ति व शक्ति का परिचय दिया। इस क्रम में डेढ़ सौ भोक्ताओं ने शिवलिंग पर पूजा पाठ किया। भगवान के शिवलिंग से फूल गिरने के उपरांत फुलकुन्दी के लिए तैयार हुए।

भोक्ताओं द्वारा 20 फीट लंबाई की धधकती आग के अंगारों पर खाली पैर चलकर पार किये। जिसके उपरांत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष भी खाली पैर आग के अंगारों से पार हुए। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि आग पर चलने से कई मनोकामना पूर्ण होने के साथ शरीर के कष्ट दूर होते हैं। इधर मंडा मेला समिति द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जहां कलाकारों द्वारा ठेठ नागपुरी गीत व नृत्य प्रस्तुत किये गये। इसके पूर्व मंडा मेला समिति के सदस्य द्वारा पूर्व मुखिया आदित्य भगत को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं देर शाम भोक्ता के झूलन के साथ मेला कार्यक्रम की समाप्ति हुई।

मौके पर मेला समिति के संरक्षक सह अध्यक्ष प्रोफेसर अवध मनी पाठक, गौरव पाठक, राजेश मणि पाठक, प्रधान उरांव, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, मिथिलेश मणि पाठक, शैलेश मणि पाठक, नीलेश मनी पाठक, अजित मनी पाठक, नीरज साहू, अशोक उरांव, कृष्णा पाठक, मुकेश पाठक, श्याम किशोर पाठक ,संजेश उरांव, रविंद्र महली सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# पीएम से सांसद ने किया शिष्टाचार मुलाकात, भेंट की टांगीनाथ धाम की तस्वीर

## अच्छा कार्य, उधोग व उपक्रम स्थापित करने की रखी मांग



टांगीनाथ धाम की तस्वीर पीएम को प्रदान करते सांसद

**गुमला।** सांसद सुदर्शन भगत ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात गुमला जिले के डुमरी में स्थापित प्राचीनतम शिव मंदिर बाबा टांगीनाथ का तस्वीर भेंट की। इस दौरान सांसद को प्रधानमंत्री का स्नेह, मार्गदर्शन प्राप्त हुए। प्रधानमंत्री ने सांसद से गुमला, लोहरदगा सहित पूरे संसदीय क्षेत्र का हालचाल सांसद से पूछा। सांसद श्री भगत ने अन्न (मिलेट) पर हुए सरहनीय कार्यों की प्रधानमंत्री से चर्चा करते हुए संसदीय क्षेत्र में मिलेट पर छोटे उद्योग लगाने, लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में बॉक्साईट आधारित उद्योग स्थापित करने, अपने क्षेत्र के प्राचीनतम धार्मिक स्थलों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी साझा की।

सांसद ने कहा कि जनजातीय बहुल सुदूर ग्रामीण अंचल वाला यह लोकसभा क्षेत्र धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध है। वर्षा आधारित खेती व उर्वरा भूमि होने के साथ-साथ वन सम्पदा से परिपूर्ण लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। बॉक्साईट जैसे खनिज लवण से सुसंपन्न है। इस पुण्य भूमि में प्राचीन टांगीनाथ धाम (शिव मंदिर) जिसमें दिव्य लौह त्रिशूल स्थापित है।

गुमला जिले में ही हनुमान की जन्मस्थली आंजनग्राम भी अत्यंत प्राचीनतम देवस्थान है। साथ ही पम्पापुर एवं रामरेखा धाम जैसे धार्मिक स्थल भी निकटत है। अदम्य साहस और शौर्य के प्रतीक परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का का ग्राम भी गुमला में ही है। क खेलों के क्षेत्र में गुमला का देश में अभूतपूर्व योगदान है। यहाँ की कृषि एवं ग्रामीण आधारित जीवनशैली भी यहाँ की सांस्कृतिक विरासत है। यह क्षेत्र आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है। उग्रवाद से बुरी तरह से प्रभावित है। अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं एवं उच्च शिक्षा का आभाव है। रोजगार के अवसरों का आभाव है। सांसद ने प्रधानमंत्री से उद्योग एवं उपक्रम स्थापित करने की मांग की ताकि सम्पूर्ण क्षेत्र का आर्थिक विकास हो और पलायन जैसी समस्या पर रोक लगे। यदि यहाँ के धार्मिक स्थलों का वृहत स्तर पर सौन्दर्यकरण एवं विकास हो जाये तो यहाँ पर्यटन बढ़ने की भी अपार संभावनाएं हैं।

# पीएम आवास योजना की हुई समीक्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** बीडीओ रणजीत कुमार सिन्हा ने प्रखंड कार्यालय में बुधवार को प्रधानमंत्री आवास योजना की कार्य प्रगति को लेकर पंचायत स्तर पर समीक्षा की। जिसमें प्रखंड आवास पर्यवेक्षक नितेंद्र कुमार सहित सभी आवास पर्यवेक्षक मौजूद थे। उन्होंने लंबित योजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि प्रखंड में कुल 300 अपूर्ण आवास है। जिसे 15 अप्रैल तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास के लाभुक अंतर्गत सूची का निर्माण एक सप्ताह के अंदर देने का आदेश दिया गया। वहीं आवास लाभुक को शत प्रतिशत मनरेगा मजदूरी भुगतान करने का आदेश दिया गया। मौके पर बीडीओ कहा पीएम आवास योजना में यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत लाभुक द्वारा की जाती है तो मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर बिपिओ सुदर्शन लकड़ा, नीता सरकार, तनुश्री कुमारी,रऊफ अंसारी, तिवारी भगत, बंदना, जितबाहन उरांव सहित सभी प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर में

### पान दुकान का ताला तोड़कर की गई चोरी

**भंडरा।** भंडरा नौडीहा चौक में स्थित भगत पान दुकान का ताला तोड़कर चोरी कर ली गई। बीते रात चोरों ने 20,हजार नगद सहित 15हजार का दुकान का सामान चोरी किया। इस संबंध में भगत पान दुकान के मालिक राम उरांव ने भंडरा थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में राम उरांव ने बताया कि वह अपने दुकान में एक टीना में ?5 का सिक्का एवं 2हजार का नोट बचत स्वरूप रखा करता था । यह लगभग ?20 हजार रहा होगा ।चोर पैसों से भरा टीना ले गए।इसके साथ ही दुकान का बहुत सारा सामान चोर ले गए। राम उरांव का दुकान नोडिहा चौक में स्थित है।

### बीडीओ ने बैनर हटवाया

**भंडरा।** लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी की दौरा लोहरदगा में आयोजित कार्यक्रम सत्याग्रह का बैनर प्रखंड परिसर में लगाया गया। कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम का बैनर प्रखंड परिसर में लगाए जाने का शिकायत भाजपा जिला महामंत्री बाल कृष्णा सिंह ने बीडीओ से की। बीडीओ ने कहा कि किसी राजनीतिक पार्टी या राजनीतिक कार्यक्रम का बैनर पोस्टर प्रखंड कार्यालय परिसर में लगाने की इजाजत नहीं है। प्रखंड परिसर में लगाया गया बैनर को हटा दिया गया है ।

### खराब ट्रांसफार्मर को लेकर अधिकारी से मिली आजसू नेत्री

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उतका में पिछले कई दिनों से ट्रांसफरमर जलने के कारण पूरा क्षेत्र अंधेरे के साये में जीने को विवश है जिस कारण बच्चों की पढ़ाई सहित ऑनलाइन से जुड़ी व्यवसाय व प्रतिष्ठान भी पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। जिसकी सूचना मिलने के बाद समाजसेवी सह आजसू नेता बिपिन सिंह की अगुवाई में ग्रामीण आजसू नेत्री नीरू शांति भगत के साथ विद्युत विभाग पहुँचकर जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर को बनाने की अपील किया ताकि क्षेत्र में विद्युत के कारण किसी तरह की परेशानी न हो।

### प्रगति को लेकर डीसी ने की बैठक

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में बुधवार को पथ निर्माण से संबंधित बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में मुख्य रूप से ग्रामीण कार्य विभाग, लोहरदगा द्वारा किये जा रहे कार्यो में- सेन्हा प्रखण्ड में मेढ़ो पुल रोड से कोराम्बे तक जर्जर पथ निर्माण एवं मेढ़ो पुल के जीर्णोद्वार, कुज्जी उच्च विद्यालय पीडब्ल्यूडी पथ से बसारडीह ग्राम तक दो किमी पथ निर्माण, किस्को प्रखण्ड के बगडू पंचायत अंतर्गत ग्राम पतरातू से ग्राम आराहासा होते हुए मंजूरमती उच्च विद्यालय महादेव आश्रम तक कुल 07 किमी पक्की सड़क निर्माण की समीक्षा की गई। उपरोक्त बिंदुओं पर बैठक में उपस्थित सहायक अभियंता द्वारा कार्य प्रगति की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया। उपायुक्त द्वारा सनई हपात पथ में तीन उच्च स्तरीय पुल निर्माण, पाखर में पथ निर्माण योजनाओं की भी समीक्षा की गई व आवश्यक निदेश संबंधित विभाग को दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा एस, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी, संबंधित विभागों के अभियंता उपस्थित थे।

### मनरेगा योजनाओं को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**कुडू/लोहरदगा।** कुडू प्रखण्ड स्तिथ सभागार में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार के द्वारा मनरेगा योजनाओं का समीक्षा बैठक किया गया। बैठक में सभी पंचायत को मुख्य रूप से वित्तीय वर्ष 2023-24 का श्रम बजट के अनुरूप मानव दिवस का सृजन करने, मनरेगा मजदूरों का शतप्रतिशत आधार प्रविष्टि, वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान की योजना को यथाशीघ पूर्ण करने एवं पूर्व की योजनाओं को बन्द करने संबधी निर्देश दिया गया। बैठक में मनरेगा श्रमिकों का शत प्रतिशत आधार प्रविष्टि नहीं करने वाले चार पंचायत के ग्राम रोजगार सेवक मुकेश कुमार पंचायत जिंगी, मो० समसुल पंचायत ककरगड़, संदीप यादव पंचायत कुडू एवं श्रीवास्तव भगत पंचायत लावागाई का माह मार्च 2023 का मानदेय स्थगित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी रघुनाथ मुंडा, अरविन्द रोशन, सभी पंचायत सचिव, सभी कनीय अभियंता एवं सभी ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित रहे।

### जिला परिषद अध्यक्ष ने किया सड़क का निरीक्षण

**कुडू।** प्रखंड के कुडू ब्लॉक मोड से ओपा सरना टोली के आशीर्वाद टाना भगत चौक तक बन रहे सड़क का निरीक्षण जिला परिषद् अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने किया ।सड़क का कार्य शुरू हुवे विगत तीन महीना से भी अधिक हो चुका है लेकिन कार्य में कोई गति नहीं देखने को मिलने से जिला परिषद अध्यक्ष ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा की रोड के कार्य प्रारम्भ हुए बहुत दिन हो गया, लेकिन अभी तक कुछ दिखाई नहीं दे रहा है रोड बनाने कार्य प्रारंभ कर के छोड़ देने से रोड की स्थिति पहले से और ज्यादा खराब और गढ़ा हो गया है इससे इस रोड चलने वाले राहगिरों और आस पास के ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है इसका असर पढ़ने जाने वाले बच्चों एवं बाजार जाने वाले किसानों पर भी हो रहा है। अध्यक्ष ने कार्य करने वाले ठेकेदारों को यह हिदायत दिया है,की जनता के परेशानी को दूर करने के लिय रोड को जितना जल्द हो सके बनाएं एवम रोड बनाने में उपयोग होने वाले अच्छे किस्म के सामान का प्रयोग कर बनाया जाए।अगर ऐसा नहीं होता है तो विभागिय कारवाई कि जायेगी।मौके पर आदिवासी छात्र संघ कुडू प्रखण्ड अध्यक्ष अवधेश उरांव, समाज सेवी सह युवा कांग्रेस नेता रवि कुमार साहु, मदन कुमारजितेंद्र भगत, संजय उरांव, आजसू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान,मंजीत उरांव, पंचायत समिति सदस्य मनान अंसारी,सफरोज अंसारी, खैरुल अंसारी, सहजन अंसारी, आदि लोग उपस्थित थे।

### एलएडीसीएस कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**लोहरदगा।** जिला सिविल कोर्ट, स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार भवन में एलएडीसीएस यानि लीगल एड डिफेंस काउंसिल कार्यालय का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीय -सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकर राजेंद्र बहादुर पाल के द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रधान जज, कुटुम्ब न्यायालय के जज सुभाष, प्रथम जिला जज अखिलेष तिवारी, तृतीय जिला जज अरविंद कुमार, डालसा सचिव राजेश कुमार, सिविल कोर्ट निबंधक राज कल्याण, प्रधान मजिस्ट्रेट पूजा कुमारी लाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट एस एन तिग्गा बार के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी, एलएडीसीएस के सभी 05 चयनित अधिवक्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री पाल ने कहा कि अब लोहरदगावासियों को निःशुल्क न्याय एवं विधिक सहायता व्यापक स्तर पर मिलेगी क्योंकि अब 05 अधिवक्ता जिनका चयन एल ए डी सी एस में हुआ है वो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पूर्णकालिक सेवा देंगे। जिनके लिए उन्हें हर माह मानदेय भी दिया जायेगा।

### अमर शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर आजसू कार्याकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

**गुमला।** आजसू पार्टी गुमला द्वारा अंग्रेजी दमन के विरुद्ध आवाज उठाने वाले चुआड़ विद्रोह के अग्रणी अमर शहीद रघुनाथ महतो शहादत दिवस कार्यक्रम का आयोजन पार्टी के जिला कार्यालय पालकोट रोड गुमला में किया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने शहीद रघुनाथ महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। पार्टी के केंद्रीय निदेर्शानुसार संपूर्ण झारखंड राज्य में आजादी के संघर्ष में अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों को आजसू पार्टी के द्वारा सम्मान देने और उनके बलिदान को याद करने का संकल्प के साथ शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। श्रद्धांजलि सभा में पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, केंद्रीय सचिव सिमडेगा जिला प्रभारी गोपीनाथ सिंह, जिला के प्रधान सचिव आनंद कुमार गुप्ता, पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष तुलसी साहू, केंद्रीय सदस्य दुर्गा साहू, युवा अध्यक्ष उत्तम साहू, छात्र संघ के विनीत कुमार, सह कोषाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी विकास कुमार अग्रवाल, श्रमिक संघ के जिला अध्यक्ष फगुआ साहू, व्यापार संघ के जिला सदस्य उमेश कुमार गुप्ता उर्फ टिंकू सहित कई कार्यकताओं ने अमर शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनको याद किया गया।

स्पीड न्यूज

## विधायक ने 51 लाख की लागत से आठ विकास योजनाओं का किया उद्घाटन



**चांडिल।** विधायक सविता महतो ने बुधवार को ईचागढ़ क्षेत्र में विधायक निधि से निर्मित 50 लाख 84 हजार 5 सौ रुपये की लागत से बनने वाले आठ विकास योजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक ने कुरुकतोपा में तालाब का जीर्णोद्धार, कुरुकतोपा में चार सौ फीट पीसीसी सड़क, कारला बेड़ा में चार सौ फीट पीसीसी सड़क, काटघोड़ा में पांच सौ फीट पीसीसी सड़क, गुदढ़ी टोला खूनडीह में पांच सौ फीट पीसीसी सड़क, हुंडीह में चार सौ फीट पीसीसी सड़क, कुड़माडीह में तालाब जीर्णोद्धार, सिमलटांड में तालाब का जीर्णोद्धार। विधायक ने कहा सभी योजनाओ का निर्माण होने से ग्रामीण लोगों को इसका लाभ मिलेगा। मौके पर काबलु महतो, निताई उरांव, किसुन किस्कु, विष्मदेव महतो, हरेन महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

## टेल्को गुरुद्वारा में लॉटरी से चुने गए प्रधान बलविंदर सिंह बने प्रधान



जमशेदपुर। टेल्को गुरुद्वारा कमेटी के नए प्रधान सरदार बलविंदर सिंह होंगे और महासचिव की जिम्मेवारी सरदार गुरुचरण सिंह जी को सौंपी गई है। इसके साथ ही शहर में एक नई परंपरा की शुरूआत हुई, नाम चयन की समूची प्रक्रिया लॉटरी के द्वारा संगत की उपस्थिति में हुई। जिसमें श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी महाराज से हुकुमनामा लिया गया, हजूरी ग्रंथी ने अरदास की और पर्ची उठाई पहली। पर्ची सरदार बलविंदर सिंह की निकली और उन्हें अगले तीन साल के लिए टेल्को गुरुद्वारा का नया प्रधान घोषित कर दिया गया। इससे पहले बुधवार को टेल्को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की बैठक में निवर्तमान प्रधान गुरमीत सिंह तोते ने अपनी कार्यकारिणी भंग कर दी और नए प्रधान के लिए नाम आमंत्रित किए। इस मौके पर सरदार सुखदेव सिंह, सरदार हीरा सिंह, सरदार कलविंदर सिंह, स्त्री सत्संग सभा प्रधान बीबी कुलविंदर कौर, महासचिव बीबी अमृत कौर, नौजवान सभा के मनिंदर सिंह कमलजीत सिंह, बीबी कमलजीत कौर बीबी मनजीत कौर आदि उपस्थित थे। तखत श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव एवं पूर्व प्रधान सरदार इंदरजीत सिंह, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह, चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह, प्रधान सरदार सुरजीत सिंह खुशीपुर, प्रधान अमरजीत सिंह, प्रधान कुलविंदर सिंह ने बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि अन्य गुरुद्वारों में भी इसी तरह मुख्य सेवादार को चुना जाएगा और मतदान की नौबत नहीं आएगी।

## धोखाधड़ी एवं ठगी मामले में चांडिल पुलिस ने एक को भेजा जेल



चांडिल। बुधवार को चांडिल पुलिस ने पश्चिमी सिंहभूम जिला के 26 वर्षीय संजय पाडेया नामक युवक को ठगी एवं धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चांडिल थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि इस युवक के द्वारा ठगी एवं धोखाधड़ी करने के संबंध में चांडिल के छोटालखा निवासी 27 वर्षीय बुद्धेश्वर मुर्मू ने चांडिल थाना में मामला दर्ज कराया था। इस युवक के पास से ठगी कर लें गए जेएच 05 सिटी 9535 पल्सर मोटरसाइकिल को पुलिस ने बरामद किया है।

## छऊ कला नृत्य दल की प्रतियोगिता आयोजित

**सरायकेला।** राजकीय छऊ नृत्य कला केंद्र सरायकेला सभागार में बुधवार को खरसावां छऊ कला नृत्य दल की प्रतियोगिता आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई, परियोजना निदेशक आईटिडीए संदीप कुमार दौराइबुरु, अनुमंडल पदाधिकारी सह सचिव राजकीय छऊ कला केंद्र सरायकेला राम कृष्णा कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निदेशक छऊ कला केंद्र सरायकेला मृत्युंजय कुमार समेत विभिन्न जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं निर्णायक दल से ताथू महतो, तपन पटनायक, सुशांत कुमार एवं प्रम्हानंद नंदा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सह सचिव राजकीय छऊ कला केंद्र सरायकेला के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया गया। ज्ञात हो की कार्यक्रम में कुल तीन कला दल नें भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम छऊ नृत्य कला केंद्र द्वारा शिकारी नृत्य, मार्शल छऊ नृत्य क्लब के द्वारा सावित्री सत्यवान तथा शिव पार्वती बालरंग बलि दल खूंटपानी के द्वारा जमुना मिलन नृत्य का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान निर्णायक समिति दल के द्वारा शिकारी नृत्य को प्रथम तथा सावित्री सत्यवान नृत्य को द्वितीय स्थान प्रदान किया गया।

## कानून का उल्लंघन कर मानगो में पथ विक्रेताओ को उजाड़ा गया : नेशनल हॉकर फेडरेशन

# नेशनल हॉकर फेडरेशन ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर दुकानदारों को उजाड़ने का किया विरोध

**खबर मन्त्र ब्युरो**

**जमशेदपुर।** नेशनल हॉकर फेडरेशन के जिला महासचिव उत्तम चक्रवर्ती ने बताया कि मानगो में दुकानदारो को उजाड़ने में पथ विक्रेता (जीविका संरक्षण एवं पथ विक्रय विनियमन) अधिनियम, 2014 का अनुपालन नही किया गया।

कानून के अनुसार अध्याय - 4 अंतर्गत 18.1 व 18.3 के नियमो का पालन नही किया गया। दुकानदारो का ना ही तीस दिनों की नोटिस दी गई और ना ही इसे टाउन वेंडिंग कमिटी की बैठक में पारित किया गया। दुकानदारों के पुनर्वास के नाम पर मात्र 27 दुकाने बनाई गई है, लेकिन सैकड़ो दुकानदारों की दुकाने तोड़ी दी गई। जितने भी दुकानदार वहां दुकान लगाते थे, तोड़ने से पहले सभी दुकानदारों को बसाने के लिए नियमानुसार कोई योजना नही बनाई गई। रविवार के दिन रात में भरी संख्या में फोर्स के साथ बाजार को घेर कर दुकानों को तोडा गया. पर्व के समय सभी दुकानदारों ने अतिरिक्त पूंजी लगाई थी, उनके लाखो रुपये के नुकसान की भरपाई अब कैसे होगी? शहर में बाइक, कार आदि की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है, इसलिए सड़को का चौड़ीकरण किया जाता है, ना कि गाड़ियों को प्रतिबंधित किया जाता है उसी प्रकार पथ विक्रेताओ का उजाड़ीकरन करने से पहले उन्हें वेंडिंग जोन एवं वेंडिंग मार्केट में बसाया जाना चाहिए। दुकानों को तोड़ने के लिए तो 1 दिन में ही योजना बन गई, पर कानून बने 9 साल एवं स्किम बने 6 साल हो गए, लेकिन जमशेदपुर में एक भी वेंडर मार्केट नही बना। नेशनल हॉकर फेडरेशन एवं जमशेदपुर के सभी फुटपाथ दुकानदार कानून की रक्षा करने, अपना अधिकार लेने के लिए आंदोलनरत रहेंगे, सड़क से सदन तक अपनी मांगों को रखेंगे, न्याय के लिए हाईकोर्ट तक जाएंगे। नेशनल हॉकर फेडरेशन के जिला महासचिव उत्तम चक्रवर्ती के नेतृत्व में कार्यक्रम में सैकड़ो पथ विक्रेता शामिल हुए।




मानगो में दुकान उजाड़ने का विरोध करते नेशनल हॉकर फेडरेशन के लोग

## एनसीइआरटी के द्वारा पुस्तकों में मनमाने ढंग से किये बदलाव पर रोक लगाएं : एआईडीएसओ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** एनसीइआरटी 10वीं व 12वीं के इतिहास, नागरिक शास्त्र, हिंदी और राजनीति शास्त्र की किताबों में मनमाने बदलाव का कड़ा विरोध करते हुए एआईडीएसओ के महासचिव सौरभ घोष ने बयान जारी करते हुए कहा कि एक बार फिर केंद्र सरकार ने अपनी मनमानी करते हुए अलोकतांत्रिक कदम उठाया है। जनविरोधी शिक्षा नीति 2020 को लागू करते हुए भाजपानीत मोदी सरकार ने 10वीं तथा 12वीं कक्षा की किताबों से उन पाठ को हटा दिया है जिन्हें पढ़कर हम आजादी के आंदोलन, सांस्कृतिक विरासत, विविधता सहित इतिहास को जानते और समझते थे। 2023-24 के नए सत्र में लोकतांत्रिक राजनीति की किताब में लोकतंत्र और विविधता, जन संघर्ष और आंदोलन, लोकतंत्र की चुनौतियां, भारतीय इतिहास से मुगल शासक और उनका दरबार, औपनिवेशिक शहर विभाजन नामक पाठ हटा दिया गया है। 12वीं की नागरिक शास्त्र से समकालीन चैप्टर, द कोल्ड वॉर एरा, स्वतंत्र भारत की राजनीति से जन आंदोलनों का उदय और एक दल का प्रभुत्व का दौर तथा हिन्दी में फिराक गोरखपुरी की गजल के कुछ अंश जैसे पाठ अब नहीं पढ़ाए जाएंगे।

# पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी का जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी ने घोषणा किया कि प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय का आगमन जमशेदपुर में 7 अप्रैल को रात्री समय में हो रहा है, 8 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे से वृहत पैमाने पर जय भारत सत्याग्रह यात्रा को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ विशाल बैठक आयोजित की गई है। जिसमें जिला प्रभारी बलजीत सिंह बेदी ने आह्वान किया कि जिला कांग्रेस कमेटी, प्रदेश पदाधिकारी जिला में निवास करने वाले, सभी प्रदेश प्रतिनिधि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, वरीय नेता, प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड प्रभारी के अलावा अग्रणी संगठन में महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, छात्र कांग्रेस, सेवादल, इंटक, ओबीसी विभाग, अल्पसंख्यक विभाग, आदिवासी कांग्रेस, अनुसूचित जाति विभाग, विधि प्रकोष्ठ, इंटक, एआईपीसी, किसान विभाग कांग्रेस, असंगठित कामगार कांग्रेस, केकेसी, खाद्य आपूर्ति विभाग कांग्रेस, मनरेगा, विधुत विभाग, सहकारिता विभाग, क्रिडा विभाग कांग्रेस सहित सभी प्रकोष्ठ, विभाग, मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए आह्वान किया है।

बलजीत सिंह बेदी ने कहा कि जमशेदपुर जिला के लिए यह गौरव का क्षण है कि प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय जी का आगमन इस जिले में प्रथमवार हो रहा है, जिस के उपलक्ष में सभी कार्यकर्ता उत्साहित है। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सभी प्रखण्ड कमिटी, मण्डल कमिटी, पंचायत अध्यक्षगण सहित कांग्रेसजन बढ़ चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सा लें। बैठक में स्वागत भाषण कार्यकारी अध्यक्ष नगर धर्मेन्द्र सोनकर ने दिया। बैठक में विचार रखने वालों में सर्व रामाश्रय प्रसाद सदस्य एआईसीसी, राकेश तिवारी प्रदेश सचिव, देबु चटर्जी, सुरेश धारी, सामंता कुमार, गुरदीप सिंह, अरूण सिंह, अतुल गुप्ता, आमिर सोहेल, आशीष ठाकुर, लक्की शर्मा, सविता राय, राजा सिंह, मोहम्मद शब्बीर लालबाबू, सुदर्शन तिवारी मुख्य रूप रहे, तथा एक स्वर से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आश्वासन दिया। बैठक में शामिल होने वाले राकेश्वर पाण्डेय प्रदेश अध्यक्ष इंटक, सुबोध सिंह सरदार, कमलेश कुमार पाण्डेय, प्रिंस सिंह, रामदरस चौधरी, एस डी सिंह, शफी अहमद खान, पवन कुमार बबलू, मंजीत आनन्द, अशोक कुमार सिंह, रंजीत सिंह, अनूप मिश्र, हरिहर प्रसाद, सुशीला पाण्डेय, गीता सिंह, रानी राव, सीमा मोहंती, सुमित्रा, अजय मिश्र, चरणपाल सिंह, भरत सिंह, प्रमोद मिश्र, सुल्तान अहमद, कमलेश कुमार, राजेन्द्र सिंह नेता, ओमप्रकाश उपाध्याय, सुखदेव सिंह मल्ली, जसवंत सिंह जस्सी, लव कुमार निराला, मनीष चन्द्रवंशी, मो सगीर, राजनारायण यादव, संजय झा संत, राकेश साहू, रंजीत झा, मुकेश झा, मलखान दुबे, सन्नी सिंह, वैभव उपाध्याय सहित कांग्रेसजन शामिल हुए। धन्यवाद ज्ञापन दिबेश राज चेयरमैन ओबीसी विभाग ने दिया।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं इंटरनेट ऑफ थिंग्स, दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आरवीएस कॉलेज में हुआ समापन

**खबर मन्त्र ब्युरो**




**जमशेदपुर।** आरवीएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलोजी, जमशेदपुर में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का बुधवार को सफलता पूर्वक समापन हो गया। संगोष्ठी के दूसरे दिन (आईओटी) इंटरनेट ऑफ थिंग्स के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। समापन समारोह का संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि झारखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय, रांची के निबंधक डॉ अमर कुमार चौधरी ने कहा कि एआई के बिना आईओटी काम नहीं कर सकती है, इनकी मदद से स्मार्ट होम, जल निगरानी, भविष्यवाणी, चिकित्सा एवं मौसम पूवार्नुमान आदि कि क्षेत्र में विशेष मदद मिलेगी। राज्य में आरवीएस कॉलेज सबसे पहला संस्थान है, जो इस क्षेत्र में पहल कर रहा है। कॉलेज के कोषाध्यक्ष शत्रुध्न सिंह ने कहा कि हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि हमारे संगोष्ठी के आयोजन के साझीदार स्प्रिंजर जर्नल भी हैं। प्राचार्य डॉ राजेश कुमार तिवारी ने बताया की शिक्षक समाज का सबसे महत्वपूर्ण अंग है। कार्यक्रम में कार्यकारी सदस्य शक्ति सिंह, निदेशक डॉ आरएन गुप्ता, प्रोफेसर देवव्रत दास, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, छात्र झ छात्राएं एवं शोधकर्ता आदि मौजूद थे।

## नयी दिल्ली में भाजपा सांसदों की बैठक शामिल हुए सांसद बिद्युत बरण महतो



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर। जमशेदपुर के सांसद बिद्युत बरण महतो बुधवार को नई दिल्ली में भाजर्पा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के आवास पर प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी जी की अध्यक्षता में भाजपा सांसदों की आयोजित बैठक में शामिल हुए। उक्त बैठक में भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी जी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) कर्मवीर सिंह जी, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी जी, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न संगठनात्मक पहलूओं पर चर्चा हुई एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।**

## मिथिला सांस्कृतिक परिषद, द्विदिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का भव्य आयोजन दिनांक 8 और 9 अप्रैल को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद, जमशेदपुर के तत्वावधान में द्विदिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व समारोह का भव्य आयोजन दिनांक 8 और 9 अप्रैल 2023 को बौद्ध मंदिर मैदान, साकची के प्रांगण में किया जा रहा है। आयोजन के हकार आमंत्रण को घर घर तक पहुंचाने के लिये विद्यापति रथ प्रस्थान किया जा रहा है, जिससे आयोजन से सम्बंधित सूचना हर घर तक पहुंच सके । यह आयोजन संध्या 5 बजे से आरम्भ होकर रात्रि 10 बजे तक चलेगा। इस सांस्कृतिक महाकुंभ के दिल्ली से मैथिली के प्रसिद्ध गायक विकास झा और अनामिका झा, दरभंगा से अरविंद सिंह, कंचन पांडेय, पंकज झा, शंकर नाथ झा सहित अनेक स्थानीय कलाकार भी उपस्थित रहेंगे। साथ ही उद्घोषणा एवं हास्य के लिए कृष्णा मिश्रा अपनी मनमोहक प्रस्तुति से आप सभी दर्शकों को मनोरंजन करेंगे। समारोह में आनंद मेला का आयोजन किया गया है जिसमे मैथिल खान - पान सहित, विभिन्न तरह के अनेक स्टाल रहेंगे। आप सभी मैथिली प्रेमियों के लिए अनेक मैथिली किताब , सी डी , केसेट , पाग , मिथिला पेंटिंग सहित अनेकानेक स्टाल रहेंगे। जिससे आप मिथिला की पारंपरिक समान खरीद पायेंगे। कार्यक्रम में आनेजाने के लिए बस की भी व्यवस्था की गई है। आइये और इस भव्य सांस्कृतिक महाकुम्भ को अपनी गरिमामयी उपास्थिति से और भव्य मनाइए और सपरिवार गीत संगीत नृत्य सहित मिथिला के पारंपरिक व्यंजन का आनंद उठाइए।

## जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में पीएचडी एंट्रेंस टेस्ट

जेडब्ल्यूआरईटी के लिए अप्लाई की अंतिम तिथि 20 अप्रैल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी ने छात्राओं के विशेष अनुरोध पर उनके हित में शैक्षणिक सत्र 2023 के लिए पीएचडी एंट्रेंस टेस्ट में अप्लाई हेतु कुछ और समय देने का निश्चय किया है। माननीय कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक छात्राएं शोध कार्य से जुड़े। अब बड़ी संख्या में स्नातकोत्तर छात्राएं यूनिवर्सिटी की प्रथम जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी रिसर्च एंट्रेंस टेस्ट - जेडब्ल्यूआरईटी 2023 में शामिल हो पाएंगीं। विदित हो कि जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी, जमशेदपुर द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की नियमावली के अनुसार तय मानकों का अनुपालन करते हुए योग्यताधारी छात्राओं एवं प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए इच्छुक महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है, जिसकी अंतिम तिथि 6 अप्रैल 2023 थी, जो आज समाप्त हो रही थी। इसे बढाकर 20 अप्रैल 2023 तक करने का निर्णय लिया गया है। ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि 8 मार्च 2023 थी। यूजीसी नेट/जेआरएफ उत्तीर्ण छात्राएं भी आवेदन पत्र भरेंगी, हालांकि उन्हें प्रवेश परीक्षा की जगह सीधे साक्षात्कार में शामिल होने का मौका दिया जाएगा। परिणाम से लेकर साक्षात्कार तक एवं अन्य विस्तृत सूचना यूनिवर्सिटी के वेबसाइट पर उपलब्ध है।



# अरका जैन विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सुधा डेयरी जमशेदपुर प्लांट का किया औद्योगिक दौरा




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्यालय, झारखंड के एमबीए, बीबीए और बीकॉम के छात्रों ने बुधवार को 'सुधा डेयरी, जमशेदपुर प्लांट' का औद्योगिक दौरा किया।

यह औद्योगिक दौरा स्पार्कः द मार्केटिंग क्लब ऑफ स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के बैनर तले डॉ. चारू वाधवा और डॉ. रमा सिंह द्वारा आयोजित किया गया। डॉ. चारू वाधवा ने कहा, इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को उद्यमशीलता के जुनून और डेयरी उद्योग के संचालन की प्रक्रिया के बारे में शिक्षित करना था। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों ने डेयरी फार्म मं काम करने के माहौल और प्रक्रिया के बारे में अध्ययन किया। डॉ. रमा सिंह ने कहा कि 'छात्रों के लिए कॉपोरेट व पेशेवर कामकाजी माहौल और प्रक्रिया को समझना बेहद अहम हैं।'

डॉ. पॉम्पी दास सेनगुप्ता, सहायक डीन, स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट ने कहा कि वास्तविक जीवन के माहौल में 'औद्योगिक यात्रा सैद्धांतिक प्रशिक्षण और व्यावहारिक शिक्षा के बीच की खाई को पाटती है। डॉ. उर्वशी ठाकुर, कार्यक्रम समन्वयक, स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट ने कहा, 'उद्योग यात्रा ने छात्रों को उद्योग के पेशेवरों, उद्यमियों, नीति निमार्ताओं और कॉर्पोरेट्स से मिलने का मौका प्रदान किया। जिन्होंने अपना ज्ञान एवं अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किया। इससे छात्र छात्राओं को बेहद लाभ होगा।

## खबर एक नजर में

### टाटा मोटर्स में पूजा अर्चना के साथ नए वित्तीय वर्ष की हुई शुरूआत, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन हेतु की प्रार्थना



जमशेदपुर। टाटा मोटर्स के विभिन्न डिवीजन में नए वित्तीय वर्ष में बेहतर उत्पादन गुणवत्तापूर्ण उत्पादन हेतु पूजा अर्चना के साथ कार्य आरंभ हुआ। वेहिकल फैक्ट्री के लाइन वन एवं लाइन टू, वर्ल्ड ट्रक लाइन 3 एवं एक्सेल डिवीजन इंजन डिवीजन में पूजा अर्चना किया गया। पूजन कार्यक्रमों में प्लांट हेड रविंद्र कुलकर्णी, एचआर हेड मोहन, आर हेड सौमिक रॉय, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह, महामंत्री आरके सिंह, एडमिन हेड वीएन सिंह, टाउन हेड रजत सिंह समेत तमाम ऑफिस वियरर शामिल हुए। पूजा के उपरांत जर्नल ऑफिस में नए वितीय वर्ष के लिए एवं पिछले साल बेहतर उत्पादन के लिए केक कटिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं सभी को इस आशा के साथ शुभकामनाये दी गई कि नए वर्ष में नई वाहन के साथ बेहतर और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लक्ष्य को हम सभी मिलकर प्राप्त करेंगे।

### सरयू राय की अनुशंसा पर बिरसानगर जोन नंबर 6 में सड़क मरम्मतीकरण कार्य का हुआ शिलान्यास



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की अनुशंसा पर बिरसानगर जोन नंबर 6 अंतर्गत श्री श्री कामाख्या काली मंदिर के चौराहे से नीचे शिबू लोहार के घर तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्य संपन्न हुआ। स्थानीय निवासियों ने बताया की विधायक राय के अथक प्रयास से बिरसानगर में विकास की गति तेज हो गई है जिससे स्थानीय लोगों बहुत ही हर्षित है। कार्यक्रम में भारतीय जनतंत्र मोर्चा के पश्चिमी मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष विक्की माडिया, महामंत्री प्रेम रंजन घोष, धर्मपाल सिंह, अजीत कुमार सिंह और स्थानीय लोग मौजूद थे।

### कुष्ठ निवारण पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक



**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला कुष्ठ परामर्शी, अचिकित्सा सहायक, पीएमडब्लू तथा एमपीडब्ल्यू के बीच समीक्षात्मक बैठक का आयोजन जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम में किया गया। समीक्षात्मक बैठक की अध्यक्षता जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ मृत्युंजय धावड़िया ने किया। डॉ धावड़िया ने कुष्ठ जागरूकता अभियान की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि सहियाओं के हड़ताल के कारण यह अभियान दोबारा 20 मार्च 2023 से 31 मार्च 2023 तक आयोजित किया गया था। अभियान अंतर्गत सहियाओं द्वारा खोजे गये सभी संदेहात्मक कुष्ठ मरीजों का एक सप्ताह के अंदर संपुष्टि कर प्रतिवेदन उपलब्ध करना होगा। सर्वे मे मिलने वाले सभी योग्य व्यक्तियों को सिंगल डोज रिफाम्पिसिन खिलाना है। कार्यचिकित्सक राज कुमार मिश्रा ने बताया कि जो भी ग्रेड- I तथा ग्रेड- II के मरीज मिलें है, उन सभी को सेल्फ केयर के महत्व को समझा कर एम0सी0आर0 चप्पल एवं सेल्फ केयर किट देना है। जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ राजीव ने बताया कि इस साल कुष्ठ रोग के 524 नये मरीज मिले है, जिसमें 12 मरीज कुष्ठ रोग से ग्रसित हो कर दिव्यांग हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक माह शिविर आयोजित कर दिव्यांग कुष्ठ मरीजों का नि:शुल्क सेल्फ केयर करवाना होगा। जिसके लिए योग्य मरीजों की सूची तैयार रखें। समीक्षात्मक बैठक में अचिकित्सा सहायक बिनोद कुमार, अमरेश कुमार मिश्र, अजय कुमार, कार्य चिकित्सक राज कुमार मिश्रा, उपेन्द्रनाथ मोदिना, चंदन कुमार मन्ना, प्रबीर मंडल, संगीता चाकी, ऋषिकेश गिरि, नितेश कुमार, अभिरंजन दास आदि उपस्थित थे।

### लॉटरी के माध्यम से लाभुकों के बीच आवास आवंटन



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक-3 अन्तर्गत बिरसानगर जमशेदपुर में बन रहे किफायती आवास परियोजना जी+8 संरचना के अनुरूप 32 ब्लॉक में कुल 9592 आवासों का निर्माण किया जाना है। जिसके लिये तृतीय चरण में कुल 696 चयनित लाभार्थी का आवास आवंटन उपायुक्त, पूर्व सिंहभूम, जमशेदपुर की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा बुधवार को बिरसा मुंडा टाउन हॉल परिसर में सुबह 11 बजे इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली के माध्यम से किया गया। जिसमें दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिको को भूतल में 65 तथा सामान्य वर्ग में 631 लाभुकों को प्रथम से छठा तल्ला में आवास आवंटित हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से माननीय सांसद प्रतिनिधि जमशेदपुर लोकसभा, माननीय विधायक, पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि, निदेशक डीआरडीए, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर, अपर उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर, अपर जिला दंडाधिकारी पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर, विशेष पदाधिकारी, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, जमशेदपुर, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति कार्यालय के नगर प्रबंधक, नगर मिशन प्रबंधक, पीएमएवाई शहरी विशेषज्ञ उपस्थित हुये। आवास आवंटन कार्यक्रम मे लाभुकों ने काफी खुशी जाहिर की।

### बंगाली नागरिक एसोसिएशन ने बैठक कर दी प्रदीप सरकार एवं सतीश कौशिक को श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर।** भाटिया बस्ती, कदमा स्थित साईं आवास पर बंगाली नागरिक एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदेश मंत्री कुमारी शिल्पा नामता के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में हास्य अभिनेता प्रदीप सरकार एवं सतीश कौशिक को नमन किया गया। जिला मंत्री साधना चक्रबर्ती एवं अल्पना दास ने कहा कि प्रदीप सरकार एवं सतीश कौशिक का जाना सिनेमा जगत के लिए अपूर्णीय क्षति है, यह एक युग का अन्त है। अभिनेताओ ने सिनेमा को जो योगदान दिया, जितना नाम कमाया, वह नई पीढ़ी के लिए आदर्श है, हम सभी दिव्य आत्माओं को नमन करते है। बैठक में कस्तूरी देवी, छोटी पाल, सपना गुप्ता, पापाई चक्रवर्ती, पिंटू मुखेर्जी, हीरा कुमारी, अशोक गोराई, संजय बरुआ, सपन समेत बड़ी संख्या में बंगाली समाज के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### तैलिक साहू महासभा 23 को मनायेगा भामाशाह जयंती



**जमशेदपुर।** वीर महादानवीर भामाशाह जयंती पर 23 अप्रैल को सरकारी अवकाश एवं राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने की घोषणा करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा द्वारा प्रधानमंत्री के नाम जिला उपायुक्त को एक ज्ञापन आगामी 10 अप्रैल को सौंपा जायेगा। यह निर्णय बुधवार को साकची स्टील क्लब हाउस हॉल में हुई अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा की एक बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश साहू ने बताया कि 23 अप्रैल को दानवीर भामाशाह चौक में सेवा शिविर लगाया जाएगा। जिसमें भामाशाह के प्रतिमा को दूध से स्नान कराया जायेगा। माल्यार्पण एवं पूजा करने के बाद आम लोगों के बीच में भोग एवं शरबत का वितरण किया जाएगा। इस दौरान मानगो क्षेत्र में रामनवमी सेवा शिविर को सफल बनाने में योगदान देने वाले क्रमश: जिला सचिव भोला प्रसाद, गणेशा साव, प्रभात कुमार, विजय साव, संजय साव, राजेश साव को माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार ने किया। बैठक को सफल बनाने में मुख्य रूप से चंद्रिका प्रसाद, कृष्ण देव साव, युवा अध्यक्ष आदित्य धनराज साह, महिला अध्यक्ष पूजा साहू, वरीय उपाध्यक्ष रंजीत कुमार साव, उपाध्यक्ष पप्पू साह, सत्नारायण साव, विनोद गुप्ता, अजय साव, नीरज साहू, राजेश प्रसाद, चंदन काशी, संतोष साहू, शैलेंद्र कुमार आदि मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

### अंग्रेजी समेत अन्य विषय के आंतरिक परीक्षा का आयोजन होगा आज

**दुमका।** आदित्य नारायण कॉलेज के यूजी सेमेस्टर 5 के परीक्षा 2022 के आंतिरिक परीक्षा की तिथि जारी हुई है। अब आंतरिक परीक्षा 6 अप्रैल को होगी। यूजी सेमेस्टर 5 के अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, ग्रामीण अर्थशास्त्र एवं दर्शनशास्त्र के वैसे छात्र-छात्राएं जो बीते 1 अप्रैल को आंतरिक परीक्षा में सम्मलित नहीं हो सके। वैसे छात्र अब 6 अप्रैल को प्रथम पाली में परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। यहां बता दें कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत परीक्षा का आयोजन होना था।

### एसपी कॉलेज के सेमेस्टर 5 में नामांकन होगी 9 अप्रैल तक

**दुमका।** एसपी कॉलेज के यूजी सेमेस्टर 5 की नामांकन तिथि में बुधवार को विस्तार किया गया है। इसकी जानकारी प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने दी। उन्होंने बताया कि सेमेस्टर 5 में नामांकन की तिथि में विस्तार किया गया है। नामांकन की तिथि ऑनलाईन अब 9 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। नामांन से जुड़ी समस्याओं के लिए छात्र मोबाईल नंबर 9934374494, 9525456015 एवं 9113164914 पर संपर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### सामाजिक समरसता एवं न्याय सप्ताह मनायेगी भाजपा मनायेगी 5 अप्रैल से

**दुमका।** भाजपा जिला इकाई की बूथ स्तरीय कार्यकत्ताओं की बुधवार को भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष परितोष सोरेन ने की। बैठक में आगामी 5 से 16 अप्रैल तक मंडल से बूथस्तर तक कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर चर्चा हुई। बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं सभी सात मोर्चा अध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में जिलाध्यक्ष ने बताया कि पार्टी 6 अप्रैल को स्थापना दिवस जिले के सभी बूथों पर मनायेगी। 7 अप्रैल को भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा मंडल स्तर पर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 7 अप्रैल को ही अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा जिला स्तर पर फल वितरण किया जाएगा।

### बिरसा दिव्यांग समिति ने जागरूकता कार्यक्रम को लेकर की बैठक

**दुमका।** बिरसा दिव्यांग समिति एवं दिव्यांग, विधवा एवं वृद्धा जन कल्याण मोर्चा के संयुक्त बैठक केन्द्रीय अध्यक्ष बलदेव राय की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से कई विन्दुओं पर चर्चा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से 13 अप्रैल को जिला स्तरीय दिव्यांगजनों का एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन एग्रो पार्क आत्मा कृषि ट्रेनिंग सेंटर दुमका किये जायेंगे इस शिविर में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 कानून के बारे में जानकारी देंगे। केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि दिव्यांग शिक्षा के क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्राप्त करने पर भी बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है। रोजगार के लिए दर-दर भटक रहा है। सरकार भी दिव्यांगों के ऊपर कोई कानून सख्ती से लागू नहीं कर रहा है कि दिव्यांग छात्र एवं छात्राओं को हर क्षेत्र में काम मिल सके।

### प्रतिबंधित गुटका एवं पान मसाला कारोबारी के ठिकाने पर छापेमारी, भारी मात्रा में जप्त

**दुमका।** प्रतिबंधित गुटका एवं पान मसाला कारोबारी के ठिकाने पर जिला प्रशासन ने छापेमारी कर भारी मात्रा में गुटखा और पान मसाले को जप्त किया है। छापेमारी की कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर एसडीएम कौशल कुमार के नेतृत्व में जिला प्रशासन ने की। गौरलतलब हो कि राज्य सरकार के प्रतिबंध के बावजूद जिले के शहर एवं सुदूर ग्रामीण इलकों के बाजार में गुटका एवं पान मसाला की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। सूचना मिलने पर एसडीएम ने शहर के सराय रोड स्थित एक दुकान में छापेमारी की। जहां से काफी मात्रा में प्रतिबंधित गुटखा एवं पान मसाला को जप्त किया गया। इस बाबत एसडीओ कौशल कुमार ने बताया कि प्रतिबंधित गुटका और पान मसाला की बिक्री की सूचना के आधार पर यह कार्रवाई हुई है।

## बिहार से भागे दंगाइयों के लिए एसआइटी का गठन

# नालंदा में अब स्थिति हो रही सामान्य, 6 तक इंटरनेट बंद

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** बिहार के नालंदा में हिंसा के छठे दिन शांति कामय हो रही है। पुलिस लगातार कैंप कर रही है। 6 तारीख तक इंटरनेट सेवा बंद रहेगा। जिले में शांति बनाए रखने के लिए प्रशासन ने यह निर्णिय लिया है। पुलिस की ओर से फ्लैग मार्च किया गया। अब तक 130 लोगों की गिरफ्तारी हुई है, जो आरोपी बिहार से बाहर फरार हो गए है, उसके खिलाफ वारंट जारी किया जाएगा। नालंदा के डीएम और एसपी ने कहा कि बिहार के नालंदा में हिंसा के बाद हालात सामान्य हो रहे हैं। पुलिस लगातार क्षेत्र में कैंप कर रही है। साथ ही घटना में शामिल जो आरोपी दूसरे राज्य में फरार हो गए हैं, उसके लिए लगातार रळक्ष्र और स्पेशल टीम छापेमारी कर रही है। जिले में शांति बहाल करते हुए दुकानें और स्कूल खोल दी गई है, हालांकि प्रशासन ने 6 तारीख तक इंटरनेट बंद करने का फैसला लिया है। पहले 4 अप्रैल तक था, लेकिन इसे आगे बढ़ा दिया गया है। आगे शांति रहती है तो 6 तारीख को इंटरनेट सेवा बहाल कर दी जाएगी

**फ्लैग मार्च किया गयाः** शांति व्यवस्था बहाल करने के लिए बुधवार को नालंदा पुलिस की ओर से फ्लैग मार्च किया गया। सोहसराय थाना अंतर्गत सद्भावना मार्च निकाल कर लोगों ने शांति बनाए रखने की अपील गई है। जिले में शांति बहाल करने के लिए नालंदा पुलिस प्रशासन के अलावा आईटीबीपी, आरएएफ एवं एसएसबी के द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैग मार्च किया गया। जिले में 11 से ज्यादा कंपनी कैंप कर रही है। लोगों के प्रयास से क्षेत्र में शांति कायम हो रही है। लोगों को जागरूक करने के लिए मार्च किया गया है। 6 तारीख तक इंटरनेट बंद ही रहेगा। आगे स्थिति ठीक रही तो इसे चालू किया जाएगा। जिले में 11 से ज्यादा कंपनी कैंप कर रही है। जो आरोपी यहां से फरार हो गए, उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। वारंट निकाला जाएगा। जो भी कानूनी प्रक्रिया है, वह की जाएगी। -शशांक शुभंकर, डीएम, नालंदा

**क्या है मामलाः** रामनवमी के अगले दिन 31 मार्च को दो पक्षों में हिंसक झड़प हुई थी। इसके बाद दोनों ओर से जमकर ईंट-पत्थर भी चले थे। इस घटना में कई लोग और पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। घटना के एक दिन बाद दो पक्षों में जमकर गोलीबारी भी हुई थी, जिसमें एक युवक गुलशन कुमार की मौत हो गई थी। घटना को लेकर इलाके में तनाव की स्थिति हो गई थी, जिसे देखते हुए जिले में 11 कंपनी की फोर्स को उतारा गया था। लगातार पुलिस कैंप कर रही है। घटना और ज्यादा न बढ़े इसको लेकर इंटरनेट बंद कर दिया गया है। इस मालमे में अब तक 15 पर एफआइआर दर्ज की गई है, जिसमें 130 लोगों की गिरफ्तारी की गई है। जो आरोपी बिहार के फरार हो गए हैं, उनके खिलाफ वारंट जारी किया जाएगा।

## आरा नरसंहार में 30 साल बाद 9 को उम्रकैद की सजा, पूर्व मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा बरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**पटना।** बिहार के आरा नरसंहार में पूर्व मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा बरी हो गए। कोर्ट ने बुधवार को इस मामले में फैसला सुनाया साथ ही 9 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा के साथ साथ 25-25 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया। 30 साल पुराना चर्चित इचरी नरसंहार कांड में लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद कोर्ट ने 9 लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सभी दोषियों को 25-25 हजार रुपए का आर्थिक दंड भी लगाया। इस मामले में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और जगदीशपुर के पूर्व विधायक भगवान सिंह कुशवाहा को कोर्ट ने बरी कर दिया है।

**आरा सिविल कोर्ट का फैसला :** इचरी नरसंहार मामले में आरा सिविल कोर्ट के एडीजे-3 सतेन्द्र सिंह की अदालत ने फैसला सुनाई। पीड़ित परिवार के लोगों ने न्यायालय के प्रति संतोष जाहिर करते हुए आभार व्यक्त किया है। बरी हुए पूर्व मंत्री और जगदीशपुर के पूर्व विधायक भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि अदालत पर मुझे पूरा भरोसा था और आज कोर्ट के द्वारा जो फैसला सुनाया गया है, उसका मैं तहेदिल से स्वागत करता हूं। इधर, 9 दोषियों को पुलिस अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।पांच लोगों की हुई थी हत्या : सिविल कोर्ट के सहायक लोक अभियोजक और अधिवक्ता प्रशांत रंजन ने इसकी जानकारी दी। बताया कि आयर थाना क्षेत्र के आटापुर गांव के पास 29 मार्च 1993 की देर शाम घटना हुई थी। एक समाज के लोग जो भाजपा समर्थक भी थे, कहीं से ट्रैक्टर पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान हथियार से लैस बदमाशों ने उनपर जानलेवा हमला कर दिया। अपराधियों ने लोगों को गोलियों से छलनी कर दिया था, इसमें 5 लोगों की गोली लगने से मौत हो गई थी। जबकि 9 लोग बुरी तरह से जख्मी हो गए थे।

जख्मियों में एक साह परिवार के भी सदस्य थे। इस मामले में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह जगदीशपुर के पूर्व विधायक भगवान सिंह समेत कुल 24 के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।9 लोगों को आजीवन कारावासः लंबी कानूनी कार्रवाई और साक्ष्य गवाह के आधार पर कोर्ट में दोनों पक्षों के द्वारा अपनी-अपनी दलील भी दी गई थी। बुधवार को सिविल कोर्ट एडीजे-3 सतेन्द्र सिंह की कोर्ट ने इस मामले में 9 लोगों को दोषी करार करते हुए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा कोर्ट ने इन सभी लोगों पर 25-25 हजार रुपए का आर्थिक दंड भी लगाया है। जबकि कोर्ट ने इस मामले में एक अभियुक्त भगवान सिंह कुशवाहा को बाइज्जत बरी कर दिया है।

### ग्राम प्रधानों ने किया सेंगल अभियान के केंद्रीय अध्यक्ष सलखान मुर्मू का पुतला दहन

**दुमका।** ग्राम प्रधान मांझी संगठन ने बुधवार को प्रखंड मुख्यालय में पुतला दहन का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष छविनाथ मंडल ने की। जिसमें अंचल के सैकड़ों ग्राम प्रधान उपस्थित होकर संथाल परगना ग्राम प्रधान स्वशासन व्यवस्था के विरुद्ध अनर्गल बयानबाजी पूर्व सांसद सह सेंगल अभियान के केंद्रीय अध्यक्ष सलखान मुर्मू का पुतला दहन किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम प्रधानों ने अंचल कार्यालय से पुरजोर विरोध किया। सालखन मुर्मू के विरोध मे अंचल कार्यालय के बाहर मुख्य सड़क जताते हुए पुतला दहन किया। पुतला दहन कार्यक्रम में अर्जुन मरांडी, शक्तिपद दत्ता, धनीराम हांसदा, राजा मरांडी, स्वीटी मुर्मू, सुकुर मुर्मू, सिमासंगीता मुर्मू, गामा नील किस्कू, पुल हेम्ब्रम आदि ग्राम प्रधान मौजूद थे।

## बेल्ट ग्रेडिंग के परिणाम जारी, 40 बच्चे ताइक्वांडो में हुए प्रमोट

खबर मन्त्र संवाददाता



ग्रेडिंग में भाग लेने वाले बच्चे

**दुमका।** जिला ताइक्वांडो संघ की आयोजित बेल्ट ग्रेडिंग का परिणाम बुधवार को जारी हुआ। एक महीना पहल यह बेल्ड ग्रेडिंग इंडोर स्टेडियम में सचिव स्मिता आनंद की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें 40 बच्चों ने भाग लिया था। इसमें वाइट टू येल्लो बेल्ट का परीक्षा देने वालों में पहले स्थान पर साकेत सोरेन, दूसरे स्थान पर शौर्य सिन्हा एवं तीसरे स्थान पर लक्ष्मी प्रियदर्शी रही।

येल्लो से ग्रीन में बेल्ट के लिए परीक्षा देने वाले में आकाश कुमार पहले, श्रेया जायसवाल दूसरे एवं तीसरे स्थान पर श्रीकांत प्रियदर्शी रहे। ग्रीन से ग्रीन वन में जाने वाले बच्चे में पहले स्थान पर एनी तबिथा मुर्मू, दूसरे स्थान पर स्वीटी बेसरा एवं तीसरे स्थान पर सयंतिका सेन रही। ग्रीन वन से ब्लू बेल्ट में जोयसी मुर्मू, ब्लू से ब्लू वन में जाने वाले बच्चे अथर्व कश्यप शामिल थे। वाइट टू येलो बेल्ट में प्रोन्नत किये गए बच्चे का नाम दीपशिखा शर्मा, पीहू कुमारी,यश राज, अभिषेक सोरेन, संकेत सोरेन, समीरा खान, अमाइरा खान, अक्षरा सिंह, शौर्य सिंह, लक्ष्मी प्रियदर्शिनी, फरहान अख्तर, स्वेता मुर्मू है। येल्लो टू ग्रीन बेल्ट में प्रोन्नत किए गए बच्चे रुद्र नारायण आरोही गुप्ता, श्रेया जैसवाल, नीलम टुडू,मो नयाब आलम,पीहू मोदी, श्रीकांत प्रियदर्शी, आकाश कुमार, आकाश कुमार दास, देवांशु मुर्मू एवं ग्रीन टू ग्रीन वन में सायन्तिका सेन, स्वीटी बेसरा, एनी ताबिथा है।

ग्रीन वन टू ब्लू में जोयसी मुर्मू,ब्लू टू ब्लू वन अथर्व कश्यप एवं ब्लू वन टू रेड बेल्ट में शौर्य कश्यप एवं रेड टू रेड वन बेल्ट में रैनाह नय्यर रहे।

संघ की अध्यक्ष सचिव स्मिता आनंद ने बताया कि सभी प्रतिभागी अगले बेल्ट के लिए प्रमोट किये गये हैं। परीक्षा के सफल आयोजन में शिखा आनंद व चंदन सोनकर की भूमिका अहम रही थी।

## संथाल परगना के मांझी बाबा के जुटान को दिसोम मांझी कर रहे आमंत्रित

खबर मन्त्र संवाददाता



आमंत्रित करते दिसोम मांझी

**दुमका।** दिसोम मांझी बाबा बालेश्वर हेंब्रम के नेतृत्व में मांझी बाबा महा जुटान की सफलता के लिए जिले के सदर प्रखंड दुमका, मसलिया एवं जामताड़ा जिला के विभिन्न गांवों में मांझी बाबा एवं समाजसेवी बुद्धिजीवी को महाजुटान के लिए आमंत्रण किया गया। इस अवसर पर दिसोम मांझी बाबा बालेश्वर हेंब्रम ने बताया कि वर्तमान में विवादित मांझी विशाल मरांडी संथाल परगना प्रमंडल के धर्म संस्कृति परंपरा को धूमिल करते हुए दिसोम मांझी थान की मान, मयार्दा, प्रतिष्ठा और अस्तित्व को धूमिल करने का प्रयास कर रहे है। विवादित मुकेश टुडू ग्रुप समाजिक सोहार्द बिगाड़ने में सीजेएम कोर्ट, दुमका में प्राथमिकी संख्या 270 के तहत भादवी की 1860 की धारा 341, 323, 325, 353, 504, 506, 448, 452, 427, 34 एवं 307 के तहत नामजद आरोपी हैं। समाज में द्वेष और अशांति फैला कर ये सभी समाज को बांटने का काम कर रहें हैं। ये सामाजिक रुप से काफी विवादित और चर्चित है। उक्त सदस्य आस्था और विश्वास के नाम पर कभी दिसोम मांझी थान में दंडवत प्रणाम के लिए भी दर्शन नहीं देते हैं। यहां तक की परंपरागत रूप से मनाए जा रहे पर्व त्योहार और सामाजिक गतिविधि में भी भूमिका नदारद रहती हैं। जो काफी आश्चर्य का विषय है। समाज के लोगों को दिसोम मांझी ने कहा कि ऐसे उदंड, असामाजिक, व्यभिचार विचारधारा, अपरिपक्व और संकुचित विचारधारा जैसे व्यक्ति से सावधान रहें। ऐसी व्यक्ति समाज के लिए काफी घातक होते हैं। लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि जब ये सभी आरोपी विवादित व्यक्ति किसी गांव में दिखाई दे तो सवाल जरूर करें। दिसोम मांझी थान में क्या भूमिका है और सामाजिक गतिविधि में आपकी योगदान क्या है। अपरिपक्व अज्ञानी होने के कारण यह व्यक्ति अनर्गल बयान बाजी कर समाज को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रहा है। दिसोम मांझी ने संथाल परगना प्रमंडल के मांझी बाबा एवं समाजसेवी बुद्धिजीवी को एक मंच पर लाने के लिए महा जुटान का आह्वान किया है। जिससे समाजिक संस्कृतिक एवं विकसित धरोहर को संरक्षण कर पाएं और आने वाले दिनों में समाजिक गतिविधियों के द्वारा समाज को कैसे सशक्त और संगठित बनाया जा सकता इस पर चर्चा किया। दिसोम मांझी बाबा के नेतृत्व में दिसोम मांझी थान एवं दिसोम जाहेर थान के अस्तित्व को असामाजिक लोगों से बचाने में काफी सराहनीय योगदान रहा है। यहां तक की राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का गरिमामयी आगमन इनके कुशल नेतृत्व को दशार्ता है। इस महाजुटान की सफलता को देखकर ये सभी आरोपी व्यक्ति में बेचैनी हो गई है और मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। संथाल समाज की सामाजिक रूढ़िवादी परंपरा हमारे पूर्वजों की देन है। इसे कभी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वर्तमान में रूढ़ीवादी सामाजिक परंपरा व्यवस्था के तहत सामाजिक परिवेश को असामाजिक व्यक्तियों द्वारा पैरों तले रोंदकर दिसोम मांझी थान दुमका की गरिमा को धूमिल और दिग्भ्रमित करने का पुरजोर कोशिश किया जा रहा है। इसे प्रमंडल के सामाजिक बुद्धिजीवी विचारक ओर मांझी बाबा द्वारा 9 अप्रैल को महाजुटान की सामाजिक विचार से पता चलेगा आखिर सच्चाई क्या है। अंततः दिसोम मांझी बाबा ने कहा कि ऐसे विवादित व्यक्तियों से संथाल समाज क्या अपेक्षा कर सकता है।

एक नजर में

## बिहार में सभी जातियों का कोड तय, अब नंबर से पता चलेगा कौन किस जाति का

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार में अब विभिन्न जातियों की पहचान उनके अंकों की कोड से होगी। बिहार में जाति गणना का कार्य चल रहा है और इसको लेकर के एक अलग से व्यवस्था बनाई गई है। इसके तहत हर जाति का एक अलग अपना यूनिक कोड है, जो नंबर में है। बिहार में 215 जातियों के लिए अंकों में अलग-अलग कोड तय कर दिये गए हैं। जाति गणना में फार्म, पोर्टल एप्लीकेशन व जातियों के नाम के लिए विशेष अंक दिया गया है। गणना के क्रम में प्रत्येक परिवार से उनकी जाति पूछकर कॉलम में उनका अंक अंकित किया जाएगा।

**15 अप्रैल से शुरू होगा दूसरा चरणः** 15 अप्रैल से दूसरे चरण की जाति गणना शुरू हो रही है। इसके तहत गणना करने के क्रम में जाति पूछ कर, कॉलम में उनकी जाति का अंक अंकित किया जाएगा। कुल मिलाकर 215 जाति व अन्य के लिए 216 जातियों की गणना होगी। इसके लिए अधिकारियों से लेकर गणना कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है और यह प्रशिक्षण का कार्य 11 अप्रैल तक चलेगा।अलग-अलग समुदाय के अलग कोडः इस जाति गणना के तहत भूमिहार का कोड 144 है। राजपूत के लिए 171, ब्राह्मण के लिए 128 और कायस्थ के लिए 22 कोड है। वहीं यादव में अहीर, ग्वाला, घासी, गोरा, मेहर, लक्ष्मीनारायण गोला, सदगोप के लिए कोड 167 ही है। सामान्य से लेकर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग की जातियों के लिए भी अलग-अलग कोड है। इसी कोड का उपयोग आगे की योजनाओं को तैयार करने में होगा। कुर्मी जाति के लिए कोड संख्या 25 कुशवाहा और कोईरी के लिए कोड संख्या 27 है।

**बनिया की सबसे अधिक जातियां :** इस जाति गणना में बनिया की सबसे अधिक 20 जातियां हैं। इसमें सूड़ी, मायरा, गोदक, पंसारी, रोनियार, ठठेरा, कसेरा, केसरवानी, मोदी, कमलापुरी वैश्य, बंगी वैश्य, वैश्य पोद्दार, माहुरी वैश्य, बर्नवाल, अग्रहरि वैश्य, कसौधन, बाथम वैश्य, गंधबनिक, गुलदार शामिल है। इनके लिए कोड संख्या 124 है। इन तमाम जातियों में एक नंबर पर अगरिया जाती है। वहीं 215 नंबर पर केवानी जाती है और अन्य का कोड 216 है। पटना में 16467 गणना कर्मी करेंगे जातीय गणनाः पटना जिले की बात करें तो जिले में 16467 गणना कर्मियों को 15 अप्रैल से 15 मई तक 7352729 लोगों की गणना करनी है। इसमें 12831 प्रगणक हैं और 10% यानी कि 1283 सुरक्षित के साथ प्रगणकों की कुल संख्या 14814 है। पर्यवेक्षकों की संख्या 2129 है और 10% सुरक्षित यानी कि 214 के साथ कुल पर्यवेक्षकों की संख्या 2353 है। एक ही स्थान से होगी एक व्यक्ति की गणना।पांच स्तरों पर होगी डेटा जांचः यदि कोई व्यक्ति दो स्थानों पर रहता है तो उससे पूछ कर उसकी एक जगह से ही गणना की जाएगी ताकि कोई दोहरा होगा तो पोर्टल पर उसे पकड़ लिया जाए। इस तरह की दोहरी प्रविष्टि की संभावना पूरी तरह खत्म हो इसके लिए 5 स्तरों पर डेटा की जांच भी की जाएगी। जाति गणना के दौरान सभी व्यक्तियों से 1। परिवार के सदस्य का पूरा नाम, 2। पिता/पति का नाम, 3। परिवार के प्रधान से संबंध, 4। आयु (वर्ष में), 5। लिंग, 6। वैवाहिक स्थिति, 7। धर्म, 8। जाति का नाम, 9। शैक्षणिक योग्यता, 10। कार्यकलाप, 11। आवासीय स्थिति, 12। अस्थायी प्रवासीय स्थिति, 13। कंप्यूटर/लैपटॉप, 14। मोटरयान, 15। कृषि भूमि, 16। आवासीय भूमि, 17। सभी श्रोतों से मासिक आय का विवरण देना होगा।

### ओवैसी ने नीतीश को बताया रोटरी एजेंट, बोले-

## हिंसा पर कार्रवाई की बजाए इफ्तार में खजूर खा रहे




खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने अक्क्क्ट प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी को बीजेपी का एजेंट कहा था। इसपर ओवैसी ने नीतीश कुमार पर जमकर हमला किया है और तीखे सवाल किए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार से हमने वाजिब सवाल उठाया है। जुलूस के नाम पर फसाद फैलाया गया और प्रशासन उसे रोकने में नाकाम साबित हुई। मेरे सवाल का जवाब देने की बजाय नीतीश कुमार वही पुराना कैसेट दोहरा रहे हैं कि मैं बीजेपी का एजेंट हूं। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि नीतीश कुमार ही 2002 में जब गुजरात का दंगा हुआ था, तब बीजेपी के साथ थे, रेलवे मंत्री थे। आप बीजेपी के साथ रहे। बीजेपी के साथ सत्ता में रहकर बिहार के मुख्यमंत्री बने। फिर नरेंद्र मोदी के साथ मिल गए और सीएम बने। बिहार में जिसने भाजपा की जड़ें मजबूत कर दीं, वह हमपर इल्जाम लगा रहा है। लगता है नीतीश कुमार नोटरी एजेंट हैं। हमने तो वाजिब सवाल उठाया था। नीतीश अपने भतीजे को लेकर उस जगह में मदरसा में जाएं। जो पुलिस वहां नाकाम साबित हुई उनको सस्पेंड करने का ऐलान कीजिए। ये सब करने का छोड़कर दोनों इफ्तार पार्टी में बैठकर खजूर खा रहे हैं।

**अमित शाह पर ओवैसी का हमलाः** हमारे सवाल का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। जो लोग सेक्युलरिज्म की बातें करते थे आज वे गूंगे बनकर बैठे हैं। आवाज नहीं उठा रहे कि बिहार में ऐसा कैसे हुआ। ये नीतीश कुमार की बौखलाहट है। सब जनता खासकर सेक्युलर हिंदू और मुस्लमान देख रहे हैं। ओवैसी से जब पूछा गया कि केंद्र सरकार ने शांति बनाए रखने के लिए एक एडवाइजरी जारी की है तो उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह को चाहिए की एक फोन मिलाकर आरएसएस और हिंदुत्व संगठनों को बोल दें कि कानून हाथ में ना लें, सब ठीक हो जाएगा।

एडवाइजरी तो जारी कर दिए लेकिन जुलूस का ताल्लुक तो आरएसएस है। वहीं सुप्रीम कोर्ट में 14 विपक्षी दलों ने ईडी और सीबीआई के मनमाने इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए याचिका दी थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया। इसपर ओवैसी ने कहा कि ये तरीका ही गलत था। ऐसे राजनीति नहीं की जाती है।

## दुमका में आजसू ने मनाया शहीद रघुनाथ महतो का शहादत दिवस

**दुमका।** आजसू जिला कार्यालय में बुधवार को चुआड़ विद्रोह के महानायक अमर वीर शहीद रघुनाथ महतो के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बुधवार को किया गया। श्रद्धांजलि सभा का आयोजन केंद्रीय कमेटी के निर्देश पर जिला अध्यक्ष सुजीत मुर्मू के अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने अमर वीर शहीद रघुनाथ महतो के बलिदान पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड के वीर सपूत एवं महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद रघुनाथ महतो के अलग राज्य में अहम योगदान बताया। शहीद स्व महतो के राज्य के मानभूम से लेकर धालभूम, नीमडीह, सिल्ली और जंगलमहल के इलाकों में अंग्रेजो के विरुद्ध लड़ाई का नेतृत्व बताया।






# हेटमायर व ध्रुव की पारी बेकार, एलिस की तूफानी बॉलिंग से जीता पंजाब

### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 2 | 2 | 0 | 4 | +0.700 |
| पंजाब | 2 | 2 | 0 | 4 | +0.333 |
| बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 2 | +1.981 |
| राजस्थान | 2 | 1 | 1 | 2 | +1.675 |
| लखनऊ | 2 | 1 | 1 | 2 | +0.950 |
| चेन्नई | 2 | 1 | 1 | 2 | +0.036 |
| कोलकाता | 1 | 0 | 1 | 0 | -0.438 |
| दिल्ली | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.703 |
| मुंबई | 1 | 0 | 1 | 0 | -1.981 |
| हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | -3.600 |

**पर्पल कैप**



मार्क वुड
लखनऊ
विककेः 08

**औरेंज कैप**



गायकवाड
चेन्नई
रनः 149

### स्कोड़ कार्ड

**पंजाब : 197/4 (20ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन कै. बटलर बो. होल्डर | 60 | 34 | 7/3 |
| शिखर धवन नाबाद | 86 | 56 | 9/3 |
| भानुका राजपक्षे रिटायर्ड हर्ट | 01 | 01 | 0/0 |
| जितेश कै. पराग बो. चहल | 27 | 16 | 2/1 |
| सिकंदर रजा बोल्ड अश्विन | 01 | 02 | 0/0 |
| शाहरुख कै. बटलर बो. होल्डर | 11 | 10 | 1/0 |
| सैम करन नाबाद | 01 | 02 | 0/0 |

**अतिरिक्त** : 10

**विकेट पतन**: 1-90, 2-158, 3-159, 4-196.

**गेंदबाज** : ट्रेंट बोल्ट : 4-0-38-0, केएम आसिफ : 4-0-54-0, रविचंद्रन अश्विन : 4-0-25-1, जेसन होल्डर : 4-0-29-2, युजवेंद्र चहल : 4-0-50-1.

**राजस्थान : 192/7 (20ओवर )**

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जयसवाल कै. सिंह बो. शॉर्ट | 11 | 08 | 1/1 |
| अश्विन कै. धवन बो. सिंह | 00 | 04 | 0/0 |
| बटलर कै. बो. एलिस | 19 | 11 | 1/1 |
| संजू सैमसन कै.एलिस बो. शॉर्ट | 42 | 25 | 5/1 |
| देवदत्त पडिक्कल बोल्ड एलिस | 21 | 26 | 1/0 |
| पराग कै. खान बो. एलिस | 20 | 12 | 1/2 |
| हेटमायर रन आउट खान/करन | 36 | 18 | 1/3 |
| ध्रुव जुरेल नाबाद | 32 | 15 | 3/2 |
| जेसन होल्डर नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त** :07

**विकेट पतन**: 1-13, 2-26, 3-57, 4-91, 5-121 6-124, 7-186.

**गेंदबाज**: सैम करन : 4-0-44-0, अर्शदीप सिंह : 4-0-47-2, हरप्रीत ब्रार : 2-0-15-0, नाथन एलिस : 4-0-30-4, राहुल चाहर : 4-0-31-0, सिकंदर रजा : 2-0-24-0.

## आखिरी सांस तक लड़ा राजस्थान, लेकिन पंजाब ने 5 रनों से मारी बाजी



शिखर धवन
रन 86
गेंद 56
चौका 09
छक्का 03

एजेंसी

**गुवाहाटी।** आइपीएल 2023 में पंजाब किंग्स ने लगातार दूसरी जीत हासिल कर ली है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुवाहाटी में खेले गए मुकाबले को पंजाब ने 5 रनों से अपने नाम किया। पहले बैटिंग करते हुए शिखर धवन की टीम ने 4 विकेट पर 197 रन बनाए। जवाब में राजस्थान के बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाए। टीम 20 ओवर में 192 रन ही बना सकी। यह टूनार्मेंट में पिछले साल की रनरअप राजस्थान की पहली हार है।

**पंजाब ने की थी तूफानी शुरुआत**

सलामी बल्लेबाजों कप्तान शिखर धवन और प्रभसिमरन सिंह के अर्धशतकों से पंजाब किंग्स को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। धवन ने 56 गेंद में नौ चौकों और तीन छक्कों से नाबाद 86 रन की पारी खेलने के अलावा प्रभसिमरन (34 गेंद में 60 रन, सात चौके, तीन छक्के) के साथ पहले विकेट के लिए 90 और जितेश शर्मा (27) के साथ दूसरे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी भी की। रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। प्रभसिमरन ने पारी के दूसरे ओवर में केएम आसिफ पर छक्के के साथ अपने तेवर दिखाए और फिर इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में तीन चौकों और एक छक्के से 19 रन जोड़े। धवन ने भी ट्रेंट बोल्ट पर लगातार दो चौके मारे। प्रभसिमरन ने अश्विन पर लगातार दो चौकों से पांचवें ओवर में टीम का स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया। पंजाब ने पावरप्ले में बिना विकेट खोए 63 रन बनाए। प्रभसिमरन ने युजवेंद्र चहल की गेंद पर दो रन के साथ सिर्फ 28 गेंद में पहला आईपीएल अर्धशतक पूरा किया। प्रभसिमरन ने बोल्ट पर एक और छक्का जड़ा लेकिन होल्डर की गेंद पर जोस बटलर को कैच दे बैठे।

**धवन के शॉर्ट से भानुका हुए चोटिल**

भानुका राजपक्षे सिर्फ एक रन बनाने के बाद धवन के शॉट पर गेंद दाएं हाथ में लगने से रिटायर्ड हर्ट हो गए। जितेश शर्मा ने चहल पर दो चौकों के साथ 12वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया जबकि इसी ओवर में धवन ने भी गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया। धवन ने चहल पर लगातार दो चौकों के साथ 36 गेंद में 48वां आईपीएल अर्धशतक बनाया। उनके नाम पर आइपीएल में 50 रन से अधिक के 50 स्कोर हो गए। वह डेविड वार्नर और विराट कोहली के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले सिर्फ तीसरे खिलाड़ी हैं। जितेश हालांकि चहल की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में बाउंड्री पर रियान पराग को कैच दे बैठे। चहल इसके साथ ही ड्वेन ब्रावो के बाद आईपीएल के दूसरे सबसे सफल गेंदबाज बन गए। अश्विन ने इसके बाद सिकंदर रजा (01) को बोल्ड किया लेकिन धवन ने अंतिम ओवरों में कुछ अच्छे शॉट खेले। राजस्थान के लिए जेसन होल्डर ने 2 जबकि चहल और अश्विन ने 1-1 विकेट लिये।



**हेटमायर व जुरेल की तूफानी बैटिंग**

जवाब में खेलने उतरी राजस्थान रॉयल्स ने लगातार विकेट खोये। जोस बटलर की जगह सलामी बल्लेबाज करने उतरे अश्विन खाता भी नहीं खोल पाए। पारी की पहली गेंद पर छक्का मारने वाले यशस्वी 11 और जोस बटलर 19 रन बनाकर आउट हुए। संजू सैमसन ने 25 गेंद पर 42 जबकि रियान पराग ने 12 गेंदों पर 20 रन बनाए। लेकिन देवदत्त पड्डीकल पिच पर जूझते रहे। उन्होंने 21 रन बनाने के लिए 26 गेंदों का सामना किया। आखिरी 4 ओवर में राजस्थान को जीत के लिए 69 रनों की जरूरत थी। क्रीज पर ध्रव जुरेल और शिमरोन हेटमायर थे।



मैन ऑफ द मैच
नाथन एलिस
4 ओवर
30 रन
4 विकेट

17वें ओवर में दोनों ने 16, 18वें ओवर में 19 और 19वें ओवर में 18 रन बना दिये। आखिरी ओवर में सैम करेन के खिलाफ उन्हें 19 रन बनाने थे। लेकिन सटीक गेंदबाजी के सामने राजस्थान 10 रन ही बना पाई। पंजाब ने मुकाबले को 5 रनों से अपने नाम कर लिया। नाथन एलिस ने 30 रन देकर बटलर, सैमसन, रियान पराग और पड्डीकल के विकेट लिये।

## रांची चैंपियंस लीग सीजन-4 खेलेगा रांची जीतेगा रांची

### जिमखाना क्लब क्रिकेट ग्राउंड में आज से



➲ रांची के 12 प्रतिष्ठित संस्थान इसमें ले रहे हैं हिस्सा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** एक तरफ देश में आइपीएल में क्रिकेट का बुखार सर चढ़कर बोल रहा है, वहीं दूसरी तरफ रांची में कैनवस क्रिकेट के सितारे भी अपना जलवा बिखेरने के लिए पूरी तैयारी के साथ अपना प्रदर्शन करने को बेकरार है। जेसीआई रांची द्वारा आयोजित आरसीएल-4 (रांची चैंपियंस लीग) का आयोजन जिमखाना क्लब क्रिकेट ग्राउंड रांची में 6 से 9 अप्रैल 2023 को किया जा रहा है। जिसमें रांची के 12 प्रतिष्ठित संस्थान हिस्सा ले रहे हैं। जेसीआइ के अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया, सेक्रेटरी तरुण अग्रवाल व डायरेक्टर्स स्पोर्ट्स अंकित जैन ने बुधवार को संयुक्त रुप से यह जानकारी प्रेस को दी। उन्होंने बताया कि यह टूर्नामेंट दूधिया रोशनी में खेला जाएगा। जिसमें कुल 12 लीग मैच, 2 सेमीफाइनल एवं 1 फाइनल मैच का आयोजन किया जाएगा। क्रिकेट के इस महासंग्राम में रांची के खिताब के लिए जैन युवा जागृति, जेसीआइ रांची, बी एन आई, आइसीएआइ, शारदा फाउंडेशन, सिख यूथ, झारखंड कंप्यूटर ट्रेडर एसोसिएशन, सी के डी, जिमखाना क्लब, गुजराती पटेल समाज, मानव फाउंडेशन एवं मारवाड़ी ब्राहम्ण समाज हिस्सा ले रहे हैं। 25 मार्च को टीम बिडिंग एवं 4 अप्रैल को ओपनिंग सेरेमनी का भी आयोजन संपन्न हुआ।

**इस आयोजन के मुख्य स्पॉनसर्स इस प्रकार हैं**

इसमें एसोसिएट स्पॉन्सर : ईटीसी किंग्स ऑफ ऑल स्पोर्ट्स, सीमा सुजुकी तथा प्राउड पार्टनर : हिलटॉप मोटर्स, कल्ट फिट, टीबी जेड, अनअकैडमी, औरोरविस्ता टेक्नोलॉजीस, शुभम घोष फोटोग्राफी, फेडरल बैंक, अल्पाइन मैंगो टैंगो हैं। इस चार दिवसीय आयोजन में मोहित वर्मा, अनिमेष निखिल, दीपक पटेल, अचिंत छाबड़ा, डायरेक्टर स्पोर्ट्स अंकित जैन, सेक्रेटरी तरुण अग्रवाल एवं अध्यक्ष अरविंद राजगढ़िया योगदान दे रहे हैं।




## आइसीसी रैंकिंग : शुभमन ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग, विरा़ कोहली 7वें स्थान पर

**दुबई।** भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल बुधवार को जारी ताजा आइसीसी वनडे खिलाड़ी रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंच गये। गिल के अलावा विराट कोहली और रोहित शर्मा भी शीर्ष 10 में शामिल हैं। कोहली भी एक पायदान के फायदे से सातवें स्थान पर पहुंच गये जबकि रोहित बल्लेबाजों की रैंकिंग में आठवें स्थान पर बरकरार हैं जिसमें पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम शीर्ष पर काबिज हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज शीर्ष 10 में बरकरार हैं, वह सूची में शामिल एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं। वह आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट के बाद तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के ऐडन मार्कराम 13 पायदान के फायदे से बल्लेबाजी सूची में 41वें स्थान पर और आल राउंडर सूची में 16 पायदान के लाभ से 32वें नंबर पर पहुंच गये हैं। दक्षिण अफ्रीका ने जोहानिसबर्ग में तीन मैच की श्रृंखला में नीदरलैंड को 2-0 से मात दी थी। न्यूजीलैंड के हेनरी निकोल्स बल्लेबाजी सूची में दो पायदान के फायदे से 69वें स्थान पर पहुंच गये। वहीं टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में सूर्यकुमार यादव ने भी बल्लेबाजी सूची में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है जबकि हार्दिक पांड्या आल राउंडर सूची में अपने दूसरे स्थान पर कायम हैं।

## आरसीबी के धुरंधरों से टकराएगी कोलकाता नाइट राइडर्स

एजेंसी

**कोलकाता।** अपने प्रमुख खिलाड़ियों के अनुपलब्ध होने से संतुलित टीम तैयार करने को लेकर जूझ रहा कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर गुरुवार को आइपीएल का 9वां मैच खेलने उतरेगी। नीतीश राणा की टीम मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। केकेआर ने अपने अभियान की शुरूआत पंजाब किंग्स के खिलाफ डकवर्थ लुईस पद्धति से सात रन की हार से की और इसके बाद उसे दो और झटके सहने पड़े। पहला बांग्लादेश के स्टार ऑलराउंडर शाकिब अल हसन पारिवारिक कारणों और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की प्रतिबद्धताओं के कारण टूनार्मेंट से हट गए जबकि इसके अगले दिन नियमित कप्तान और मुख्य बल्लेबाज श्रेयस अय्यर पूरे आईपीएल से बाहर हो गए क्योंकि उन्हें पीठ की अपनी चोट का ऑपरेशन करवाना है। हालांकि जेसन रॉय के आने से उनका टॉप ऑर्डर मजबूत होगा। केकेआर ने नीतीश राणा को कार्यवाहक कप्तान नियुक्त किया था। उसे अपने नियमित कप्तान की दूसरे चरण में वापसी की उम्मीद थी लेकिन अब जबकि वह टूनार्मेंट से बाहर हो गए हैं तब चंद्रकांत पंडित की कोचिंग वाली टीम नेतृत्व के संकट से भी जूझ रही है। राणा को दिल्ली की तरफ से सफेद गेंद की क्रिकेट में कप्तानी करने का अनुभव है और उनके सामने अब अपनी टीम को घरेलू मैदान पर वापसी दिलाने की बड़ी चुनौती है। केकेआर 1438 दिन के बाद ईडन गार्डंस पर अपना पहला मैच खेलेगा और माना जा रहा है कि फ्रेंचाइजी के मालिक शाहरुख खान भी इस दौरान उपस्थित रहेंगे। केकेआर ने अपने घरेलू मैदान पर अपना आखिरी मैच कोविड-19 महामारी से पहले 28 अप्रैल 2019 को खेला था जिसमें उसने मुंबई इंडियंस को 34 रन से हराया था। दोनों टीम इस मैच में उत्साह से लबरेज रहेंगी क्योंकि आरसीबी की टीम में दर्शकों के चहेते विराट कोहली शामिल हैं। अय्यर की अनुपस्थिति में केकेआर के बल्लेबाजी कमजोर हो गई है। पंजाब के खिलाफ पिछले मैच में उसकी पारी का आकर्षण आंद्रे रसेल और वेंकटेश अय्यर के बीच 50 रन की साझेदारी रही। केकेआर के लिए अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज की 22 रन की तेजतर्रार पारी भी सकारात्मक पहलू रही लेकिन गेंदबाजी में उसके मुख्य गेंदबाज टिम साउदी और सुनील नारायण ने रन लुटाए जो उसके लिए चिंता का विषय है।




## कप्तानी छोड़ने के बाद सहज लग रहें है कोहली: डिविलियर्स

**मुंबई।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और आरसीबी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी एबी डिविलियर्स का कहना है कि विराट कोहली इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी और राष्ट्रीय टीम के कप्तान की भूमिका छोड़ने के बाद इस सत्र में तनावमुक्त और खुश नजर आ रहे हैं। कोहली की बल्लेबाजी के संदर्भ में डिविलियर्स ने मीडिया से कहा, मैंने ज्यादा बदलाव नहीं देखा है, सब कुछ पहले जैसा है। तकनीक ठोस दिखती है, उसे क्रीज पर अच्छा संतुलन मिला है। उसमें अब भी काफी ऊर्जा है। मुझे बस यही लगता है कि इस सीजन में वह काफी तरोताजा दिख रहा है।

## पूर्व अंतरराष्ट्रीय भारतीय फुटबॉलर सैयद सबीर पाशा एआईएफएफ से तकनीकी निदेशक के रूप में जुड़े

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सैयद सबीर पाशा अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआइएफएफ) से तकनीकी निदेशक के रूप में जुड़ गए हैं। एआइएफएफ ने बुधवार को इसकी घोषणा की। पाशा पूर्णकालिक आधार पर इस पद पर नियुक्त होने वाले पहले भारतीय हैं। पाशा के पास घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने और कोचिंग करने का कई वर्षों का अनुभव है। पाशा का स्वागत करते हुए एआइएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, उनके अनुभव और उनके खेल और कोचिंग करियर के दौरान किए गए काम को देखते हुए, वह तकनीकी निदेशक बनने के योग्य उम्मीदवार हैं। हमें पूरा विश्वास है कि वह इस काम में प्रगति करेंगे और भारतीय फुटबॉल के तकनीकी मामलों में नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभाएंगे। एआईएफएफ के महासचिव शाजी प्रभाकरन ने कहा, सीनियर पेशेवर विन्सेंट सुब्रमण्यम उनका मार्गदर्शन करेंगे जो हमारे मुख्य तकनीकी अधिकारी हैं। पाशा ने 1993 के नेहरू कप में राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण किया और 12 मैच खेले। उन्होंने चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ 1995 के सैफ खेलों के फाइनल में महत्वपूर्ण गोल दागा था।

## एशियाई चैंपियनशिप : अनुज कुमार शिविर के लिए चुने गये

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पांच पहलवानों को ट्रायल में भाग लेने की अनुमति देने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के बाद पहलवान अनुज कुमार को आगामी एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के लिये कोचिंग शिविर में चुन लिया गया है। अदालत को बुधवार को यह जानकारी दी गई। इन पांचों पहलवानों ने कजाखस्तान में नौ से 14 अप्रैल तक होने वाले टूनार्मेंट के लिये हुए चयन ट्रायल में भाग लिया था। केंद्र सरकार के वकील ने पांच पहलवानों अनुज कुमार, चंदर मोहन, विजय, अंकित और सचिन मोर की याचिका पर यह बयान जस्टिस प्रतिभा एम सिंह के सामने दिया। भारतीय कुश्ती महासंघ ने पिछले महीने ट्रायल से उन्हें बाहर कर दिया था जिसके बाद उन्होंने अदालत की शरण ली। केंद्र सरकार के वकील मनीष मोहन ने कहा कि डब्ल्यूएफआई पर लगे यौन दुर्व्यवहार और मनमानी के आरोपों के मद्देनजर खेल मंत्रालय ने निगरानी समिति का गठन किया है जो अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंटों के लिये खिलाड़ियों का चयन भी कर रही है। समिति ने चयन के मानदंड तय किये हैं जिसकी जानकारी सभी को दे दी गई है। केंद्र द्वारा दाखिल जवाब में कहा गया- माननीय अदालत के नौ मार्च 2023 के आदेशानुसार निगरानी समिति ने पांचों याचिकाकताओं को चयन ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दे दी थी जो समिति ने 10 और 11 मार्च को कराये थे। ट्रायल के नतीजों के आधार पर अनुज कुमार को एशियाई चैंपियनशिप के लिये कोचिंग शिविर में चुना गया है।



**पेज एक का शेष**

### स्वास्थ्य सेवा सुदृढ़ करना...

रिम्स झारखंड के स्वास्थ्य की रीढ़ : सीएम ने इस मौके पर कहा कि रिम्स झारखंड के स्वास्थ की रीढ़ के रूप में खड़ा है। यहां अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस विश्वस्तरीय मशीनों का उदघाटन किया गया। हमारा संकल्प है कि हर एक व्यक्ति को बेहतर सुविधा मिले। सरकारी-गैर सरकारी समाजसेवी लोग भी काम कर रहे हैं। लेकिन, भारत और झारखंड के 70-80 प्रतिशत लोग ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। इनका विश्वास सरकारी व्यवस्था पर होती है। वे इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ही पहुंचते हैं। सरकार को संवेदनशील, मानवता की भूमिका और कल्याणकारी सोच के साथ आगे बढ़ना पड़ता है। सरकार सभी को समान नजरों से देखने का संकल्प लेती है। इसी दिशा में रिम्स परिसर में अलग-अलग विभागों में मशीनें लगायी है। हमारी सरकार ने पूर्व में भी आयुष चिकित्सकों की नियुक्ति की है। आने वाले समय में नर्सों, टेक्नीशियन व अन्य कर्मचारियों की भी नियुक्ति होगी। आपकी हर जरूरतों को सरकार पूरी करेगी।

### नेताओं के लिए...

सिंघवी ने अपनी दलील में कहा कि 2004-14 तक सिर्फ आधे मामलों में जांच हुई है। सिंघवी के अनुसार 2014-22 तक 121 नेताओं की जांच की गयी है, इनमें से 95 फीसदी विपक्षी नेता शामिल हैं। **क्या कहा मुख्य न्यायाधीश ने :** मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अगर आप किसी व्यक्तिगत मामला को सामने लाते हैं, तो वह उसे उस आधार पर देख सकते हैं। जज ने कहा कि नेताओं को किसी भी कानून के तहत छूट कैसे दी जा सकती है, कानून सबके लिए बराबर है, उसकी प्रक्रियाएं समाना हैं, किसी को भी उसके तहत सुरक्षा नहीं दी जा सकती है। सिंघवी ने यह भी दलील दी कि हम जिन 14 विपक्षी दलों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, वे 42 प्रतिशत मतदाताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनकी संख्या लगातार घटती जा रही है। इस पर जज ने कहा कि अगर आपका इशारा यह है कि विपक्षी दलों और नेताओं की संख्या घटती जा रही है, तो इसका जवाब राजनीति में है, न कि किसी कोर्ट में। **कांग्रेस एक्सपोज हो गयी :** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने इस मामले पर कहा कि जांच एजेंसियों को किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति के खिलाफ जांच करने का पूरा अधिकार है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भ्रष्ट लोगों का नेतृत्व कांग्रेस कर रही है और वह एक्सपोज हो गयी है। इससे यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस भ्रष्ट लोगों का नेतृत्व कर रही है।

## नेपोमनिशी और डिंग के बीच होगी विश्व शतरंज चैंपियनशिप



### शतरंज को मिलेगा नया विश्व विजेता

अब चूकी कार्लसन नहीं खेल रहे तो ऐसे में कैंडिडैट जीतकर विश्व चैंपियनशिप फाइनल पहुँचने वाले रूस के यान नेपोमनिशी और दूसरे स्थान पर रहे चीन के डिंग लीरेंन के बीच 9 अप्रैल से विश्व शतरंज चैंपियनशिप खेली जाएगी। 14 राउंड का यह क्लासिकल मुकाबला 29 अप्रैल तक खेला जाएगा और परिणाम नहीं निकलने पर 30 अप्रैल को टाईब्रेक खेला जाएगा। प्रतियोगिता की कुल पुरुस्कार राशि 18 करोड़ रुपेय होगी जिसमें विजेता को करीब 11 करोड़ तो हारने वाले को 6 करोड़ की राशि मिलेगी ।

एजेंसी

**अस्ताना, कजाकिस्तान।** सबसे बड़े ताज को त्यागने जा रहा है, विश्व खिताब को हासिल करना हर किसी का सपना होता है और कार्लसन नें भारत के विश्वनाथन आनंद को 2013 में पराजित कर यह खिताब हासिल किया था और उसके बाद फिर से आनंद (2014), रूस के सेरगी कार्याकिन (2016), यूएसए के फबियानों कारूआना (2018) और रूस के याननेपोमनिशी (2020) को मात देकर विश्व खिताब बरकरार रखा पर अब कार्लसन नें अगली विश्व चैंपियनशिप खेलने से इंकार कर दिया है और कारण है उनका अंदर से खुद को प्रेरित ना कर पाना, कार्लसन बॉबी फिशर के बाद ऐसा करने वाले शतरंज इतिहास के दूसरे खिलाड़ी होंगे, उन्होने अभी भी शीर्ष स्तर पर शतरंज खेलते रहने की मंशा जताई है और देखना होगा की कार्लसन के होते हुए नया विश्व चैंपियन खेल को कितना रोचक बनाता है।

## शतरंज : भारत के अभिजीत रहे तीसरे स्थान पर

**रेकेवेक, आइसलैंड।** दुनिया के 46 देशो के 401 खिलाड़ियों के बीच बीते दस दिनो से चल रहा रेकेवेक इंटरनेशनल शतरंज का 38वां संस्करण संपन्न हो गया है और इस बार इसका खिताब जीता है स्वीडन के शीर्ष ग्रांड मास्टर निल्स ग्रंडेलीयूस नें निल्स नें 9 राउंड में 6 जीत और 3 ड्रॉ के साथ अपराजित रहते हुए 7.5 अंक बनाये, आठवे राउंड में भारतीय ग्रांड मास्टर अभिजीत गुप्ता पर उनकी जीत निर्णायक साबित हुई। 7 अंको पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर टर्की के यिलमाज मुस्तफा दूसरे स्थान पर रहे जबकि भारत के अभिजीत तीसरे स्थान पर रहे। अभिजीत नें पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाया और उन्होने 2700 रेटिंग का प्रदर्शन करते हुए अपनी फीडे रेटिंग में 10 अंक और जोड़े अन्य भारतीय खिलाड़ियों में 6.5 अंको पर टाईब्रेक के आधार पर वी प्रणव दसवें, सिद्धान्त महापात्रा 12वें, बाला चंद्रा 15वें स्थान पर रहे। रेकेवेक ओपन एक वार्षिक शतरंज टूर्नामेंट है जो आइसलैंड की राजधानी में आयोजित होता है। 1964 से वर्ष 2008 तक यह हर दो साल में आयोजित होता था पर 2009 से इसे हर वर्ष आयोजित किया जा रहा है।



# बाइडन प्रशासन के कारण दुनिया को तृतीय विश्व युद्ध का करना पड़ सकता है सामना : ट्रंप

## पहले हुए गिरफ्तार, एक घंटे की सुनवाई के बाद जुर्माना लगाकर किये गये रिहा

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मौजूदा प्रशासन पर देश को तबाह करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि जो बाइडन प्रशासन के तहत दुनिया को तृतीय विश्व युद्ध का सामना करना पड़ सकता है, जिसमें परमाणु हथियारों का इस्तेमाल होने की आशंका है। ट्रंप (76) ने मंगलवार को एक मामले में आरोपित किये जाने के बाद अपने पहले सार्वजनिक भाषण में यह बात कही। उन्होंने मंगलवार को मैनहट्टन की एक अदालत में पेशी के दौरान कारोबारी रिकॉर्ड में हेरफेर करने संबंधी 34 संगीन आरोपों में खुद को निर्दोष बताया। ट्रंप अमेरिका के पहले पूर्व राष्ट्रपति हैं, जो



आपराधिक मामले की सुनवाई में घिरे हैं। इससे पहले ग्रांड ज्यूरी ने मामले की जांच में ट्रंप को दोषी पाया था और उन पर मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी।

ट्रंप 2016 के राष्ट्रपति पद के चुनाव प्रचार के दौरान एडल्ट फिल्मों की अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को मुंह बंद रखने के लिए धन देने के आरोपों से जुड़े आपराधिक मामले में सुनवाई के लिए मंगलवार को न्यूयॉर्क की मैनहैटन की अदालत में पेशी के लिए पहुंचे थे। इससे पहले मैनहैटन जिला अटॉर्नी के कार्यालय में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। अमेरिका के इतिहास में यह पहली बार हुआ है, जब किसी पूर्व राष्ट्रपति को आपराधिक मामले में गिरफ्तार किया गया। हालांकि, करीब एक घंटे की सुनवाई के बाद उन्हें रिहा कर दिया गया। उन पर 1.22 लाख डॉलर का जुमार्ना लगाया गया है। अब इस मामले में ट्रंप की व्यक्तिगत पेशी के साथ अगली सुनवाई चार दिसंबर को होगी। ट्रंप ने पूरे घटनाक्रम के लिए बाइडन सरकार को दोषी ठहराया है। कोर्ट से बाहर आने के बाद उन्होंने कहा, हमें अपने देश को बचाना है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि अमेरिका में ऐसा कुछ भी हो सकता है। मैंने जो एकमात्र अपराध किया है, वह निडर होकर अपने देश की उन लोगों से रक्षा करना है, जो इसे नष्ट करना चाहते हैं। ट्रंप ने कहा, हमारा देश नरक में जा रहा है।

रिपब्लिकन नेता ट्रंप ने फ्लोरिडा स्थित अपने मार-ए-लागो रिसॉर्ट में भाषण देते हुए कहा, बाइडन प्रशासन के नेतृत्व में पूरी तरह परमाणु शस्त्र आधारित तृतीय विश्व युद्ध की ओर बढ़ने की पूरी आशंका है। आप मानें या न मानें, हम इससे बहुत दूर नहीं हैं। ट्रंप ने कहा कि चीन, रूस, ईरान और उत्तर कोरिया ने मिलकर एक विनाशकारी गठबंधन बना लिया है।'

### अगली सुनवाई 4 दिसंबर को

डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ आपराधिक मामले में सुनवाई की अगली तारीख 4 दिसंबर तय की गयी है। इसमें ट्रंप को व्यक्तिगत रूप से पेश होना होगा। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, दिसंबर की अदालती सुनवाई के दौरान स्टेट सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जुआन एम मर्चेन मामले को खारिज करने की अपेक्षित याचिकाओं पर फैसला लेंगे। इसके मुताबिक, ट्रंप पर लगे आरोपों के बाद अभियोजकों ने कहा कि वह अगले 65 दिनों में पर्याप्त साक्ष्य पेश करने की उम्मीद करते हैं। ट्रंप की टीम के पास याचिका दायर करने के लिए 8 अगस्त तक का समय है और अभियोजन पक्ष 19 सितंबर तक जवाब दाखिल करेगा। न्यायाधीश मर्चेन ने कहा कि वह 4 दिसंबर को होने वाली अगली सुनवाई में याचिकाओं पर फैसला सुनायेंगे।

## स्पीड न्यूज

### राष्ट्रपति मुर्मू सुखोई 30 एमकेआइ लड़ाकू विमान में भरेंगी उड़ान

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 6 से 8 अप्रैल तक असम का दौरा करेंगी। इस दौरान वे सुखोई 30 एमकेआइ लड़ाकू विमान से उड़ान भी भरेंगी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार 7 अप्रैल को राष्ट्रपति काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में गज उत्सव-2023 का उद्घाटन करेंगी। आठ अप्रैल को राष्ट्रपति तेजपुर वायुसेना स्टेशन में सुखोई 30 एमकेआइ लड़ाकू विमान से उड़ान भरेंगी।

### ममता ने केंद्र से मांगी मदद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में रामनवमी की शोभायात्राओं पर हुए हमले और उसके बाद भड़की सांप्रदायिक हिंसा को लेकर चौतरफा आलोचना के बाद आखिरकार ममता बनर्जी की सरकार ने राज्य में कानून व्यवस्था बहाल रखने के लिए केंद्र सरकार से मदद मांगी है। बुधवार शाम के समय राज्य सचिवालय की ओर से केंद्रीय गृह मंत्रालय को इस संबंध में आवेदन पत्र भेजा गया है।

### देश में कोरोना के 4435 नये मरीज

**नयी दिल्ली।** देश में कोरोना के मामले एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगे हैं। पिछले 24 घंटे में कोरोना के 4,435 नये मरीज सामने आये हैं। इस दौरान 11 संक्रमित लोगों की मौत हो गयी। इस अवधि में 2,508 मरीज स्वस्थ हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार देश में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 23,091 हो गयी है।

### प्रचंड व माधव की पार्टियों में विलय के संकेत

**काठमांडू।** नेपाल में प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली सीपीएन (एमसी) और माधव कुमार नेपाल के नेतृत्व वाली सीपीएन (यूएस) के बीच विलय पर सहमति बनती दिख रही है। इस बात के संकेत माधव कुमार नेपाल ने दिये हैं।

### कोस्टा रिका, पनामा में भूकंप के झटके

**सैन जोस/ पनामा/ सैकरामेंटो।** मध्य अमेरिकी देशों कोस्टा रिका और पनामा में भूकंप के झटके महसूस किये गये। पनामा में भूकंप के कुछ देर बाद ही अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में भी भूकंप के झटके महसूस किये गये। कोस्टा रिका में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.4 नापी गयी।

### अर्धसैनिक बलों में पूर्व अग्निवीरों को आरक्षण

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) में 10 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया है। बुधवार को राज्यसभा में पूछे गये एक प्रश्न के लिखित जवाब में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया कि गृह मंत्रालय ने 6 मार्च को सीआइएसएफ विंग (अधीनस्थ रैंक) समूह ख और ग पद भर्ती नियम 2010 में संशोधन को अधिसूचित किया है।

# अरुणाचल पर दावा करने के चीनी प्रयासों का अमेरिका ने किया विरोध



**वाशिंगटन (हि.स.)।** भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश पर दावा करने के चीन के प्रयासों का अमेरिका ने दृढ़ता से विरोध किया है। अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रेस सचिव केरेन जीन पिएरे ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश के भीतर इलाकों के नाम बदलने जैसे कृत्यों का अमेरिका कड़ा विरोध करता है। बीते दिनों चीन ने भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश के 11 स्थानों के नाम बदलने का दावा किया है। इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए केरेन जीन पिएरे ने कहा कि अमेरिका भारतीय क्षेत्र अरुणाचल प्रदेश पर दावा करने के चीन के प्रयासों का दृढ़ता से विरोध करता है। यह निश्चित रूप से भारतीय क्षेत्र पर चीनी दावे का एक और प्रयास है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने लंबे समय से उस क्षेत्र को मान्यता दी है और इन इलाकों का नाम बदलकर क्षेत्र के दावे को आगे बढ़ाने के किसी भी एकतरफा प्रयास का अमेरिका कड़ा विरोध करता है। उन्होंने कहा कि यह ऐसा मसला है, जिस पर लंबे समय से अमेरिका अपने रुख पर कायम है।

### रक्षा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग बढ़ाने में मदद करेंगे नये अमेरिकी राजदूत

**वाशिंगटन।** भारत में अमेरिका के नये राजदूत एरिक गासेर्टी इसी माह (अप्रैल में) भारत में कामकाज संभाल सकते हैं। इस उम्मीद के बीच अमेरिका ने कहा है कि भारत में नये अमेरिकी राजदूत दोनों देशों के बीच रक्षा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने में मदद करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति की प्रेस सचिव केरेन जीन पिएरे ने कहा कि नये राजदूत भारत और अमेरिका के संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम करेंगे। साथ ही, भारत और अमेरिका के बीच रक्षा, आर्थिक आदि क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ायेंगे। पिएरे ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति पहले ही भारत के साथ संबंधों को दुनिया में सबसे ज्यादा अहमियत देने की बात कह चुके हैं।

## सूचना और प्रसारण मंत्रालय की अमेजन इंडिया के साथ एमओयू

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बुधवार को मीडिया, मनोरंजन और जन जागरूकता के क्षेत्र में अमेजन इंडिया के साथ साझेदारी की है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत की एक प्राचीन सभ्यता होने के नाते इसमें लाखों अनसुनी कहानियां मौजूद हैं, जिन्हें अभी सुनाया जाना बाकी है। कहानियों का दायरा भी काफी विशाल है। इसमें आध्यात्मिकता से लेकर सॉफ्टवेयर, परंपराओं से लेकर चलन तक, लोककथाओं से लेकर त्योहारों तक



और ग्रामीण भारत से लेकर उभरते भारत तक एक विशाल डोमेन को कवर करता है। उन्होंने कहा कि हाल ही में भारतीय सामग्री को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सफलता मिली है और भारतीय अभिनेताओं ने विदेशी दर्शकों के बीच उच्च लोकप्रियता हासिल की है।

### नाटो में शामिल हुआ फिनलैंड, रूस को झटका

**ब्रसेल्स/ लंदन।** दुनिया के सबसे बड़े सुरक्षा गठबंधन उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) सूची में मंगलवार को फिनलैंड शामिल हो गया। फिनलैंड के नाटो में शामिल होने को रूस के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। वहीं, ब्रिटेन के राष्ट्रपति सुनक ने फिनलैंड को नाटो में शामिल होने पर बधाई दी है। यूक्रेन पर रूस के हमले के बीच नाटो के विस्तार के बड़े रणनीतिक मायने निकाला जा रहा है।

## भारत-जापान रक्षा, अंतरिक्ष और साइबर क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और जापान ने रक्षा, अंतरिक्ष और साइबर जैसे नये और उभरते क्षेत्रों में सहयोग करने पर सहमत जतायी है। रक्षा सचिव ने 'मेक इन इंडिया' के तहत भारत में निवेश के अवसरों को देखने के लिए जापानी उद्योगों को आमंत्रित किया है। दोनों देशों ने रक्षा वार्ता और अभ्यासों के माध्यम से सेनाओं के बीच बढ़ते सहयोग को सराहा।

भारत के रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और जापान के अंतरराष्ट्रीय मामलों के रक्षा उपमंत्री ओका मसामी ने बुधवार को नयी दिल्ली में 7वीं भारत-जापान रक्षा नीति वार्ता की सह-अध्यक्षता की।



भारत-जापान रक्षा नीति वार्ता के दौरान सैनिक अभ्यास और अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों, रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी में सहयोग सहित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। जापानी उप मंत्री ने हाल ही में जारी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति और राष्ट्रीय रक्षा रणनीति के नीति संबंधी अपडेट भी प्रस्तुत किये।

दोनों देशों ने रक्षा वार्ता और अभ्यासों के माध्यम से सेनाओं के बीच बढ़ते सहयोग को सराहा। इस साल जनवरी में भारतीय वायु सेना और जापानी वायु आत्मरक्षा बल के बीच जापान में हुए औपचारिक लड़ाकू अभ्यास 'वीर गार्जियन' को सराहते हुए संबंधित रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया गया। रक्षा सचिव ने जोर देकर कहा कि दोनों देशों को अपने-अपने रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग मजबूत करने का लक्ष्य रखना चाहिए। उन्होंने 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत भारत में निवेश के अवसरों को देखने के लिए जापानी रक्षा उद्योगों को भी आमंत्रित किया।

दोनों पक्ष रक्षा, अंतरिक्ष और साइबर जैसे नये और उभरते क्षेत्रों में विविध सहयोग पर सहमत हो गये। भारत और जापान ने मजबूत रक्षा साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी और द्विपक्षीय सहयोग को और बढ़ाने के अवसर पता लगाने पर सहमत हुए। दोनों पक्षों ने पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तारीखों पर अगली रक्षा नीति वार्ता आयोजित करने पर भी सहमति व्यक्त की। रक्षा नीति वार्ता द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर चर्चा करने के लिए भारत और जापान के बीच एक संस्थागत तंत्र है।

# रवीना टंडन और एमएम कीरवानी को राष्ट्रपति ने दिया पद्मश्री पुरस्कार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन और एमएम कीरवानी को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अवॉर्ड सौंपे। म्यूजिक कंपोजर एमएम कीरावनी ने 'नाटू नाटू' गाने को कंपोज किया था, जिसे हाल में ओरिजनल सांग कैटेगरी में ऑस्कर अवॉर्ड मिला है। ये अवॉर्ड समारोह बुधवार को राष्ट्रपति भवन में हुआ।

इस साल की शुरुआत में जब रवीना टंडन के नाम की घोषणा हुई थी, तो उन्होंने कहा था, वह आज जो भी हैं, वह अपने दिवंगत पिता रवि टंडन की वजह से हैं। ईटाइम्स से बात करते हुए उन्होंने कहा था कि, भारत सरकार, मेरे योगदान, मेरे जीवन, मेरे जुनून और उद्देश्य - सिनेमा और कला को स्वीकार करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद, जिसने मुझे न केवल फिल्म इंडस्ट्री में, बल्कि इससे परे भी योगदान करने की अनुमति दी। मैं उन सभी को धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने सिनेमा की कला और शिल्प की इस यात्रा के माध्यम से मेरा मार्गदर्शन किया। वे सभी जिन्होंने इसके माध्यम से मेरा हाथ थामे रखा,



और वे सभी जिन्होंने मुझे अपनी जगह से देखा। मैं इसका श्रेय अपने पिता रवि टंडन को देती हूं।

म्यूजिक कंपोजर एमएम कीरावनी यह खबर मिली थी कि उन्हें पद्म श्री से सम्मानित किया जाएगा, तो उन्होंने ट्वीट किया था, इस अवसर पर भारत सरकार के नागरिक पुरस्कार से बहुत सम्मानित मेरे माता-पिता और कवितापु सीताम्मा गरु से लेकर कुप्पला बुल्ली स्वामी नायडू गरु तक मेरे सभी गुरुओं का सम्मान करता हूं। कीरावनी को तेलुगु, तमिल और हिंदी में गाने बनाने के लिए जाना जाता है। उनके कुछ हिट हिंदी गानों में तू मिले दिल खिले, गली में आज चांद निकला और ओ साथिया शामिल हैं।

## कोर्ट ने लगायी शाही ईदगाह मस्जिद अमीन सर्वे पर रोक

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामला

**मथुरा (हि.स.)।** श्री कृष्ण जन्मस्थान-ईदगाह मामला में हिन्दू सेना के विष्णु गुप्ता की ओर से दायर वाद में शाही ईदगाह मस्जिद का सर्वे कराने के आदेश दिए थे। आदेश होने के बाद मुस्लिम पक्ष द्वारा दाखिल प्रार्थना पत्र पर बुधवार सुनवाई हुई, जिसमें सिविल जज सीनियर डिवीजन एफटीसी नीरज गौड़ सर्वे पर रोक लगा दी है। ये आदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा दिए गए प्रार्थना पर दिये गये। अगली सुनवाई के लिए 11 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गयी है। श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामले पर सोमवार को सुनवाई करते हुए सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट ने विवादित स्थल का अमीन सर्वे के आदेश जारी किये थे। इस आदेश के खिलाफ मंगलवार को सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अधिवक्ता जीपी निगम ने एक प्रार्थना पत्र अदालत में दाखिल किया था। इसमें था कि वादी पक्ष ने तथ्यों को छिपाते हुए अमीन सर्वे का आदेश हासिल किया है।

## अनुष्का का करियर बर्बाद करना चाहते थे करण जौहर

**बॉलीवुड** के निमार्ता और निर्देशक करण जौहर एक बार फिर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो की वजह से चर्चा में हैं। करण जौहर पर अक्सर कई एक्टर्स का करियर बर्बाद करने के आरोप लगते रहे हैं। करण जौहर ने अनुष्का शर्मा का करियर तबाह करने की कोशिश की थी। इस बात को खुद करण जौहर ने इस वायरल हो रहे वीडियो में माना है। दरअसल, अनुष्का शर्मा की पहली फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' के लिए करण जौहर सोनम कपूर को कास्ट करना चाहते थे। उन्होंने इस संबंध में आदित्य चोपड़ा से अनुरोध किया था, लेकिन उस वक्त आदित्य चोपड़ा ने



अनुष्का शर्मा को फिल्म में कास्ट कर लिया था। करण जौहर ने 2016 में 18वें ममी फेस्टिवल में कबूला था कि 'मैं सच में अनुष्का शर्मा का करियर बर्बाद करना चाहता था, क्योंकि जब आदित्य चोपड़ा ने मुझे तस्वीर दिखायी तभी मैंने आदित्य को सलाह दी कि वह उसे न ले। उस वक्त मेरे दिमाग में अनुष्का की जगह किसी दूसरी एक्ट्रेस का नाम था।' करण ने कहा कि 'अनुष्का की फिल्म 'बैंड बाजा बारात' देखने के बाद मैंने खुद अनुष्का को फोन किया, क्योंकि मुझे लगा कि उससे माफी मांगने के साथ ही उनकी सराहना करनी चाहिए। अगर उन जैसी महान अभिनेत्री का करियर बर्बाद हो जाता, तो मैं खुद को माफ नहीं कर पता।' ऑनलाइन साइट पर करण का ये वीडियो एक बार फिर से वायरल हो रहा है। इस वीडियो को देखने के बाद लोगों ने करण को फिर से ट्रोल कर दिया है। करण जौहर अब फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' से बतौर निर्देशक वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर सिंह और आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में हैं।







### बिहार के मिथिला मखाना को मिला जीआइ टैग

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** देश में केरल को सबसे ज्यादा उत्पादों के लिए भौगोलिक संकेतक (जीआइ टैग) मिला है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान सबसे अधिक संख्या में उत्पादों के लिए जीआइ टैग का दर्जा पाने वाले राज्यों में केरल शीर्ष पर रहा है। बुधवार को जीआइ रजिस्ट्री के जारी आंकड़ों के मुताबिक बिहार के मिथिला मखाना, महाराष्ट्र को अलीबाग के सफेद प्याज, तंदूर लाल चना, लद्दाख की रक्तसे कारपो खुबानी, असम के गमोसा (गमछा) को भी जीआइ का दर्जा दिया गया है। इनके अलावा स्थानीय स्तर पर बनायी जाने वाली स्पेन की ब्रांडी डे जेरेज और इटली के प्रोवोलोन वालपादान (एक प्रकार का पनीर) को भी यह सम्मान मिला है।

## वाणिज्य की खबरें

## सोने का भाव 1025 रुपये उछलकर रिकॉर्ड 61,080 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच दिल्ली के सरार्फा बाजार में सोने का भाव 1,025 रुपये उछलकर रिकार्ड 61,080 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,055 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। चांदी भी 1,810 रुपये की तेजी के साथ 73,950 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गयी है।

ऑल इंडिया ज्वैलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन (एआइजेजीएफ) के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने बुधवार को बताया कि दिल्ली के बाजार में सोने का हाजिर भाव 1,025 रुपये की तेजी



के साथ 61,080 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। उन्होंने कहा कि सोना अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर 61 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। अरोड़ा ने कहा कि चांदी की कीमत भी 1,810 रुपये की तेजी के साथ 73,950 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गयी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना मजबूती के साथ 2,027 डॉलर प्रति औंस हो गया है, जबकि चांदी भी बढ़त के साथ 24.04 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गयी। उल्लेखनीय है कि पिछले साल अक्टूबर में सोने का भाव करीब 50 हजार रुपये प्रति दस ग्राम था। इस तरह छह महीने में सोने में निवेश करने वालों को 20 फीसदी से ज्यादा का रिटर्न मिला है। सोने की कीमत में आयी इस तेजी का एक कारण ग्लोबल मंदी की आशंका है, जिससे इसकी डिमांड में तेजी आयी है।

### स्टैंड-अप इंडिया योजना के तहत 7 साल में 40,700 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि का आवंटन

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने स्टैंड-अप इंडिया (एसयूपीआइ) योजना के तहत 7 साल के दौरान 1,80,630 से अधिक खातों में 40,700 करोड़ रुपये से अधिक की राशि आवंटित की है। इस योजना की शुरुआत 5 अप्रैल, 2016 को की गई थी, जिसे वर्ष 2025 तक के लिए बढ़ाया गया है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। एसयूपीआइ योजना की सातवीं वर्षगांठ के अवसर पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह योजना अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के बीच उद्यमशीलता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सीतारमण ने कहा कि यह मेरे लिए बेहद गर्व और संतोष की बात है कि इस योजना के तहत 1.8 लाख से अधिक महिलाओं तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए 40,600 करोड़ रुपये से अधिक राशि के ऋण स्वीकृत किये गये हैं।

### बीएसइ सेंसेक्स 583 अंक उछला

**नयी दिल्ली।** मिले-जुले वैश्विक संकेतों के बीच शेयर बाजार बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसइ) का सेंसेक्स 582.87 अंक यानी 0.99 फीसदी उछलकर 59,689.31 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसइ) का निफ्टी 159 अंक यानी 0.91 फीसदी की बढ़त के साथ 17,557.05 के स्तर पर बंद हुआ। शेयर बाजार में तेजी से निवेशकों की दौलत में करीब 2 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है।कारोबार के अंत में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 शेयरों में तेजी रही, जबकि 9 शेयरों में गिरावट देखने को मिली।